हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार 17.02.2025 वर्ष 12, अंक 47
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
कल के लिए सबसे अच्छी तैयारी यही है, की आज अच्छा करो!

## क्विक न्यूज

### आंध्र प्रदेश में मां ने बेटे की हत्या कीः शव के 5 टुकड़े कर नहर में फेंका

**नयी दिल्ली :** आंध्र प्रदेश के मां ने बहन के साथ मिलकर अपने बेटे की हत्या की। इसके बाद शव के 5 टुकड़े किए और नहर में फेंक दिए। आरोपी मां लक्ष्मी देवी (57) और उसकी बहन फरार है। घटना राज्य के प्रकासम जिले की है। स्कृए.आर दामोदर के मुताबिक, घटना 13 फरवरी की है। मृतक का नाम श्याम (35) है। वो पेशे से क्लीनर था। आरोपी मां और उसकी बहन फरार हैं। स्क्रके मुताबिक परिवार श्याम की हरकतों से परेशान था। पूछताछ में सामने आया है कि उसकी शादी नहीं हुई थी। उसने अपनी मौसी और अन्य रिश्तेदारों से रेप की कोशिश की थी। मौसी और दूसरी महिलाओं से अश्लील हरकत की पुलिस की जांच में सामने आया कि श्याम बेंगलुरु में रिश्तेदारी के यहां गया था। यहां उसने महिलाओं से गलत हरकत की थी। इसके अलावा हैदराबाद और नरसारोपेट में रहने वाली अपनी मौसी के साथ रेप की कोशिश कर चुका था। रिश्तेदारों के अलावा भी उसने अन्य महिलाओं से छेड़खानी की थी।

### चीनी मूल का अमेरिकी नागरिक हजारों डॉलर और कई मोबाइल फोन के साथ काठमांडू हवाईअड्डे से गिरफ्तार

**काठमांडू :** काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर बीती रात सुरक्षाकर्मियों ने एक चीनी मूल के अमेरिकन पासपोर्टधारी व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 12 हजार रुपए अमेरिकी डॉलर के अलावा कई मोबाइल फोन और दर्जनों सिमकार्ड भी बरामद हुआ। शनिवार देर शाम काठमांडू हवाईअड्डे पर सिक्योरिटी चेक के दौरान चीनी मूल के अमेरिकी नागरिक नी यान के हैंड बिग से अवैध अमेरिकी डॉलर बरामद किया गया। नेपाल पुलिस के एसएसपी और हवाईअड्डा सुरक्षा बल के प्रमुख कृष्ण शर्मा पोखरेल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के पास से 12 हजार अमेरिकी डॉलर मिला है जिसके स्रोत के बारे में वो कुछ भी नहीं बता पा रहा है। एसएसपी पोखरेल ने यह भी बताया कि नी यान के पास अमेरिकी डॉलर के अलावा 20 आईफोन और विभिन्न देशों के 25 सिमकार्ड भी बरामद हुए। पुलिस ने यह भी बताया कि इनमें से किसी के भी बारे में गिरफ्तार व्यक्ति कुछ भी नहीं बता रहा है।

### पलामू टाइगर रिजर्व में हाथी की मौत

**लातेहार :** पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत गारू पश्चिमी वन क्षेत्र में एक जंगली हाथी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद रविवार को वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि हाथी के पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत का कारण पता चल पाएगा। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को वन विभाग को सूचना मिली कि वन क्षेत्र के बीसी 10 में एक हाथी की मौत हो गई है। सूचना के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। बाद में डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष के निर्देश पर मृतक हाथी के पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सकों की टीम के साथ वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जाता है कि हाथी की मौत बीती रात ही हो गई है। घटनास्थल पर कुछ खून के छींटें भी मिले हैं। इधर इस संबंध में डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष ने बताया कि संभावना जताई जा रही है कि हाथियों के आपसी संघर्ष में यह घटना हुई होगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल वन विभाग पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### तेज रफ्तार वैगनआर गैस टैंकर से टकराई, दो की मौत, एक घायल

**लोहरदगा :** गिरिडीह के निमियाघाट थाना क्षेत्र के प्रतापपुर के समीप जीटी रोड पर रविवार को एक तेज रफ्तार वैगनआर कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार के गैस टैंकर से पीछे से टकराने के कारण उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वैगन कार से पश्चिम बंगाल के लालपुर निवासी मनावेन्द्र सरदार, नारू दास और सुब्रतो हलदा किसी मामले को लेकर गोरहर थाना जा रहे थे। इसी दौरान प्रतापपुर के समीप कार पहले से खड़ी गैस टैंकर से पीछे से टकरा गई। इस दुर्घटना में मनावेन्द्र सरदार (42) और कार चालक नारू दास (50) की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं सुब्रतो हल्दा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को डुमरी रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद धनबाद रेफर कर दिया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिये डुमरी रेफरल अस्पताल पहुंचाया और दोनों शव को थाना ले गयी। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है।

### रांची का तापमान

अधिकतम 38°
न्यूनतम 26°

---

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत, आर्थिक मदद की घोषणा

# दो सदस्यीय समिति ने शुरु की हादसे की जांच

**मृतक परिजनों को 10 लाख**
**गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख**
**और मामूली रूप से घायलों को 1-1 लाख देने की घोषणा**


**अप्रत्याशित रूप से यात्रियों की संख्या बढ़ने और बेकाबू भीड़ के कारण हुआ हादसा**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की जांच के लिए दो सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है। इसमें उत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक नरसिंह देव के नेतृत्व में प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त पंकज गंगवार शामिल हैं। रेल मंत्रालय के अनुसार समिति ने अपनी जांच शुरू कर दी है और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सभी वीडियो फुटेज पूरी तरह सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। हादसे के बाद आज सुबह रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। उल्लेखनीय है कि कल रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ के कारण मची भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हैं। यह घटना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में भीड़ के कारण शनिवार रात अचानक भगदड़ मच गई। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं 12 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। भारतीय रेलवे की तरफ से मृतक परिजनों की आर्थिक मदद की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित सभी प्रमुख हस्तियों ने मरने वालों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। शनिवार रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 12, 13, 14, 15 और 16 पर भारी भीड़ के कारण यह हादसा हुआ। दिल्ली पुलिस ने 18 लोगों की मौत की पुष्टि की है जिनमें 14 महिलाएं हैं। एलएनजेपी अस्पताल में 15 और लेडी हार्डिंग अस्पताल में 3 लोगों को मृत घोषित किया गया।

#### कई लोगों की ट्रेन छूटी

नई दिल्ली स्टेशन पर भीड़ की वजह से कई लोगों की ट्रेन छूट गई। लोगों ने बताया कि उन्हें अन्य ट्रेन से अपने गंतव्य तक जाना था लेकिन भीड़ की वजह से वह प्लेटफार्म के भीतर नहीं जा पाए और उनकी ट्रेन छूट गई। लोगों ने बताया कि रस्ते बंद करने की वजह से वह यहां से वहां भटकते रहे।



#### सभी मृतकों की पहचान हुई

बक्सर बिहार निवासी आहा देवी (79), संगम विहार दिल्ली निवासी पिंकी देवी (41), सरिता विहार निवासी शीला देवी (50), बवाना दिल्ली निवासी व्योम (25), बिहार निवासी पूनम (40), बिहार निवासी ललिता देवी (35), मुजफ्फरपुर बिहार निवासी सुरुचि (11), समस्तीपुर बिहार निवासी कृष्णा देवी (40) समस्तीपुर बिहार निवासी विजय साह (15), वैशाली बिहार निवासी नीरज (12), नवादा बिहार निवासी शांति देवी (40), नवादा बिहार निवासी पूजा (8), भिवानी हरियाणा निवासी संगीता मलिक (34), महावीर एन्क्लेव निवासी पूनम (34), नांगलोई दिल्ली निवासी ममता झा (40), सागरपुर दिल्ली निवासी रिया सिंह (7), बिजवासन दिल्ली निवासी बेबी (24) और नांगलोई दिल्ली निवासी मनोज (47) के रूप में हुई है। आर्थिक मदद की घोषणाभारतीय रेलवे ने मृतक परिजनों के लिए आर्थिक मदद की घोषणा की है।

#### हादसे पर राजनीति भी शुरू

##### नई दिल्ली स्टेशन हादसा रेलवे की बड़ी नाकामी, कांग्रेस ने मांगा रेल मंत्री से इस्तीफा

नई दिल्ली : कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे को सीधे तौर पर रेलवे की नाकामी करार देते हुए रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से इस्तीफा मांगा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस दुखद घटना के पीड़ितों के आंकड़ों को रेलवे प्रशासन छिपा रहा है।

##### दिल्ली भाजपा ने किए सभी राजनीतिक आयोजन स्थगित

**नई दिल्ली :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ की दुखद घटना के बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसदगण एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं ने 16 फरवरी के सभी राजनीतिक आयोजन स्थगित कर दिए हैं। दिल्ली भाजपा दुखद घटना के पीड़ित लोगों की सहायतार्थ हर संभव प्रयास करेगी। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भगदड़ में घायल हुए लोगों से एलएनजेपी अस्पताल में मुलाकात करके उनका हाल जाना। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं जताईं।

##### आआपा ने रेलमंत्री पर किया हमला

आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेता और सांसद संजय सिंह ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ को भाजपा सरकार और रेलमंत्री पर हमला किया। उन्होंने कहा कि हर बार हादसे के बाद भाजपा सरकार लीपापोती करने में लग जाती है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर कब सरकार और रेलमंत्री की जवाबदेही तय होगी। संजय सिंह ने कहा कि देश में जब भी ऐसी कोई घटना होती है, तो भाजपा सरकार की पहली प्रतिक्रिया घटना को दबाने की होती है। इतने सारे लोगों की जान चली गई, फिर भी मौतों की संख्या को कम करके आंक रहे हैं।

---

### पीएम किसान सम्मान निधि में बड़ा घोटाला, किसानों से करोड़ों की वसूली

**हमीरपुर :** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में पीएम किसान सम्मान निधि में बड़ी अंधेरगर्दी सामने आई है। नियमों को ताक पर रखकर किसान दंपती को ही यह सौगात दिए जाने से डिपार्टमेंट में हड़कंप मचा हुआ है। शासन ने अब सवा दो हजार से अधिक दंपती किसानों से रिकवरी कराने के लिए हरी झंडी दे दी है। यहां डिपार्टमेंट ने भी पीएम किसान सम्मान निधि के तहत दी गई साढ़े चार करोड़ रुपये की वसूली के लिए नोटिस भी जारी कर दी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के अन्नदाताओं को छह साल पहले बड़ी सौगात दी थी। गरीब और मध्य वर्गीय किसानों को बदहाली से निजात दिलाने के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया गया था। किसानों को इस योजना के तहत सालाना 6 हजार रुपये दिए जाते हैं। हमीरपुर जिले में दो लाख तेइस हजार तीन सौ किसान खेतीबाड़ी करते हैं। हालांकि दो लाख पांच हजार चार सौ पंद्रह किसान मौजूदा में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत चयनित हैं। उपनिदेशक कृषि हरीशंकर भार्गव ने बताया कि दो लाख पांच हजार चार सौ पंद्रह किसानों को पहली किस्त की धनराशि दी जा चुकी है। वहीं दो लाख दो सौ सड़सठ किसानों को द्वितीय किस्त की धनराशि दी गई है। एक लाख छियानवे हजार चार सौ पांच किसान तृतीय किस्त की सम्मान राशि ले चुके है। इसी तरह से एक लाख छियासी हजार चार सौ अड़तीस किसानों के खाते में चौथी किस्त की धनराशि डिपार्टमेंट की ओर से दी जा चुकी है। वहीं अभी तक 18वीं किस्त की धनराशि किसानों को दी गई है। बताया कि अभी तक किसानों को पांच अरब चौहत्तर करोड़ अठहत्तर लाख रुपये की धनराशि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत दी गई है।

---

### सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संदीप मेहता ने बासुकीनाथ में किया पूजा-अर्चना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** विश्वप्रसिद्ध तीर्थस्थल बासुकीनाथ धाम में फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि, रविवार को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संदीप मेहता ने सपत्नीक पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर जस्टिस मेहता को पत्नी सुमन मेहता संग पंडित कुंदन पत्रलेख ने विद्वान पंडितों की सान्निध्य में वैदिक मंत्रोचार के बीच बाबा फौजदारी नाथ का जलाभिषेक कराया। पूरे विधि विधान के साथ बासुकीनाथ की पूजा के बाद माता पार्वती सहित समस्त देवी देवताओं की आराधना किया। इसके उपरांत मंदिर प्रांगण में पूरे भक्ति भाव से शिव-पार्वती एवं अन्य देवी देवताओं की आरती उतारी गई। उधर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के आगमन को देखते हुए तीर्थ नगरी की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था नजर आई। जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ न्यायिक सेवा के अधिकारी मंदिर में मौजूद थे। इस दौरान एडीजे-1 रमेश चंद्र, देवघर जिला सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार, एसडीजेएम मोहित चौधरी, रजिस्टार प्रतीक कुमार, एसपी पीतांबर सिंह खेरवार, एसडीएम कौशल कुमार एसडीपीओ जरमुंडी अमित कच्छप, डीएसपी देवघर अशोक कुमार, नाजीर पेशकार बालेंदु झा, शैलेंद्र सिंह, राजेश रावत सहित पंडा पुरोहित समाज के प्रतिनिधि व पुलिस बल मौजूद थे।

### महाकुंभ में स्नान कर अयोध्या जाते समय भयानक हादसा
## 4 की मौत, 16 घायल



एजेंसी

**नांदेड़ :** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाने की सीमा में बड़ा हादसा हुआ है। प्रयागराज कुंभ मेले में स्नान के बाद अयोध्या जा रही एक टेंपो ट्रैवलर बस सड़क पर जर्जर हालत में खड़ी एक बस से टकरा गई। इस दुर्घटना में कुल चार लोगों की मौत हो गई। इनमें से तीन लोग नांदेड़ और एक हिंगोली जिले के रहने वाले थे। बताया गया है कि रविवार सुबह 5:30 बजे कुंभ मेले में स्नान करने के बाद नांदेड़ और आसपास के इलाकों से कुछ लोग रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहे थे। यह रूप टेम्पो ट्रैवलर से यात्रा कर रहा था। बताया गया है कि जब वे उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाने की सीमा में पहुंचे तो पूर्वांचल एक्सप्रेस पर सड़क के किनारे जर्जर हालत में खड़ी बस को तेज रफ्तार टेंपो ट्रैवलर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में कुल चार लोगों की मौत हो गई। बाकी 16 लोग घायल हो गए। सुनील दिगंबरराव वरपड़े (50) छत्रपति चौक नांदेड़, अनुसया दिगंबर वरपड़े (80) निवासी छत्रपति चौक नांदेड़, दीपक गणेश गोडले स्वामी (40) नांदेड़, जयश्री कुंडलीकराव चव्हाण (50) निवासी अडगांव रंजेबुवा, तालुका वासमत, जिला हिंगोली हैं।

### कर्नाटक कांग्रेस में घमासान, शिवकुमार को प्रदेश अध्यक्ष से हटाने की मांग



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कर्नाटक कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर मांग तेज हो गई है। पार्टी के कई नेता राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। राज्य के लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली ने मल्लिकार्जुन खड़गे और केसी वेणुगोपाल से मुलाकात करके प्रदेश अध्यक्ष बदलने की मांग की है। वे इस पद के मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह बदलाव साल के अंत तक हो सकता है। इस साल उन्हें सीएम बनाए जाने की भी संभावना है। हालांकि, शिवकुमार ने इस मामले पर अब तक चुप्पी साध रखी है। वहीं, कैबिनेट मंत्री केएन राजन्ना ने कहा कि शिवकुमार को लोकसभा चुनाव तक प्रदेश अध्यक्ष बनाए रहने की बात हुई थी। लेकिन सिद्धारमैया ढाई साल तक ही मुख्यमंत्री होंगे, यह साफ नहीं है। राजन्ना ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के 2023 के बयान का हवाला देते हुए यह कहा है। केसी वेणुगोपाल ने ढाई-ढाई साल के फॉर्मूला के 2023 में कहा था कि पावर शेयरिंग फॉर्मूले का मतलब इसे कर्नाटक के लोगों से साझा करना है। कर्नाटक के गृह मंत्री बोले- सिद्धारमैया को 5 साल के लिए मुख्यमंत्री चुना गया पूरे मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि सिद्धारमैया को पूरे पांच साल के लिए कांग्रेस विधायक दल का नेता यानी मुख्यमंत्री चुना गया था।

---

### आईपीएल 2025 के शेड्यूल और वेन्यू का हुआ ऐलान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया है। लीग की शुरुआत अगले महीने 22 मार्च से हो रही है। टूर्नामेंट का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होगा। ये दोनों टीमें इस मैच के लिए कोलकाता के घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स के मैदान पर उतरेंगी। 65 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट को 13 अलग-अलग वेन्यू पर खेला जाएगा। लीग का क्वालिफायर-1 एक और एलीमिनेटर हैदराबाद में खेला जाएगा जबकि क्वालिफायर-2 और फाइनल मुकाबला कोलकाता में होगा। फाइनल मैच 25 मई को खेला जाना है। इस मुकाबले के समय की बात की जाए तो शाम के 7 बजकर 30 मिनट पर शुरुआत होगी। टॉस का समय 7 बजे का होगा। वहीं डबल हेडर मैच के समय 3 बजकर 30 मिनट से होगा। आईपीएल 2025 में कुल 12 डबल हेडर मैच खेले जाने हैं। सीजन का पहला डबल हेडर मुकाबला 23 मार्च को खेला जाएगा। पहले डबल हेडर की टक्कर की सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच होगा जबकि दूसरे मैच में चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस की टीम एक दूसरे से टकराएंगी।




**पूरे सीजन में खेले जाएंगे कुल 74 मैच:** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। आगामी सीजन में कुल 12 डबल हैडर मैच है जिसमें, से रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस को तीन-तीन डे मैच खेलने होंगे। वहीं बाकी के 7 टीमें सिर्फ दो-दो मैच दिन के उजाले में खेलेंगी। इसके साथ ही घरेलू मैच कों को लेकर इस सीजन में कुछ बड़े बदलाव किए हैं।

### दिल्ली सरकार गठन को लेकर आज हो सकती है भाजपा विधायक दल की बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में सरकार गठन को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली भाजपा विधायक दल की बैठक कल यानी 17 फरवरी को होगी। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह बैठक दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में दोपहर तीन बजे होगी और इसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा। वहीं इसमें कई बड़े नेता भी शामिल होंगे और इसमें नए सीएम पर भी फैसला होगा। खबर यह है कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 19 या 20 फरवरी को होने की संभावना है। जल्द ही भाजपा विधायक दल की बैठक के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। सरकार गठन से पहले जल्द ही भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। शपथ ग्रहण समारोह के बाद 20 फरवरी तक नई सरकार का गठन हो जाएगा। राजौरी गार्डन से जीते मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि जल्द ही दिल्ली के नए सीएम को लेकर फैसला लिया जाएगा।

**असर्फी कैंसर संस्थान**
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं को उपायुक्त ने दिये टिप्स, कहा-तनावमुक्त हो करें परीक्षा की तैयारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** उपायुक्त शशि रंजन ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चैनपुर में शनिवार शाम अपनी कक्षा लगाई। उन्होंने बड़े ही सरल और सहज अंदाज में छात्राओं से बात की। आने वाली मैट्रिक व इंटर की परीक्षाओं की तैयारी को लेकर छात्राओं को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कहा तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करें। तनाव लेने से आपकी क्षमता और प्रदर्शन दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा साथ ही उन्होंने विद्यालय की बच्चियों संग चौपाल के जरिये हाल जाना और आगामी परीक्षाओं को लेकर कई ज़रूरी टिप्स दिये। उन्होंने कई बच्चियों से संवाद स्थापित कर पढ़ाई में आ रही कठिनाइयों से अवगत होते हुए उन कठिनाइयों से कैसे पार पाना है इसके गुण बताये। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से स्पष्ट रूप से कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिये मेहनत तो अत्यंत आवश्यक है और मेहनत का दूसरा कोई शॉर्टकट नहीं होता।उन्होंने आगामी भविष्य में विषय चयन करने,अपना गोल सेट करने,इंटरेस्ट के अनुसार स्ट्रीम चुनने आदि विषयों पर बच्चियों के मार्गदर्शन किया।उपायुक्त शशि रंजन ने मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्राओं से विशेष संवाद किया।इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अनिल ने उक्त छात्राओं को मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम पास करने से संबंधित कई टिप्स दिये।इसके अलावे मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन व सदर एसडीएम सुलोचना मीणा द्वारा भी बच्चियों का करियर काउंसलिंग किया गया।बच्चियों संग संवाद के पश्चात सभी पदाधिकारियों ने विद्यालय में रात्रि भोज का भी आनंद लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी,वार्डन व शिक्षक सहित दर्जनों लोग उपस्थित थें।

# कथा सुनने आए तो कुछ सीखने और कुछ पाने के उद्देश्य से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ मंदिर परिसर में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं का भीड़ खूब देखने को मिला। इस दौरान व्यवस्था को कायम रखने में यज्ञ समिति के लोगों का अहम योगदान रहा। श्री सतचंडी महायज्ञ में कथावाचिका देवी प्रतिभा के द्वारा सुनाए जा रहे कथा का लोगों ने खूब आनंद शांति के साथ लिया। कथा वाचिका देवी प्रतिभा के द्वारा कथा सुनाने के दौरान कहा गया कि लोग भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं या कुछ सीखना चाहते हैं तो कथा में प्यासे बन कर आये,कुछ सीखने के उद्देश्य से,कुछ पाने के उद्देश्य से आएं,तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। उन्होंने कहा कि प्रभु से बढ़कर कोई और सुख और सम्पदा नहीं। मौके पर राजीव रंजन तिवारी, मंदिर विकास समिति अध्यक्ष मुखिया प्रमोद कुमार, प्रमोद शुक्ला, रामविचार साहू, सुरेश कुमार, राजकुमार पाठक, कुंडल सिंह, त्रिपुरारी सिंह, जयशंकर प्रसाद, दिलीप गुप्ता, उदयकांत विश्वकर्मा, लल्लू पाल सहित अन्य लोग शामिल थे।

## पोलडीह जगदीशपुर में निकला भव्य जलयात्रा, पांच दिवसीय महायज्ञ शुरू



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पोलडीह पंचायत के पोलडीह जगदीश पुर गांव में देवी प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया. स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ऊर्फ टूटू सिंह, पंचायत की मुखिया संजू देवी, पंसस रूबी देवी, पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह आदि ने संयुक्त रूप से मुख्य यजमान को कलश देकर व फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की. समिति द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया. कलशयात्रा की शुरुआत यज्ञस्थल से की गयी. परम्परागत ढ़ोल -बाजे के साथ निकले यात्रा में मातारानी का जयकारा लगाते हुए लोग गजनाधाम कररबार नदी तट पहुंचे. जहाँ यज्ञाचार्य धर्मराज पाण्डेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोचार के बीच जलभरी की प्रक्रिया पूरी की. ग्राम भ्रमण करते हुए लोग यज्ञस्थल पहुंचे.उदघाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा की इस तरह के आयोजन से ग्रामीण समरसता को बढ़ावा मिलती है. उन्होंने कहा की धार्मिक अनुष्ठान से सुख -शांति मिलती है. उन्होंने कहा की भक्ति के शिक्षित बनने का संकल्प लेने की जरूरत है. जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ़ टूटू सिंह ने कहा देवी पूजा पाठ से आत्मा विश्वास बढ़ती है. जो सफलता का मूल मंत्र है. आप सभी का भव्य आयोजन सराहनीय है. मौके पर हुसैनाबाद विस के पूर्व प्रत्याशी बिनोद कुमार सिंह, अभय सिंह, समाजसेवी अशोक यादव, मिथिलेश कुमार,उदय सिंह,उर्दवार पंचायत के पूर्व मुखिया सुदेश्वर राम,लुटकुन शरण आदि समेत महायज्ञ समिति के अलावा काफ़ी संख्या में लोग मौजूद थे.महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह ने बताया की महायज्ञ के दौरान अपराह्न 3:00 बजे से 6:00 बजे तक प्रयागराज से पधारे पं मनोज कृष्ण महाराज जी द्वारा संगीतमय प्रवचन दी जाएगी.महायज्ञ का समापन 21फ़रवरी को भव्य महा भंडारा के साथ संपन्न होगा.समिति के लोगों ने सभी धर्मानुरागी बंधुओ से महायज्ञ में शामिल होकर तन-मन-धन से सहयोग कर पुण्य की भागी बनने की अपील की है।

# युवा पत्रकार आशुतोष रंजन के निधन पर गढ़वा जिला प्रेस क्लब द्वारा शोक सभा आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** युवा पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के आकस्मिक निधन पर गढ़वा जिला प्रेस क्लब के द्वारा स्थानीय प्रभात खबर कार्यालय में शोक सभा आयोजित किया गया। शोक सभा में दो मिनट का मौन धारण उनके आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। शोक सभा को संबोधित करते हुए गढ़वा जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय ने कहा कि युवा पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा का असमय चले जाना ह्रदय विदारक घटना है। आशुतोष के आकस्मिक निधन से गढ़वा जिला प्रेस क्लब परिवार स्तब्ध, मर्माहत और निःशब्द है। उनके आकस्मिक निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर की है। असहनीय पीड़ा और दुख की इस घड़ी में गढ़वा जिला प्रेस क्लब उनके परिवार के साथ खड़ा है। शोक सभा में अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय समेंत पत्रकार विनोद पाठक, ओमप्रकाश पाठक, कमलेश सिन्हा, विजय प्रताप देव, लव दुबे, प्रताप तिवारी, प्रभाष मिश्र, राजकमल तिवारी, अरुण यादव, संदीप जायसवाल, आयुष तिवारी, संजय यादव, विनय पाण्डेय, मानस तिवारी आदि उपस्थित थे।

# महाकुंभ से लौट रही स्कार्पियों दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, पांच गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** कुंभ से रांची लौट रही श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी चैनपुर के बरांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी है. जबकि पांच की हालत गंभीर है। सभी घायलों को इलाज के लिए रिम्स (रांची) रेफर किया गया है। मृतक श्रद्धालु शशांक शेखर रांची का रहने वाला है। दरअसल, बड़ी संख्या में श्रद्धालु पलामू, गढ़वा, सोनभद्र होते हुए कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे हैं और वापस लौट रहे हैं। इसी क्रम में रविवार की अहले सुबह चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव में श्रद्धालुओं से भरी स्कॉर्पियो भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गयी। इस हादसे में शशांक शेखर की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर थाना की पुलिस अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंची। सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल सभी श्रद्धालुओं को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं से भरी स्कॉर्पियो छोटी पुलिया से टकरा गयी। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। सभी घायल रांची के रहने वाले हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन भी पलामू के लिए रवाना हो गए हैं। मृतक के शव का पोस्टमार्टम मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कराया गया।

## आंदोलनकारियों के खून पसीना का परिणाम है झारखंड अलग राज्य : अविनाश देव




**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला कमिटी पलामू के लड़ाका साथियों को चंदन रोली लगा, आरती उतार पुष्पवर्षा कर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए इसके बाद हरि झंडी दिखा क्रांति के राह में रांची के लिए रवाना किए। आंदोलनकारी साथी सरकार से अपनी मांगों को लेकर जा रहे हैं रांची ध्रुवा डैम पर समन्वय के लिए एक पिकनिक प्रोग्राम भी करेंगे।आज झारखंड का जो उन्मुक्त फिज़ा दिख रहा है वह मरांग गोमके, दिशोम गुरु और ये सब जांबाज बहादुर साथी के बदौलत दिख रहा है। इन्हीं में से एक क्रांतिकारी योद्धा थे स्वर्गीय सुदामा पंडित जो मृत्युपर्यन्त झारखंड अलग राज्य के लिए लड़ते रहे। सूरज मंडल जी के विशेष सानिध्य में हमेशा आंदोलन किए और अंततोगत्वा झारखंड राज्य के रूप में जीत हासिल किए। आज सभी आंदोलनकारियों ने स्वर्गीय सुदामा पंडित के तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर माला अर्पित किए सबों ने बारी बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किए और संकप को दोहराते हुए अपनी जत्था को रांची के लिए रवाना किए। विदित हो ये आंदोलनकारी ऐसे सख्त थे जो अपना घर परिवार के परवाह किए बैगर घर को तबाह छोड़ आगे बढ़े। ये न घर के रहे न घाट के रहे। बेटा पुतोह अलगाव में रखे कह रहा है कि क्या किए जो खाना और समय पर चाय दें? सरकार के नजरों में आम आदमी हैं,प्रमाणित कीजिए कि आप झारखंड आंदोलनकारी हैं। विदित हो प्रकृति ने झारखंड को अकूत खनिज समदा दिया है जिसे बाहर के लोग मालओमाल हो रहे हैं और यहां के मूल वासिंदा पलायन पर मजबूर, हां उनकी लाशें आती है। यहां के संपदा से बिहार में बाढ़ रोकने बाबुओं के माल गटकने से ज्यादा कुछ नहीं होता था। इसीलिए लंबी संघर्ष के बाद झारखंड अलग हुआ और आंदोलनकारी वाजिब सम्मान के हकदार हैं। सरकार से आग्रह होगा इन्हें उचित सम्मान देने की कृपा करें ये कोई खैरात नहीं मांग रहे हैं बड़ी मेहरबानी होगी। सतीश जी, गणेश रवि, बालकिशुन उरांव, विकेश पांडेय जी प्रदीप सिंह, दाऊद केरकेट्टा, विलांगना किंडो, सुलेमान अंसारी को शुक्रिया जो अपने झारखंड आंदोलनकारियों को नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं।

# जायन्ट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर का पदस्थापना मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर के पदस्थापना, फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा की उपस्थिति में अलका मैरेज गार्डेन परिसर में सम्पन्न हुआ। जिसमे रंजन कुमार उर्फ छोटू अध्यक्ष सहित डॉ. धर्मचन्द लाल अग्रवाल, सुजीत कुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार, विनोद कांस्यकर, प्रमोद कुमार, हीरालाल ने निदेशक मंडल की शपथ लिया।इस अवसर पर फेडरेशन अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि श्री बंशीधर नगर का ग्रुप बहुत शक्तिशाली ग्रुप है। बहुत कार्य करने की शक्ति रखता है। इस ग्रुप को कार्यरूप देने की आवश्यकता पर बल दिया। सेंट्रल कमिटी सदस्य विनोद कुमार, फेडरेशन पदाधिकारी डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सुजीत अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# समाज के निर्माण में संत रविदास का भरपूर योगदान : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद /पलामू :** रविवार को हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में अनुमंडलीय स्तरीय संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, उद्घाटनकर्ता पलामू के पूर्व सांसद घुरन राम, विशिष्ट अतिथि पलामू जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, बसपा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली, समाजसेवी बिनोद कुमार सिंह,आर पी रंजन, डीएसपी मेदिनीनगर दीपक कुमार, सेवा निवृत डीएसपी रामलाल राम, संजय कुमार जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी लोहरदगा उपस्थित थे, कार्यक्रम के पूर्व सभी अतिथियों ने संत शिरोमणि रविदास, डॉक्टर भीम राव अंबेडकर, गौतमबुद्ध के तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर संयुक्त रूप से फीता काट कर किया कार्यक्रम की शुरुआत की, समारोह को संबोधित करते हुए विधायक संजय कुमार यादव ने कहा की संत रविदास एक महान समाज सुधारक थे. भारत में व्याप्त अंधविश्वास, जातिवाद, मनुवाद, पाखंड व कर्मकांडो के खिलाफ समाज में संत रविदास ने जागरूकता लाया, सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध व समतामूलक समाज निर्माण में उनका अतुलनीय योगदान है. समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद घुरन राम ने कहा की संत शिरोमणि रविदास भारत के उन महान संतों में एक है जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से सारे संसार को एकता वा भाईचारा का संदेश दिया, जीवन भर समाज में फैली कुरीतियों के समाप्त करने का प्रयास किया, मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा की संत रविदास ने ही ऊंच नीच का भेद मिटाने की बात कही थी और नारी शिक्षा पर बल दिया था. उन्होंने कहा थी कोई मनुष्य जन्म से ही महान नहीं होता है बल्कि कर्म से महान होता है, मौके पर बसपा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली ने कहा की संत रविदास बेहद परोपकारी थे. इन्हें मीरा बाई भी अपना गुरु मानती थी इनकी प्रतिभा से सिकंदर लोदी भी प्रभावती हुआ था, आज हमे इनके आदर्शों को अपने जीवन में उतराने की जरूरत है, समारोह में कई अतिथियों ने संत शिरोमणि रविदास जी के जीवनी पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरु प्रसाद, मंदीप राम, पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह, ज़ाकिर अली उर्फ राज अली, मुखिया मनोज भारती अशोक यादव, श्रवण राम, शिवलाल राम, प्रदीप अंबेडकर, आरजू खान, इसरार आलम उर्फ गुड्डु, उदेश्वर राम, डॉक्टर संतोष कुमार, नंदलाल राम, लाल मोहन राम, बुधन राम, रामचंद्र राम , नरेश राम, धर्मेंद्र राम, आर एन रवि, समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# युवा पत्रकार स्वर्गीय आशुतोष रंजन सिन्हा के निधन पर शोक सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय युवा पत्रकार स्वर्गीय आशुतोष रंजन सिन्हा की असमायिक निधन पर प्रखंड अंतर्गत सगमा पंचायत सचिवालय में रविवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा का आयोजन प्रिंट मिडिया पत्रकार विपुल दूबे की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें प्रिंट मिडिया पत्रकार श्रीकांत चौबे, प्रिंट मिडिया पत्रकार सुनिल कुमार, प्रिंट मिडिया पत्रकार श्यामबच्चन यादव, इद्रीश अंसारी,इलेक्ट्रोनिक मिडिया पत्रकार पिंटू मिश्रा, रामानन्द प्रजापति, अकलेश कुमार नें पत्रकार स्वर्गीय आशुतोष रंजन सिन्हा की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया। शोकसभा को संबोधित करते हुए उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुखिया मंगलेश कुमार यादव नें कहा की युवा पत्रकार स्वर्गीय आशुतोष रंजन सिन्हा की असामयिक निधन हो जाने से पत्रकारिता की जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी है ।स्वर्गीय आशुतोष रंजन सिन्हा का असामयिक निधन अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक है। वे एक मिलनसार, हंसमुखी तथा सुलझे हुए पत्रकार थे। पत्रकारिता जगत और समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति हुई हैं। उन्होंने ईश्वर से कहा कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे तथा शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करे। वहीं दुख व्यक्त करते हुए मुखिया तेजलाल राम नें कहा कि स्वर्गीय आशुतोष रंजन सिन्हा की परिजनों को आर्थिक सहयोग करने के लिए सरकार से अपील किया। मौके पर लोक प्रभात खबर के संस्थापक श्याम बच्चन यादव नें कहा की स्वर्गीय आशुतोष रंजन सिन्हा नेक इंसान और ईमानदार दोस्त थे। पत्रकारिता जगत में स्वर्गीय आशुतोष रंजन सिन्हा मील का पत्थर थे और यही कारण है कि उनकी असामयिक मौत ने हर कलमकार को झकझोर कर रख दिया है। वह बड़े छोटे में कोई भेदभाव नहीं करते थे ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। मौके पर उपस्थित मुखिया तेजलाल राम, उप मुखिया मंगलेश कुमार यादव, राजेश यादव, रंजन यादव सहित कई लोग शोक सभा में शामिल थे।

# भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बना प्रतापपुर

## डंडीला यूथ क्रिकेट टीम को एक विकेट से दिया शिकस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला जे बी उच्च विधालय के खेल मैदान में भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को डंडीला यूथ क्रिकेट टीम व प्रतापपुर 11 टीम के बीच खेला गया.टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुये डंडीला यूथ क्रिकेट टीम ने 17.2 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 207 रन बनाया.रोमांचक तरीके से प्रतापपुर की टीम ने अंतिम गेंद पर एक विकेट से मैच जीत लिया.इसी के साथ भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें सीजन का प्रतापपुर नया चैंपियन बन गया.बेहतर प्रदर्शन के लिये हरफनमौला खिलाड़ी रुद्र कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया.वहीं सुदीप कुमार मैन ऑफ द सीरीज बने. विजेता व उपविजेता टीमों के बीच पुरस्कारों का वितरण स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने दिया.पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष संजू सिंह व संचालन चंद्रमणि दीक्षित ने किया.विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि खेल में हार जीत तो लगा रहता है.लेकिन इस हार जीत में छुपे संदेश को समझना होगा.जितने वाली टीम को अपना लय बरकरार रखने के लिये मेहनत करते रहना होगा. हारने वाली टीम ने भी काफी बेहतर प्रदर्शन किया है. कठिन परिश्रम उन्हें आगे चलकर बड़ी जीत दिलाने का रास्ता खोलेगी. विजेता टीम को शिल्ड के साथ 55 हजार रूपये नकद व उपविजेता टीम को 25 हजार रूपये नकद प्रदान किया गया. मौके पर स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार, रंजित सिंह, डॉ वी पी शुक्ला, कुमार कालिका सिंह, शिव सिंह, रविशंकर चौबे, फिरोज खान, चंद्रमणि दीक्षित, संजू सिंह, विकाश सिंह, संतोष गुप्ता, रिंकू सिंह, प्रियव्रत सिंह, रौशन सिंह, पप्पू सिंह, सतेंद्र यादव, थाना प्रभारी दीप नारायण, हरिनाथ चंद्रवंशी, दिनेश शुक्ला, नजमुद्दीन अंसारी, प्राचार्य अनिल सिंह, आलोक शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा० लि० 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो० न० 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड हाईकोर्ट के पहले चीफ जस्टिस का निधन

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के पहले चीफ जस्टिस न्यायामूर्ति विनोद कुमार गुप्ता का 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। 15 फरवरी को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से न्याय जगत सहित राजनीति जगत में शोक की लहर है। न्यायमूर्ति वीके गुप्ता अपने पीछे पत्नी उषा गुप्ता, बेटी रुचिरा गुप्ता और बेटे गौरव को छोड़ गये। वर्ष 2000 में झारखंड अलग राज्य के गठन के बाद 15 नवंबर को जस्टिस वीके गुप्ता को झारखंड हाईकोर्ट का पहला चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया। वहीं, वर्ष 2003 में वे हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बने और यहीं से 9 सितंबर 2009 को सेवानिवृत्त हुए थे। डां महुआ माजी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शोक व्यक्त किया।

### अंजुमन तरक्की उर्दू हिन्द का पहला राज्य सम्मेलन संपन्न

**रांची।** अंजुमन तरक्की उर्दू हिन्द , झारखंड का पहला राज्य सम्मेलन पुरानी विधान सभा, राँची में आयोजित किया गया। पहला सत्र की अध्यक्षता अंजुमन तरक्की उर्दू के राष्ट्रीय सचिव अतहर फारूकी ने की। इस सत्र में कंवेनर रिपोर्ट सम्मेलन के कंवेनर एम जेड खान ने प्रस्तुत किया। इस रिपोर्ट में अंजुमन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को बताया गया। इस अंजुमन की स्थापना 1882 में की गई। इस अंजुमन से महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आजाद, शिबली नुमानी आदि का समबन्ध रहा है। इस सत्र में विशेष अतिथि के रूप में झारखंड राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी मौजूद थे। मंत्री इरफान अंसारी ने अपने भाषण में कहा कि उर्दू का समबन्ध किसी विशेष धर्म से नहीं जोड़ा जाय बल्कि यह एक भारतीय भाषा है, एक तहजीब का नाम उर्दू है। इस सत्र में जालिब वतनी की पुस्तक उडान का विमोचन किया गया।

# नगर निगम के वेबसाइट में शशि रंजन ही नगर प्रशासक

**परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र**



**रांची।** रांची नगर निगम का वेबसाइट 15/2/2025 तक अपडेट नहीं है। वेबसाइट में अब भी रांची नगर निगम का कांटेक्टस अपडेट और विकिपीडिया अगर चेक करेंगे तो आप चौंक जायेंगे। नगर निगम प्रशासक और उप प्रशासक को भी अपडेट नहीं किया गया है । नगर प्रशासक के रूप में शशि रंजन और अपर नगर प्रशासक के रूप में कुंवर सिंह पहान को ही दिख रहा है। जबकि रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह बनाए गए हैं , वहीं अपर प्रशासक के रूप में गौतम साहू पद स्थापित है। जब भी आप नगर निगम के वेबसाइट या विकिपीडिया देखेंगे तो आज भी वार्ड 55 ही दिख रहा है, जबकि नगर निगम में वार्ड 53 हो गया है। 53 वार्डों वाला नगर निगम में नया जो कुछ हो रहा है यह जानने के लिए नगर निगम के कांटेक्ट या फिर विकिपीडिया में जायेंगे तो सब कुछ पुराना मिलेगा। नगर निगम में नई जानकारी अपडेट नहीं है। इससे कई आमजन को दिक्कतों भी सामना करना पड़ता है वह यह नहीं जान पाते हैं कि उनके नगर निगम के प्रशासक कौन है? और उनका नाम क्या है?इससे निगम की लापरवाही भी नजर आती है।

**एक ही पद पर लंबे समय से जमे हैं :** इतना ही नहीं सूत्र तो यह भी बता रहे हैं कि नगर निगम में कई ऐसे अधिकारी जो है अब भी एक ही पद पर कई सालों से जमे हुए हैं ,जो हटने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिसमें कुछ पदाधिकारी और सीटी मैनेजर्स का भी नाम की चर्चा है। साथ ही साथ साफ सफाई को लेकर भी कई तरह के वादे किए जाते हैं, लेकिन कई जगह ऐसा है जहां साफ सफाई नदारद है। कचरा का अंबार लगा हुआ रहता है ,नालियां बजबजाती रहती है । जबकि 53 वार्डों में करीब 2000 से अधिक सफाई कर्मी लगाए गए हैं , जिसमें महिला पुरुष शामिल हैं। तो वहीं 53 वार्डों में 53 सुपरवाइजर नियुक्त किए जाने के भी बातें बताई जाती है। सिटी मैनेजर के रूप में कार्य कर रहे सिटी मैनेजर हैं, तो वहीं टाउन प्लानर दो हैं।

**कुछ पदों पर लंबे समय से जमें है पदाधिकारी**

अब इसमें यह देखने वाली बात है कि सिटी मैनेजर और सुपरवाइजर जो पदस्थापित हैं, वे कितने सालों से एक ही जगह पर जमे हुए हैं। इसके अलावे सीएमएम में भी कई पदाधिकारी पद स्थापित हैं, हालांकि इस संबंध में नगर प्रशासक से संपर्क किया गया लेकिन उनकी प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की किया सदस्यता ग्रहण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है, और इसी क्रम में आज राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी के आवासीय कार्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आए युवा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर डॉ. महुआ माजी ने सभी नवसदस्यों को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रमुख युवाओं में शिवम सिंहा, शान कुजूर, नंदन कुमार गुप्ता, इशू नारायण, रोनित जायसवाल, ऋषि सिंह, ध्रुव राज पाठक, सईद अहमद, शिवम कुमार रजक, अंशु यादव, अभिषेक यादव, सुधांशु यादव, जय निषाद, रमा कांत, शुभम नारायण सहित कई अन्य युवा कार्यकर्ता शामिल रहे।
इस अवसर पर नवसदस्यों ने कहा कि माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी जी आम जनता के सुख-दुख में सदैव खड़ी रहती हैं, और जनहित के कार्यों के प्रति उनकी तत्परता से प्रेरित होकर वे झामुमो से जुड़े हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि झारखंड का विकास झामुमो के नेतृत्व में ही संभव है।
कार्यक्रम में सोमवित माजी की विशेष भूमिका रही, जिनका मुख्य उद्देश्य वार्ड 18 के अनेकों युवाओं को झामुमो से जोड़ना था। उन्होंने युवाओं को पार्टी की विचारधारा और राज्य के विकास में उनकी भागीदारी के महत्व से अवगत कराया। उनके प्रयासों से वार्ड 18 के कई उत्साही युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और झारखंड के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. महुआ माजी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष वीर शिबू सोरेन जी के सपनों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी झारखंड के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने नवसदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड के भविष्य को सशक्त बनाने के लिए युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद का प्रशिक्षण शिविर दूसरे दिन भी जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय रांची में पार्टी प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कॉम विजेंद्र केसरी ने कहा मार्क्सवाद के सिद्धांत सही सभी का विकास संभव कामरेड केसरी ने विस्तार पूर्वक मार्क्सवाद पर चर्चा करते हुए कहा कि मार्क्सवाद के मूलभूत सिद्धांत भौतिक द्वंद बाद को रखते हुए कहा कि मार्क्स ने आदर्शवादी दार्शनिकों खारिज करते हुए भौतिकवादी वैज्ञानिक चेतना के दुनिया के सामने लाया उन्होंने कहा कि पदार्थ का रूप परिवर्तन होता है। कोयला जलाने पर ऊर्जा में कोयला का मूल तत्व रह जाता है उन्होंने ऐतिहासिक द्वंद्ववाद के सिद्धांत को रखते हुए कहा कि दुनिया में परिवर्तन राजा रानी है किसी सत्ता से नहीं होता बल्कि समाज के परिवर्तन उत्पादन के साधनों के परिवर्तन से होता है । कामरेड केसरी ने युवा साथियों को संबोधित करते हुए कहा मार्क्सवादी असली दर्शन है प्रशिक्षण शिविर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, केडी सिंह, एटक के राज्य सचिव अशोक यादव, राजेंद्र यादव, जैनेंद्र कुमार भंते, अजय कुमार सिंह, सुजीत घोष, नेमन यादव, डॉक्टर सहगल, संतोष कुमार रजक, इम्तियाज़ खान, अंबुज कुमार ठाकुर, अनिरुद्ध कुमार, कन्हाई मल पहाड़िया, कृष्ण प्रसाद मेहता, शंभू कुमार, एहतेशाम प्रवीण, शंभू कुमार, सोनिया देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## कॉलेज शासी निकाय गठन की जांच के लिए बनी छः सदस्यीय कमेटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों और कार्यकारणी समिति की रविवार को बैठक हुई। इस बैठक में अध्यक्ष हाजी मोख्तार नहीं पहुंचे। उनकी जगह पर उपाध्यक्ष मो नौशाद ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में रांची विश्वविद्यालय की ओर से मौलाना आजाद कॉलेज की शासी निकाय गठन की जांच करने के आदेश पर चर्चा की गई। इस मामले की जांच के लिए छह सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। गठित टीम में अंजुमन के महासचिव डॉ तारीक हुसैन, सदस्य शाहीद अख्तर टुपलू, अयूब राजा खान, नूर आलम, मो नकीब और कॉलेज के संयोजक को शामिल किया गया है। गठित कमेटी को निर्देश दिया गया है कि वे दो दिन के भीतर जांच कर रिपोर्ट अंजुमन इस्लामिया को सौंपे। इसी आधार पर अंजुमन इस्लामिया जांच रिपोर्ट रांची यूनिवर्सिटी को सौंपेगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि बैठक में अध्यक्ष को भी बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने बैठक में शामिल होने से इंकार कर दिया। बैठक में महासचिव डॉ तारीक हुसैन, शाहीद अख्तर, अयूब राजा खान, मो लतीफ, नूर आलम, साजिद उमर, शाहजाद बब्लू, मो वसीम, मो नकीब, मो नजीब, नदीम अख्तर, शाहीन अहमद, मो जावेद समेत अन्य शामिल थे।

## गये थे कुम्भ नहाने, चोरों ने कर दिया घर में हाथ साफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** साइंस सेंटर चिंदौरी के निकट स्थित प्रह्लाद एन्क्लेव अपार्टमेंट में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है, जहां चोरो ने दरवाजा तोड़कर दो फ्लैटों में चोरी कर ली है। इसमें से दो फ्लैटों में चोर दरवाजा तोड़कर दाखिल हुए और लाखों रुपये के गहने और कैश लेकर फरार हो गए। नकाबपोश चोर देर रात अपार्टमेंट में दाखिल हुए और जिन घरों में बाहर से ताला लगा हुआ था उन घरों के ताले तोड़कर घर में प्रवेश किया। जिन घरों में चोरी हुई उनके मालिक प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने गए हुए थे। वारदात की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और जांच कर रही है।

## श्री राधा- कृष्ण सेवा धाम मंदिर में हुआ 194वाँ अन्नपूर्णा महाप्रसाद का आयोजन

**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**रांची:** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 194 वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।
महाप्रसाद में 151 किलोग्राम की केसरिया मेवा युक्त खीर का भोग भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। तथा पूरे विधि विधान से पूजा- अर्चना एवं आरती की गई। आज का महाप्रसाद स्व.नरेंद्र जैन तथा स्व. कुसुम जैन की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र ऋषभ जैन व पुत्रवधू जिमी जैन के सौजन्य से किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित 3 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद भोग का वितरण किया गया।
तत्पश्चात भजन- कीर्तन का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा पूरा वातावरण को कृष्णमय एवं भक्तिमय बना दिया।
ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज 194 वें अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन था।आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे लगभग 5 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ,संजय सर्राफ, विशाल जालान ,सुरेश भगत, सुरेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, नंदकिशोर चौधरी, पवन पोद्दार,शिव भगवान अग्रवाल, विधा देवी अग्रवाल, शोभा जालान, नम्रता जालान, अनुराधा सर्राफ, मनोज कुमार पंडित, चन्द्रदीप साहु,हरीश कुमार, परमेश्वर साहु,धीरज कुमार गुप्ता,अशोक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

## मयूराक्षी ने अमानत को हराकर आरपीसी मीडिया कप 2025 का जीता खिताब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची :** द रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मीडिया क्रिकेट कप 2025 का आयोजन रविवार को शानदार समापन हुआ। जेके क्रिकेट अकेडमी मैदान में खेले गए मीडिया कप के फाइनल मुकाबले में मयूराक्षी ने अमानत को रोमांचक मुकाबले में हराकर इस वर्ष का खिताब अपने नाम किया। मयूराक्षी को आखिरी ओवर में 12 रन की जरूरत थी। संतोष सिन्हा ने 2 गेंदों में दो शानदार 2 छक्के की मदद से मुकाबले में जीत दिलाई। फाइनल मुकाबले से पहले प्रतियोगिता का रंगारंग समापन हुआ। जेके इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। फाइनल में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, टाइटल स्पोंसर टाटा स्टील से राजेश राजन, अपूर्व शुक्ला, अमित गुप्ता, को- स्पोंसर अडानी पावर से पंकज कुमार, मदर जीरामनी टीचर ट्रैनिंग कॉलेज के निदेशक स्वामी देवेंद्र प्रकाश, एलेक्सा रिजॉट एन्ड रेस्टोरेंट से धीरज भोगता व रामसिंह, टाइटन प्लस हरमू से सुजीत कुमार, सरला बिरला कॉलेज से प्रदीप वर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे। फाइनल मुकाबले से पहले रांची प्रेस क्लब और जमशेदपुर प्रेस क्लब में बीच मैत्री मुकाबला खेला गया। जिसमें जमशेदपुर ने जीत दर्ज की। फाइनल के मौके पर वरिष्ठ पत्रकारों मे अनुज सिन्हा, विजय पाठक,ओमप्रकाश मालवीय,रेखा पाठक, पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, अखिलेश सिंह पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, जेएससीए से जय कुमार सिन्हा, पंकज कुमार पाठक, मैनेजिंग कमिटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सचिव अमरकांत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, संयुक्त सचिव रतन लाल कार्यकारणी सदस्य विजय मिश्रा, मोनू कुमार, अलोक सिन्हा, आरजे अरविन्द, सौरभ शुक्ला, चंदन भट्टाचार्य, अंजनी कुमार, राजू प्रसाद, संजय सुमन उपस्थित थे।

# जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति पर कैबिनेट में लग सकती है मुहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची :** बजट सत्र की शुरुआत में 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलेगा। 3 मार्च 2025 को राज्य सरकार विधानसभा के पटल पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करेगी। इस बजट सत्र के दौरान विपक्ष जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति को मुद्दा नहीं बनाए, इसको ध्यान में रखते हुए 18 फरवरी को होने वाली हेमंत कैबिनेट की बैठक में जेपीएससी अध्यक्ष के नामो पर फाइनल करने की सुगबुगाहट है। झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष का पद खाली रहने की वजह से 11वीं से 13 वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा सहित आधा दर्जन से अधिक परीक्षाएं लटकी हुई हैं। आयोग में 22 अगस्त 2024 से अध्यक्ष का पद खाली है। तत्कालीन अध्यक्ष नीलिमा केरकेट्टा का कार्यकाल खत्म होने के बाद से किसी को न तो कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है और न ही नए अध्यक्ष का मनोनयन हुआ है।

## संत शिरोमणि ने जात पात, ऊंच नीच से ऊपर उठ कर समाज और देश को एक जुट करने की दिया प्रेरणा

**रांची।** भारत महर्षि संतो का देश रहा है और यह हमारा सौभाग्य है कि संत शिरोमणि रविदास महाराज जी की प्रेरणा को आगे बढ़ते हुए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास के साथ भारत को विश्व गुरु बनाने को अग्रसर है। संत शिरोमणि रविदास महाराज जी ने जात पात, छुआछूत, ऊंच नीच को भुलाकर इंसानियत के साथ समाज और देश को एक करने की प्रेरणा दी।

# रांची : भारतीय रिज़र्व बैंक का 90 गेंद का अनूठा क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** भारतीय रिज़र्व बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित अपने अनेक नवोन्मेषी कार्यक्रमों और अभिनव पहलों की श्रृंखला की एक और कड़ी के रूप में रिजर्व बैंक, राँची क्षेत्रीय कार्यालय ने 90 गेंदों की अंतर संस्थागत क्रिकेट प्रतियोगिता क्रिकेट@90 का आयोजन किया । पूरे विश्व में सबसे पहले इस नयेपन और नवाचारों से भरी इस अनूठी प्रतियोगिता का आयोजन स्थल होने का सौभाग्य राँची नगर और झारखंड राज्य को प्राप्त होना सारे प्रदेशवासियों के लिए अभूतपूर्व गौरव की बात है और इसका श्रेय भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह को जाता है, जिन्होंने इस अभिनव क्रिकेट प्रारूप की परिकल्पना की और इसे साकार किया ।प्रतियोगिता में भारतीय रिज़र्व बैंक, राँची की टीम के साथ साथ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, एसएलबीसी एवं नाबार्ड की टीमों ने भाग लिया। राँची के सेंट्रल एकेडमी, बुद्धिस्ट मिशन कैंपस के मैदान में रविवार, 16 फरवरी 2025 को आयोजित इस प्रतियोगिता में भारतीय रिज़र्व बैंक, राँची की टीम ने क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में एसएलबीसी की टीम को हराकर विजय प्राप्त की। 21 दिसंबर 2024 को सीएमपीडीआई में किया, जिसे सर्वत्र प्राप्त अपार सराहना से प्रेरित होकर अंतर-संस्थागत स्तर पर इस नवोन्मेषी क्रिकेट प्रतियोगिता का यह उल्लेखनीय आयोजन किया गया है, जिसने क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों दोनों के लिए इसे अविस्मरणीय बना दिया।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ हादसे में मृतक श्रद्धालुओं को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे,मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव संजीत यादव, कांग्रेस नेता फिरोज रिजवी मुन्ना,कुमुद रंजन सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने अंबेडकर चौक डोरंडा पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में हुई दर्दनाक हादसे पर मृतक श्रद्धालुओं के प्रति गहरी संवेदना एवं दुख प्रकट करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।साथ ही साथ प्रयागराज में हुई आगजनी एवं देश के अन्य दूसरे हिस्सों में तीर्थ यात्रियों की किसी ने किसी प्रकार से हुई निधन पर भी शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि सरकार की बद इंतजामी से आक्रोशित है, पूरे देश की जनता; जब इतनी बड़ी संख्या में संपूर्ण देश से रेलवे के द्वारा लोग महाकुंभ जा रहे हैं तो सरकार को भी इसके लिए विशेष इंतजाम करना चाहिए था तथा यह रेलवे की जिम्मेदारी थी कि निरीह जनता जिसने रेलवे को पैसा अदा कर टिकट कटाया था उन्हें सुविधा देते हुए उनके गंतव्य तक पहुंचने की जिम्मेदारी ले। भीड़ को देखते हुए रेलवे को संज्ञान लेना चाहिए था, आवश्यकता से अधिक यदि टिकट कट गए थे तो स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था करनी चाहिए थी ,ट्रेन की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने चाहिए थी, और यह इंतजाम करना चाहिए था कि प्लेटफार्म पर आवश्यकता से अधिक भीड़ जमा ना हो । उन्होंने कहा कि क्राउड मैनेजमेंट में पूरी तरह से विफल है रेलवे! निश्चित रूप से घटना के नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए और अपनी जिम्मेदारियां को का निर्माण नहीं करने के कारण रेल मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए और यह स्वीकार करना चाहिए कि यह इंतजाम उनके बस का नहीं।

## विनय सिन्हा फिर कार्यकारी अध्यक्ष एवं गुलाम जावेद संयुक्त सचिव चुने गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड अमट्यूर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन की वार्षिक 2025-26 की बैठक छतरमांडू रामगढ़ के किक बॉक्सिंग इंडोर स्टेडियम में झारखंड किकबॉक्सिंग एसोसिएशन चुनाव समान्य वार्षिक बैठक का आयोजन रविवार को संपन्न हुई। इस बैठक में नए पदाधिकारी का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ जिसमे आर ओ के रूप में अधिवक्ता कैफ अली और महिंदर पांडे उपस्थित थे।एसोसिएशन के अध्यक्ष बीसी ठाकुर की उपस्थिति में इस बैठक में नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई।नए पदाधिकारियों की सूची बीसी ठाकुर को अध्यक्ष, विनय सिन्हा को कार्यकारी अध्यक्ष,प्रवीण कुमार को महासचिव गुलाम जावेद को संयुक्त सचिव और जेनाराम बोदरा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही एसोसिएशन ने एक सप्ताह के भीतर समीक्षा बैठक आयोजित कर सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों का वितरण करने का निर्णय लिया।
अवसर पर नए कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में विनय सिन्हा ने कहा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी युद्ध वर्ग के बालक और बालिकाओं के लिए राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन को लेकर बैठक



**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जामा प्रखंड अंतर्गत सिमरा पंचायत के कुण्डाडीह गांव में रविवार को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि आगामी 22 मार्च से 28 मार्च तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाना है। जिसकी तैयारी को लेकर गठित समिति द्वारा बैठक में तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए बजट, प्रचार प्रसार, पंडाल आदि का योजना बनाया गया। इस मौके पर कुंडाडीह, बाबुकदेली, लक्ष्मीपुर, हल्दीपट्टी, मचाडीह आदि गांव के भक्तगण मौजूद थे।

## मांडर के पीड़ित परिवार से मिले पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, दिया हर संभव मदद का आश्वासन



**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना स्थित मांडर बस्ती में शुक्रवार रात गैस सिलेंडर फटने से घर मे आग लग गयी थी जिससे लाखो का नुकसान हो गया। अखबार के माध्यम से सूचना पाकर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की दिल्ली से आते ही रविवार को सुबह पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने जला हुआ घर समान का जायजा लिया। पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने और हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि नसीम अंसारी, एहसान अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पार्थ हॉस्पिटल में डिजिटल एक्सरे मशीन का डॉ एम कुमार ने किया उद्घाटन



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रिंग रोड स्थित चुट्टू पेट्रोल पंप के पास पार्थ सुपर स्पेशलिट हॉस्पिटल में रविवार को अत्याधुनिक डिजिटल एक्स-रे मशीन का डॉ एम कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया।डॉ एम कुमार ने कहा की यह डिजिटल एक्स-रे मशीन हॉस्पिटल और पुरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।उन्होंने बताया कि डिजिटल एक्सरे के स्थापित होने से अब अस्पताल में आने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के लिए पार्थ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डिजिटल एक्सरे की सुविधा शुरू की जा रहीं है। उन्होंने बताया कि अब निजी एक्स-रे में मरीजों को अधिक पैसा नहीं देना पड़ेगा।इस दौरान हॉस्पिटल के डायरेक्टर बॉबी कुमार व नीरज कुमार सिंह ने बताया की एक्सरे मशीन आने से आसपास के मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी इस तरह का डिजिटल मशीन यहां आसपास नहीं था.मौके मुख्य रूप से इम्तियाज़ आलम,अनवारुल अंसारी,उवाज़िद्दल अंसारी, सकिल अंसारी, हॅपी सिंह, पुण्यर्क पाठक, कुंदन पाठक, आरती कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## शिकारीपाड़ा मुख्य बाजार में दो हाईवा के बीच आमने-सामने की सीधी भिड़ंत



**शिकारीपाड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामपुरहाट दुमका मुख्य पथ पर दुर्घटनाओं को देखकर ऐसा लगता है कि इस पथ पर से गुजरने वाले वाहनों और राहगीरों पर काल की विशेष कृपा दृष्टि बनी हुई है। इस पथ से गुजरने वाले गिट्टी लदे वाहन जहां जल्द से जल्द फेरा लगाने के लिए नियम कानूनों को ताक पर रखकर और अनियंत्रित गति से वाहन चलाते हैं जिससे आए दिन कहीं ना कहीं दुर्घटनाओं का शिकार आम लोगों को बनना पड़ता है। विगत कल ही जहां शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कुशपहाड़ी के निकट दो ट्रकों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई थी। वहीं आज रविवार को भी शिकारीपाड़ा के मुख्य बाजार में ही दो हाईवा आपस में आमने-सामने से टकरा गए। इस दुर्घटना की चपेट में आकर सड़क के किनारे खड़े एक आई 20 कार भी क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि गनीमत यह रही की दोनों वाहनों के चालकों को कोई विशेष चोटे नहीं आई और ना ही कोई राहगीर ही इस दुर्घटना के चपेट में आया वरना शिकारीपाड़ा मुख्य बाजार के भीड़ भाड़ वाले चौक चौराहे पर इस तरह की घटना का अंजाम समझा जा सकता था।दुर्घटना के बाद पहुंची शिकारीपाड़ा थाना की पुलिस ने वाहनों को जप्त कर लिया है और अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## ह्रदय से भगवान को देखना और अनुभव करना चाहिए : इंद्रेश उपाध्याय



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूज्य इंद्रेश जी महाराज के सान्निध्य में टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, गिरिराज गोवर्धन महिमा, गौ सेवा, मनुष्य ईर्ष्या, पर्यावरण संरक्षण पर विशेष प्रकाश डाला। भक्तों ने भजन-कीर्तन के माध्यम से ठाकुर जी की महिमा का रसास्वादन किया। कथा में बताया गया कि जिस तरह सूरदास जी ठाकुर जी के दर्शन ह्रदय से करते थे, हमें भी बाहरी दुनिया से हटकर, ह्रदय से भगवान को देखना और अनुभव करना चाहिए। कथा के दौरान संत सूरदास जी के दिव्य अनुभवों और उनकी भक्ति का भी उल्लेख किया गया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। पूज्य महाराज जी ने बताया कि महाकवि सूरदास जी जन्म से ही नेत्रहीन थे, लेकिन श्री वल्लभाचार्य की कृपा से उन्हें अलौकिक दृष्टि प्राप्त हुई। उनके नेत्र भले ही नहीं थे, लेकिन वे ठाकुर जी के रूप और लीलाओं का इतना सजीव वर्णन करते थे कि देखने वाले भी चकित रह जाते। कथा में सूरदास जी का यह प्रसिद्ध पद भी सुनाया... आज हरि देखे नंगम नागा, मोतन माले गले और साजाफ... अर्थात महाराज जी ने बताया कि सूरदास जी के भजन केवल संगीत नहीं थे, बल्कि भक्तिभाव से ओत-प्रोत आत्मदर्शन थे। वे अपने ह्रदय में श्रीकृष्ण को साक्षात देखते और ऐसा भावमय वर्णन करते, जैसा कोई नेत्र वाले भी नहीं कर सकते।

## भाजपा द्वारा सक्रिय सदस्यता सत्यापन अभियान चलाया गया



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम सदाबहार चौक स्थित समाधान केंद्र में सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण के सक्रिय सदस्यता फार्म सत्यापन सत्यापन उप समिति के सदस्य जैलेंद्र कुमार,प्रमोद सिंह एवं जिलाध्यक्ष धीरज महतो के द्वारा 7 मंडलों का किया गया।सत्यापन का कार्य लगातार चलेगा ,कल भी होगा।मौके पर मनोज चौधरी,रामकुमार दुबे,प्रभुदयाल बड़ाइक,गोपाल चौधरी,गोरखनाथ सिंह,अंबुज रजक आदि उपस्थित रहे।

# पिपरवार में सीआईएसएफ ने विशेष अभियान चलाकर 200 लीटर अवैध डीजल को किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया के कोयला खदानों की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने विशेष अभियान चलाकर करीब 200 लीटर अवैध डीजल को बरामद किया है।जप्त किए गए डीजल की कीमत लगभग 20 हजार रूपये बताया गया है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस निर्देश पर सीआईएसएफ की विशेष टीम गठित की गई। इस टीम ने अशोक परियोजना के पिपरवार यूनिट के पीट ऑफिस के समीप माइंस के अगल-बगल एरिया में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान झाड़ी में छुपा कर रखे गए अवैध डीजल को बरामद किया गया।अनुमान लगाया जा रहा है कि डीजल चोरों के द्वारा मशीनों से डीजल चोरी कर उसे झाड़ी में छुपा कर रखा गया था, जिसे सीआईएसएफ के जवानों ने जप्त कर लिया है। जप्त किए गए डीजल को स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन को सौंप दिया गया है।इस संबंध में सीआईएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की अहले सुबह 4 बजे छापेमारी की गई और झाड़ियो मे छुपाकर रखे गये अवैध रूप से करीब 200 लीटर डीजल को जप्त किया गया है।सीसीएल प्रबंधन को डीजल सौंप दिया गया है जबकि सीआईएसएफ के द्वारा आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।सीआईएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के छापेमारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।इस छापेमारी अभियान में इंस्पेक्टर राजेश कुमार सरोज, नागेंद्र कुमार, संतोष नेगी,अनिल कुमार राय, रमाकांत यादव,राजेश कुमार,केके राय सहित कई जवान शामिल थे।

# सिध्दकोफेड ने किया प्रशिक्षित 45 मधुमक्खी पालकों के बीच मधु डब्बा व किट वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के केशा मोड़ के समीप रविवार को सिध्दो - कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि0 (सिध्दकोफेड) राँची के विभागीय स्वीकृत योजनान्तर्गत 2024-25 के प्रशिक्षित 45 मधुमक्खी पालकों के बीच 10-10 मधु डब्बा व किट का वितरण किया गया। इससे पुर्व सभी लाभुक किसानों को रामकृष्ण मिशन आश्रम रांची में तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। वितरण समारोह को संबोधित करते हुए सिध्दकोफेड के संजित कुमार ने कहा कि मधुमक्खी पालन संगठीत उत्पादन करने का चिज है। मधु के अधिक उत्पादन के लिए लिए भोजन के उपलब्धता के आधार पर जगह स्थानांतरित करते रहना जरूरी है। मधुमक्खी पालकों के जिम्में में लाखों मक्खी के जान का है। इसमें सरकार का पैसा खर्चा हुआ है। इसका उपयोग करना है। आपको अपने जीवन में उत्पादन से जुड़ना है। उन्होने महिला पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि जब फुल खत्म हो जाता है तब चार महिना रखरखा में महिलाओं का बढ़ा योगदान है। सबसे रिस्की समय है। जब फुल नहीं है तब हर दो तीन दिन में शाम के समय 250-300 ग्राम बक्स में खाना देना है। गर्मी में छाया में रखना है। डब्बा का मुंह पुरब दिश की ओर रखना है। सिध्दकोफेड ने लाभुकों के शिकयत को दूर करने के लिए तकनीकी पहलु पर विचार करके सुधार लाये हैं। बॉक्स में क्वालिटी मेंटन के लिए चेक कर लिया गया है। फलोरेस्फा हनी के मो. ईरफन ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में शहद का उत्पादन अधिक हो। आपलोग को 10 बॉक्स दिया गया है, इसे बढ़ाकर आगे तक ले जाना है। मधुमक्खी पालन में मेहनत कम है मुनाफा अधिक है। उन्होने आगे कहा कि 18 फरवरी को सभी मधुमक्खी पालक अपने डब्बा को लेकर फुल के उपलब्धता के आधार पर मुजफरपुर या अन्य जगह माईग्रेसन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन मो. नुमान रसीद ने किया। मौके पर मो. नसीम, बुधवा टाना भगत, कार्तिक भगत, नसीर आलम, चरिया उराईन, तबरेज अंसारी, हिन्दू भगत, सुनिता एक्का सहित कई मधुमक्खी पालक किसान उपस्थित थे।

# कोयला मंत्रालय के अवर सचिव हिटलर सिंह ने किया पिपरवार का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयला मंत्रालय भारत सरकार के अवर सचिव हिटलर सिंह ने रविवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान बचरा संगम विहार पहुंचने पर पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।पिपरवार दौरे पर पहुंचे अवर सचिव हिटलर सिंह ने पिपरवार में कायाकल्प वाटिका,अमृत वन,कारो सोलर प्लांट सहित कोयला खदानों का औचक निरीक्षण किया।जानकारी के मुताबिक बचरा संगम विहार गेस्ट हाउस से अवर सचिव विभागीय अधिकारियों के साथ सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा बनाए गए अमृत वन एरिया पहुंचे, जहां उन्होंने वृक्षारोपण किया।इस दौरान उन्होंने अमृत वन एरिया के बारे में स्थानीय अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली।जिसके बाद उन्होंने पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा कोयला खदानों के बीच बनाए गए कायाकल्प वाटिका का भी भ्रमण किया और कायाकल्प वाटिका की सुंदरता एवं हरियाली के मनोरम दृश्य को उन्होंने देखा।कोयला खदानों के बीच कायाकल्प वाटिका के मनोरम दृश्य की उन्होंने जमकर प्रशंसा की।इसके बाद विभागीय अधिकारियों के साथ उन्होंने कारों में संचालित 20 मेगावाट सोलर प्लांट का भी औचक निरीक्षण किया।सोलर प्लांट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट के अधिकारियों सहित स्थानीय सीसीएल अधिकारियों से कई बातों की जानकारी ली और इसकी प्रशंसा की।अंत मे उन्होंने बचरा संगम विहार क्लब में स्थानीय सीसीएल अधिकारियों के साथ बैठक कर कई बातों की जानकारी ली।इस बैठक में कोयला उत्पादन,कोयला डिस्पैच सहित अन्य बातों की समीक्षा की गई।इस दौरान स्थानीय अधिकारियों ने कई समस्याओं से उन्हें अवगत भी कराया।उन्होंने समस्या सुनने के बाद इसके समाधान करने का आश्वासन दिया।इस मौके पर सीसीएल हेड क्वार्टर के नोडल ऑफिसर माइंस क्लोजर आनंद प्रकाश,पिपरवार जीएम संजीव कुमार,मगध संघमित्रा जीएम नृपेन्द्रनाथ,अशोका पीओ जेके सिंह,सीएचपी सीपीपी पीओ धनजंय कुमार,खान प्रबधंक एसके सिंह,स्टाफ ऑफिसर पर्सनल नागेश कुमार गोपाल,स्टाफ ऑफिसर सिविल बिपिन बिहारी,स्टाफ ऑफिसर विद्युत एवं यांत्रिक पीके सिंह,पर्यावरण पदाधिकारी संजय कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर हेमचंद महतो,कार्मिक प्रबंधक अरुण कुमार महतो सहित पिपरवार क्षेत्र के सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।

# बिना वैध कागजात के परिवहन कर रहे 6 वाहन जब्त

**शिकारीपाड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुमका जिले का शिकारीपाड़ा प्रखंड यूं तो हमेशा विभिन्न कारणों से चर्चा में रहता ही है तथापि इन दिनों अवैध कारोबारी गतिविधियों के कारण विशेष रूप से शिकारीपाड़ा पर प्रशासन की कृपा दृष्टि बनी हुई है।विगत दिवस ही जहां का शिकारीपाड़ा सीओ ने बगैर वैध चालान के गिट्टी लाद कर परिवहन कर रहे हाईवा को पकड़कर जप्त किया था । वही आज रविवार की सुबह 6ः00 बजे ही जब सब लोग अपने बिस्तरों में दुबके हुए थे, डीटीओ दुमका जयप्रकाश करमाली अपने कर्तव्य रथ पर सवार होकर शिकारीपाड़ा के पूर्वी क्षेत्र पहुंचे जहां उन्होंने बगैर चालान के परिवहन कर रहे बॉल्डर लगे तीन हाईवा, एक धान लदा ट्रक तथा ईट लदे दो ट्रकों को पकड़ा। पूरी कार्रवाई में डीटीओ दुमका के साथ शिकारीपाड़ा सीओ कपिल देव ठाकुर एवं स्थानीय थाने के पुलिसकर्मी भी शामिल थे। प्रशासन की इस कार्रवाई से माफिया तत्व एवं अवैध गतिविधियों में लिप्त कारोबारियों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में ही पूरा माईनिंग क्षेत्र सुनसान हो गया। बताते चले की शिकारीपाड़ा का पूर्वी भाग पत्थर माईनिंग के लिए चर्चित है और 2 वर्ष पूर्व भी प्रशासन की बड़ी कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चल रहे वैध- अवैध पत्थर खदानों एवं क्रेशर पर लगाम कसा गया था। वर्तमान समय में हालांकि इस क्षेत्र में पत्थर के वैध खदान ही संचालित किये जा रहे हैं तथापि खदानों से इतनी भारी मात्रा में में बगैर चालान के बॉल्डर लेकर परिवहन करना किंतु- परंतु को जन्म देता है। सूत्रों के अनुसार माईनिंग क्षेत्र में खदानों को निर्गत बॉल्डर चालान तथा क्रेशरों द्वारा ट्रकों को दिए जाने वाले गिट्टी चालान की यदि मिलान की जाए एवं समुचित जांच की जाए तो इसमें भी एक बड़ा सच सामने आ सकता है। फिलहाल जब्त किए गए वाहनों को शिकारीपाड़ा थाना के सुपुर्द कर दिया गया है और अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# रांची नरकोपी रेलवे लाइन पर एक बृद्ध का पुलिस ने किया शव बरामद

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नरकोपी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटपाली के पास रविवार को नरकोपी पुलिस ने रेलवे ट्रैक पोल नंबर 456/12 व 456/13 के बीच में एक अज्ञात वृद्ध पुरुष का शव बरामद किया है। जिसकी पहचान बहुरा लोहरा पिता बिगरु लोहरा पता गांव हनहट, थाना कुडू, जिला लोहरदगा के रूप में उसके पुत्र सुनील लोहरा द्वारा किया गया है। जिसकी उम्र76वर्ष बताई जाती है। सुनिल ने बताया कि शनिवार को लगभग 11 बजे दिन में घर से मेहमानी पचपदा गांव जाने के लिये निकले थे। इधर नरकोपी के थाना प्रभारी ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा की प्रथम दृष्टया ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु होना प्रतीत हो रही है। जबकि नरकोपी पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। वही पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ पर जिला सचिव ने रेल मंत्री का इस्तीफा मांगा



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव अमाल खान ने कहा कि रेल मंत्री ने इस्तीफा देने की बजाय बेशर्मी से कहा कि सब कुछ ठीक है. श्रद्धालुओं के इस नरसंहार का जिम्मेदार कौन है. रेलवे की निष्क्रियता के कारण अब तक 18 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं. उन्होंने कहा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में हुई 18 मौतों को कांग्रेस ने नरसंहार बताया है. कांग्रेस सचिव अमाल खान ने कहा कि रेलवे प्रशासन की निष्क्रियता की वजह से यह घटना हुई है.अमाल खान ने पूछा कि इन मरने वालों की क्या गलती थी. यह हादसा नहीं नरसंहार है.

## टोटो के साथ बाइक की आमने-सामने टक्कर

**रानीश्वर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोटो के साथ बाइक की आमने-सामने टक्कर हुई। दुर्घटना एकतला मोड़ के समीप रविवार को घटी दुर्घटना में बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गया. घायलों में पति रघुनाथ दलुई व उनकी पत्नी वर्षा दलुई है. स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी वीरबल राम मौके पर पहुंच कर दुर्घटना ग्रस्त टोटो व बाइक को जब्त कर थाना ले आये. दोनों घायल पाटजोड़ पंचायत के ढोड्डा गांव के रहने वाला है।

## स्कॉर्पियो के धक्के से बाइक सवार दो युवक घायल, भर्ती

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुमका मसलिया मुख्य मार्ग पर जामा थाना क्षेत्र के कमार दुधानी स्टेडियम के पास स्कॉर्पियो की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में जामा थाना क्षेत्र के बाला बहियार गांव के नवल किशोर मुर्मू और रामगढ़ थाना क्षेत्र के कारिकांदर निवासी वकील मुर्मू शामिल हैं। परिजनों ने बताया कि दोनों बाइक लेकर अमलाचातर हटिया जा रहे थे। कमार दुधानी गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही स्कॉर्पियो की चपेट में आने से दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये। हादसे के बाद चालक स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो गया।

## अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार घायल, गंभीर

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बासुकिनाथ नोनीहाट मुख्य मार्ग पर जरमुंडी थाना क्षेत्र के घोरटोपी मोड़ के पास अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा गया। जहां चिकित्सकों में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घायल मनोज कापरी बंदरजोड़ी गांव का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक वह नोनीहाट से बाइक लेकर घर लौट रहा था। उस दौरान घोरटोपी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

## दुर्गापुर शहर में फिजिक्सवाला के 3 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एजुकेशन कंपनी फ़िजिकसवाला (पीडब्लू) ने जेईई मेन 2025 सेशन 1 परीक्षा में अपने नतीजे घोषित किये हैं , जिनमें से एक ने गुजरात से 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है 7 साथ ही 612 से अधिक छात्रों ने 99.5 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 1359 से अधिक छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 3548+ छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, और परिणामों की गिनती अभी भी जारी है। दुर्गापुर में फिजिक्सवाला के 3 छात्रों ने जेईई मेन सेशन 1 2025 के परिणामों में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। सौरीश भौमिक (99.62), सौम्यनेत्र रॉय (99.56), और सोमन मोदक (99.46) दुर्गापुर में पीडब्लू के शीर्ष 3 छात्रों में शामिल थे।

## आरसीएमयू रीजनल कमेटी के नेताओं का पिपरवार दौरा आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन रीजनल कमेटी के कई नेताओं का आज पिपरवार दौरा करेंगे। जिसको लेकर यूनियन के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना ने बताया कि यूनियन के रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह, अध्यक्ष श्यामल सरकार, अंजनी त्रिपाठी और बृज बिहारी पांडे सहित कई नेताओं का आज पिपरवार दौरा होने वाला है।उन्होंने बताया कि नेताओं के आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा।इसके बाद क्षेत्रीय कार्यालय में मजदूरों के साथ बैठक करेंगे।वहीं सीसीएल प्रबंधन के साथ भी बैठक की जाएगी,जिसमें सात सूत्री मांगों को लेकर चर्चा की जाएगी।बैठक में कोयला मजदूरों की कई ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।उन्होंने यूनियन के सभी लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

## सिदो-कान्हो मुर्मू आदिवासी एभेन बैसी की बैठक संपन्न



**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संताल समाज की परंपरा एवं संस्कृति के संरक्षण एवं इसके सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए कार्य करने वाली संस्था सिदो-कान्हो मुर्मू आदिवासी एभेन बैसी के संगठन के विस्तार को लेकर रविवार को धोबा गांव में बैठक मंगल सोरेन की अध्यक्षता में हुई। संताल समाज के सामाजिक कार्यकर्ता रमेश हेम्ब्रम के प्रस्ताव पर मंगल सोरेन को अध्यक्ष, रमेश हेम्ब्रम को उपाध्यक्ष, बिहारी हांसदा को सचिव, वकील मुर्मू को उप सचिव, सोना लाल हेम्ब्रम को कोषाध्यक्ष, बाबूलाल मुर्मू को उप कोषाध्यक्ष, सुलेमान हांसदा को संरक्षक, मंगल हेम्ब्रम को उप संरक्षक चुना गया. जबकि छः सदस्यों वाली सलाहकार समिति भी गठित हुई. जिसमें निरबा किस्कू, जूलियस मुर्मू, सुलीश हेम्ब्रम, बाबुलाल हांसदा, चरण मुर्मू तथा चंदर मुर्मू का चयन किया गया. बैसी की बैठक को संबोधित करने वालों में रमेश हेम्ब्रम, जमीन सोरेन, महादेव मरांडी, नायकी सोरेन, सोना लाल हेम्ब्रम, मंगल सोरेन, बिहारी हांसदा, साइमन मरांडी, रमेश मरांडी, सुखी लाल हांसदा, शत्रुघ्न बेसरा आदि शामिल हैं. बैठक में इंग्लिश लाल मरांडी, मनोहर हेम्ब्रम, गणेश मुर्मू, संग्राम मुर्मू, मुनीराम हेम्ब्रम, जगन सोरेन, बबलू मुर्मू, परगना मुर्मू, बेटका मुर्मू, सीताराम मुर्मू, जीतलाल हेम्ब्रम, गिरीश मरांडी, सोम हांसदा, शेखर किस्कू, प्रधान टुडू, नायकी मरांडी, रविंद्र मरांडी, सुखलाल मरांडी, किरानी मरांडी आदि शामिल थे.

## उप मुखिया के नेतृत्व में महाकुंभ में स्नान के लिए रवाना



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के क्षेत्र स्थित ओरमांझी पंचयात के उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता केनेतृत्व में श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ स्नान के लिए ओरमांझी से प्रयागराज रवाना हुआ। भाजपा नेता सह उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता ने सभी श्रद्धालुओं को पट्टा पहनाकर रवाना किया। श्रद्धालु धर्मध्वज लेकर जयकारों के साथ बस में बैठे।संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि 144 वर्षों के बाद प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।मौके पर मुख्य रूप से दिलीप गुप्ता, सनी गुप्ता, रीता देवी, प्रदीप गुप्ता, पिंकी देवी अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

## ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन का सीडब्ल्यूसी की बैठक मुंबई में : चांद मोहम्मद

**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनेंस यूनियन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चांद मोहम्मद ने प्रेस बयान जारी कर जानकारी देते हुए कहा है कि ऑल इंडिया ट्रैक मेंटेनर यूनियन के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं सभी जोन के महामंत्री एवं जोनल अध्यक्ष के द्वारा 29/1/2025 को गूगल म्यूट के द्वारा मीटिंग में सभी से सर्वसम्मति लिया गया था ,ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेंनरी यूनियन का सी डब्ल्यू सी की बैठक मुंबई में 27 फरवरी को आयोजन किया जाएगा। जिसमें ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं जूनियल अध्यक्ष और जनल महामंत्री को राष्ट्रीय महामंत्री श्रीकांत राजू जी के द्वारा एक पत्र जारी करके उन्हें अवगत कराया गया है। ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन के बायलॉज के अनुसार जो कर्मचारी 2 साल से ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन की सदस्यता नहीं लिए हैं वह यूनियन के किसी भी पदाधिकारी नहीं हो सकते हैं ना ही उनके द्वारा किसी भी प्रकार का पत्राचार को मान्य दिया जाएगा। यूनियन के द्वारा सी डब्लू सी के बैठक के बाद ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेंनरी यूनियन अच्छे भविष्य की ओर नजर आ रहा है। कुछ लोग यूनियन में तानाशाही अपना कर यूनियन को चलाना चाहते हैं जिसका विरोध रेलवे के सभी विभाग के कर्मचारी के द्वारा किया जा रहा है। ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन के राष्ट्रीय पदाधिकारी सभी जोन के महामंत्री एवं जोनल अध्यक्ष ट्रैक मेंटेनर के भविष्य को अच्छी दिशा में ले जाने के लिए 27/2/2025 मुंबई में सी डब्ल्यू सी की बैठक में उपस्थित की अपील की है।

## जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने जरूरतमंद लोगों के बीच बांटा कंबल



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के बिड़रा पंचायत अंतर्गत रागडीह गांव में रविवार को पटमदा उत्तरी क्षेत्र के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने जरूरतमंद लोगों को चिन्हित करते हुए कंबल वितरण किया। पार्षद ने बताया कि रागडीह गांव के कई बुजुर्ग व विकलांगों को रात में ठंड से बचने के लिए कंबल उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि इन दिनों मौसम का अलग मिजाज देखने को मिल रहा है। दिन में जहां तेज धूप महसूस की जा रही है। वहीं रात के समय सर्द हवाओं से ठंड का असर भी बरकरार है। मौके पर पार्षद की धर्मपत्नी बिंदु वाला महतो, मनोज कुमार, कंचन महतो, हांसु महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## विधायक दशरथ ने दर्जनों लोगों को दिलाई सदस्यता, सूबे में 50 लाख नए सदस्य का लक्ष्य



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधानसभा क्षेत्र के गम्हरिया प्रखंड के भाग 2 में झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की ओर से शनिवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान में खरसावां विधायक दशरथ गागराई के नेतृत्व में दर्जनों सदस्य को सदस्यता दिलाई गई। विधायक श्री गागराई ने कहा कि झारखंड के लोगों ने अपनी आकांक्षाओं के साथ प्रचंड बहुमत दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा इसके लिए प्रतिबद्ध है पार्टी सदस्यता अभियान के माध्यम से जन जन तक पहुंचेगी। राज्य के युवा उर्जावान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्य से लाभान्वित लोग झामुमो की सदस्यता लेने को तैयार है। माई माटी की सरकार ने आम लोगों की जरूरत को समझते हुए बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में बहुत दिनों बाद जनता की सरकार बनी है। इस सरकार से आम जनमानस को काफी उम्मीद है। सरकार भी जनहित में काम कर रही है। सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से खरसावां विधायक दशरथ गागराई, जिला संयोजक डॉ शुभेंदु महतो, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप, सुधीर महतो, मांगीलाल महतो, अनुप सिंह देव, रानी हेंब्रम आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दिव्यांग बच्चों के लिए यंग इंडियंस का विशेष खेल महोत्सव आयोजित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिव्यांग बच्चों के लिए यंग इंडियंस (वाई आई) जमशेदपुर एक्सेसिबिलिटी वर्टिकल द्वारा टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के सहयोग से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 'हौसला 2.0' खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। यह विशेष खेल का आयोजन दिव्यांग बच्चों के लिए समर्पित था, जिसमें 11 स्कूलों के 250 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस महोत्सव का उद्घाटन उपायुक्त अनन्या मित्तल ने किया। उन्होंने विशेष बच्चों के आत्मविश्वास और खेल भावना की सराहना करते हुए, इस पहल के लिए सीआईआई वाई आई जमशेदपुर को बधाई दी। प्रतियोगिता में ट्रैक और फील्ड गेम्स जैसे स्प्रिंट रेस, शॉट पुट और रनिंग जंप आयोजित किए गए। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को सम्मानित करने के साथ-साथ प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर वाई आई जमशेदपुर चेप्टर के वरिष्ठ सदस्य कौशिक मोदी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस महोत्सव में भाग लेने वाले प्रमुख स्कूलों में आशा किरण, स्कूल ऑफ होप, जीविका, बाल विहार, नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, सिद्धेश्वर डेफ एंड डम्ब स्कूल, दिव्य ज्योति, स्कूल ऑफ जॉय और चेशायर होम शामिल थे। गौरतलब है कि पिछले वर्ष यह खेल महोत्सव टेल्को स्थित सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में आयोजित किया गया था।

## नव कुंज महायज्ञ का विधायक ने किया उद्घाटन



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सोनार पातकुम परगना सोलोआना कमेटी द्वारा आयोजित पातकुम ईचागढ़ में श्री श्री नवकुंज महायज्ञ का उद्घाटन रविवार को विधायक सविता महतो ने फीता काट कर किया। उद्घाटन में मुख्य रूप से ईचागढ के राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव, प्रमुख गुरू पद मार्डी, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा उपस्थित थे। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि पातकुम, ईचागढ़, गौरांगकोचा सहित आस पास के गांवों के सामुहिक प्रयास से इतना बड़ा आयोजन किया गया है, इस तरह का आयोजन से लोगों में आध्यात्मिक चेतना जागृत होता है। मालूम हो कि 4 वर्षो से कोल्हान प्रमंडल में एकमात्र पातकुम में ही नव कुंज नाम महायज्ञ का आयोजन होता आ रहा है। नव कुंज में 56 संकीर्तन दल भाग लिया है, जो विभिन्न नौ मंदिरों में लगातार नौ दिन रात अखंड हरी नाम संकीर्तन चलते रहेगा। 9 दिवसीय नव कुंज का 24 फरवरी को समापन होगा। नव कुंज महायज्ञ में झारखंड, बंगाल, उड़ीसा क्षेत्र से प्रतिवर्ष लगभग लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं और हरी नाम श्रवण करते हैं। बताया जाता है कि नव कुंज महायज्ञ में 30 से 40 लाख रुपए खर्च आता है। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय मंडल , सचिव अमर नाथ यादव, जटल महतो ,झामुमो नेता काबलु महतो, कालीनाथ आदित्य देव ,हेमंत कुमार महतो, निखिल रंजन सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

# पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू पहुंचे चांडिल डैम, बोले

# डैम के नीचे रिसोट व केशरगढ़ीया आयलैंड पर बनेगा इको कॉटेज






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू नें रविवार को चांडिल डैम का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ विधायक सविता महतो व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान विधायक ने पारडीह काली मंदिर के समीप मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ने डिमूडीह, बोराबिंदा, केशरगढ़ीया का निरीक्षण कर बोट से चांडिल डैम नौका बिहार पहुंचे। जहाँ उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने मंत्री व विधायक को छौ मुखुटा व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मनित किया। इस दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू नें कहा चांडिल डैम हमरा लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, निश्चित रूप से यहां पर सुविधा बढ़ाने के लिए नई चीजों को सोचने के लिए विधायक सविता महतो से मार्ग दर्शन से चांडिल डैम के खूबसूरती और पर्यटकों के लिए और बेहतर क्या किया जा सके जिसका निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा चांडिल डैम में दो प्रोजेक्ट हमारे निगाह में है जिसमे डैम के नीचे छोर पर रिसोट व केसरगाड़िया आयलैंड पर इको कॉटेज बनाने का विचार है। साथ ही इलाके में विकास का विचार है। इसके लिए स्थानीय लोगों व समिति से विचार विमर्श कर जल्द ही योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करेंगे। इस दौरान विधायक सविता महतो नें कहा मंत्री जी ने डैम का निरीक्षण किया, जल्द ही चांडिल डैम झारखंड के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा और लोगों को रोजगार मिलेगी। वही मंत्री के चांडिल डैम पहुंचने पर चांडिल डैम मत्स्य जीवि सहकारी समिति लिमिटेड नें खुशी जाहिर करते हुए कहा जल्द ही चांडिल डैम पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी के साथ उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरबिंद कुमार विन्हा, अंचल अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव, चारुचांद किस्कु, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, कृष्णा किशोर महतो, मंत्री महतो, जगदीश सरदार, दिलीप महतो, नारायण गोप, श्यामल मार्डी, सरदीप नायक, शंकर लायेक, राहुल वर्मा आदि उपस्थित थे।

## समारोह के आयोजन से आपसी संबंध होते हैं मजबूत : कृष्णा बास्के



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा के पदमपुर में पावर प्रोजेक्ट विस्थापित प्रभावित स्वावलम्बी श्रमिक सहयोग समिति की ओर से मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित समिति के अध्यक्ष कृष्णा बास्के ने कहा कि इस प्रकार के मिलन समारोह व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन से आपसी संबंध मजबूत होते है। लोगों को आपस में मिलने-जुलने का एक अच्छा अवसर मिलता है। समारोह में प्रखंड के हरिहरपुर, श्रीरामपुर, पदमपुर, धातकीडीह आदि चार गांवो के जमीनदाता शामिल हुए। इस दौरान समिति के अध्यक्ष कृष्णा बास्के ने समिति की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि समिति के प्रयास से अबतक 160 लोगो की स्थाई नौकरी के साथ साथ कुल 280 लोगों को कंपनी में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। साथ ही, जमीनदाताओं को उनके 99 प्रतिशत जमीन का मूल्य भुगतान कराया गया है। इसके अलावा समिति कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी, ग्रेट रिवीजन आदि के लिए हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि शेष जमीनदाताओं के आश्रितों की नौकरी के लिए समिति हमेशा तत्पर रहती है, जिसके तहत 2024 में 12 जमींदाताओ को नौकरी दिलाया गया। इस मौके पर समिति के संरक्षक रामदास टुडू ने कहा कि हमारी समिति विस्थापितों की हित के लिए हमेशा तत्पर है। समिति विस्थापितों के हक और अधिकार के लिए सदा आवाज़ उठाती रही है जो आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर समिति के सचिव गौतम महतो, सक्रिय सदस्य राजेश भगत, देवी लाल बेसरा, विनोद महतो, बिरमल टुडू, इन्द्रो मुर्मू, रविन्द्र हाँसदा, गोपाल हेम्ब्रम, अशोक महतो, गोविन्द माझी, सुरेन बास्के, विजय बास्के, बैजनाथ मार्डी, बिरधान बास्के, अरूण महतो, जगन्नाथ, राजेश, किशुन, सुमित, जीवन, उमेश, दुर्गा, संतोष, बुद्धेश्वर, सुरजमनी, सरला, शांति, धानी, अनिता महतो समेत काफी संख्या में विस्थापित व प्रभावित जमीनदाता उपस्थित थे।

## दिल्ली के बाद बिहार, झारखण्ड में भी बनेगी एनडीए की सरकार : चम्पाई सोरेन

- भाजपा का गांजिया बराज मैदान में कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया ।** कार्यकर्ता ही किसी पार्टी के रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ता जितने मजबूत होंगे पार्टी उतनी ही मजबूत होगी। उपरोक्त बातें भाजपा की ओर से गांजिया बराज मैदान में आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक चम्पाई सोरेन ने कही। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण के बिना पार्टी का कोई वजूद नहीं रहता है। कहा कि अगले चुनाव में दिल्ली की तरह बिहार और झारखण्ड में भी एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए जनहित के कार्यों में जुट जाने का निर्देश दिया। समारोह को भाजपा नेता बास्को बेसरा, सीके गोराई, जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव आदि ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अमरेश गोस्वामी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंहदेव, अजीत सिंह, सुनीता मिश्रा, रश्मि साहू, बीटी दास, दीपक मंडल, दीपक नायक, राकेश सिंह, प्रमोद पाठक, पूर्व पार्षद ममता बेज समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गोस्वामी समाज कल्याण समिति का वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को गोस्वामी समाज कल्याण समिति का वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन सौरव गिरि की अध्यक्षता में सुर्य मंदिर सिदगोड़ा में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास थे। विशेष अतिथि समाजसेवी प्रमोद मिश्रा थे। समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने समाज के लिए जमीन एवं कार्यालय भवन की मांग रघुवर दास के समक्ष रखा। रघुवर दास ने मांग को स्वीकार करते हुए उसे जल्द पूरा करने का आश्वासन दिये। कार्यक्रम में सूर्य मंदिर के संरक्षक चन्दगुप्त सिंह भी उपस्थित हुए। समाज के अध्यक्ष शिवशंकर गिरि एवं अवधेश गिरि ने भी समाज के विकास एवं उत्थान के लिए सभी से आगे बढ़कर आने का आग्रह किया। समारोह में उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्य जयदर्थ गोस्वामी, ललन गोस्वामी, केदार गोस्वामी, दिनेश गोस्वामी,अमित गिरि, अंकलेश गिरि, हरेन्द्र गोस्वामी, विध्या गोस्वामी,आजाद गिरि,सतीश पूरी, चन्द्रशेखर पर्वत, चंचल गोस्वामी, राजकुमार पर्वत, कुन्ती भारती, अनिता गिरि, अमृता गोस्वामी, प्रीति गोस्वामी, प्रभा गोस्वामी आदि शामिल हुये। उपाध्यक्ष जयदर्थ गोस्वामी ने धन्यवाद दिया।

## हतनातोडांग के पीसाई गांव में हुआ मागे पर्व, शामिल हुए डॉ विजय सिंह गागराई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के हतनातोडांग पंचायत के पीसाई गांव में मागे पर्व धूम धाम से आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई उपस्थित थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासी समाज परंपरा और संस्कृति प्रकृति से जुड़ी हुई है। लेकिन यहां रहने वाले हो आदिवासी समाज की अपनी एक अलग ही पहचान है। मागे पर्व भी प्रकृति से जुड़ी त्यौहार है। त्योहार के माध्यम से परिवार का एक दूसरे से परिचय तो होता है और रिश्ते भी बनाए जाते हैं। महिलाएं कार्यक्रम में परंपरागत वस्त्र पहनकर मादल ढोल नगाड़ों की थाप पर एक दूसरे के साथ मिलकर अपनी पारंपरिक लोक नृत्य किया। वहीं पुरुष भी कंधे से कंधा मिलाकर एक दूसरे के साथ लोक नृत्य में शामिल हुए। मौके पर हातु दियुरी ने पूजा अर्चना किया. मौके पर समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई ने ग्राम वासियों को मागे पर्व की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामराई हेमब्रोम, गोमा हेमब्रोम, राजेश हेमब्रॉम, जयश्री हेमब्रोम, लक्ष्मी बेसरा,डुबरा हेमब्रॉम, दिलीप हेमब्रॉम, चुरगुई हेमब्रॉम,मोरनसिंह हेंब्रम, मरकुश गागराई, संतोष सिंहदेव, सुधीर गागराई के साथ साथ काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## काम के दौरान बिजली करंट लगने से घायल मजदूर की मौत, झामुमो नेता के हस्तक्षेप से मिला मुआवजा






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को झारखंड बिजली वितरण निगम करनडीह जमशेदपुर के अधीन मैसर्स गीतराज इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के मजदूर बोसेन हांसदा हरहरगुटू क्षेत्र में बिजली ट्रांसफार्मर में काम के दौरान बिजली की करंट लगने से घायल हो गए थे तत्काल टीएमएच हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जिसकी मृत्यु इलाज के दौरान आज सुबह को हो गई है तत्पश्चात् के झारखंड भक्ति मोर्चा महाबीर मुर्मू बिजली विभाग के एसडीओ के देवाशिष पात्र गीतराज इंजीनियरिंग के प्रतिनिधि बबलू कुमार प्रधान मुखिया सुश्री मायावती टुडू एव मृतक के परिजनों के बीच वार्ता हुई जिसमें 8 लाख 50 हजार रुपये मुआवजा दिलाया गया। तत्काल पचास हजार रुपये बिजली विभाग की तरफ से एवं गीतराज इंजीनियरिंग के तरफ से एक लाख का चेक मृतक के भाई रावते हांसदा को दिया गया बाकी चेक के माध्यम से सात लाख रुपए दिया जाएगा । मुख्य रूप से उपस्थित थे जगत मार्डी मनोज नहा भीमसेन मुर्मू दुर्गा प्रसाद हांसदा रॉकी सिंह लखन हांसदा शंकौ मार्डी राजू मार्डी अशोक दास रोहित रंजन इन्द्र जतिन महतो दीपक मुंडा मारंग सोरेन कुंवर मार्डी, मजदूर साथी उपस्थित थे।

## आम के पेड़ में मंजर आने से किसान उत्साहित, अच्छी पैदावार की उम्मीद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** आम के पेड़ में हरि पत्तियां के साथ मंजर आने से पटमदा प्रखंड क्षेत्र के किसान काफी गदगद हैं। क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि इस बार आम के मंजर में लगने वाले बीमारी, ओलावृष्टि व आंधी तूफान का प्रकोप नहीं रहा और पेड़ में मंजर सुरक्षित रहा तो आम के अच्छी पैदावार हो सकती है। आम का मंजर आने के बाद अब तक मौसम ठीक रहने से पेड़ पर लगे मंजर से टहनी भर गया है। मंजर को बचाने के लिए किसानों को अब कीटनाशक दवा का छिड़काव करने की जरूरत है। पटमदा प्रखंड के सभी 15 पंचायतों में मनरेगा योजना के माध्यम से दर्जनों किसान आम के सीजन में आम बागवानी से बिना पूंजी के 30 द्व 40 हजार रुपए कमाते हैं। प्राकृतिक नुकसान न हो तो बेहतर आमदनी इस वर्ष भी होने की उम्मीद है। पटमदा प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2016 द्व17 से अबतक सभी 15 पंचायतों में एक सौ से अधिक एकड़ में किसानों आम बागवानी की है। जिसमें 20 से 25 एकड़ में फल निकलना शुरू हो चुका है। पटमदा के लावा पंचायत के किसान बुचेन लाया, सुंदरी सिंह, दिघी पंचायत के अशोक महतो, बनकुंचिया पंचायत के पशुपति महतो, कुमीर पंचायत के जहरलाल महतो, जोड़सा पंचायत के सुभाष महतो समेत अन्य कई किसानों ने हर साल 50 से 60 हजार रुपए आम बागवानी से कमा रहे हैं। इस संबंध में जोड़सा गांव के किसान नवीन कुंभकार ने बताया कि इस बार आम का पैदावार अच्छी होने की आसार है। क्योंकि आम के पौधें में मंजर टहनी तक भर गया है। जिसे देख क्षेत्र के किसान उत्साहित हैं। हालांकि पिछले साल मंजर आने के बाद लगातार बारिश होने से मंजर गिर गया था। जिसे किसान के उम्मीदों पर पानी फेर गया था।

## प्रेस क्लब ऑफ़ सरायकेला खरसावां का वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित, 9 प्रखंड के पत्रकार हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला/ खरसावां :** प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला- खरसावां का सालाना वार्षिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम खरसावां के अकर्षिणी गेस्ट हाउस में रविवार को संपन्न हुआ. इसमें बतौर मुख्य अतिथि खरसावां विधानसभा के विधायक दशरथ गागराई के प्रतिनिधि अनूप सिंहदेव, विशिष्ट अतिथि खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार, गम्हरिया सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी, खरसावां बीडीओ प्रधान माझी एजीएम राजेश राम सहित प्रेस क्लब के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे.

**क्लब के सदस्यों को सौंपा गया 5 लाख का बीमा**

इस दौरान प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकारों को पांच लाख का बीमा पत्र सौंपा गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकारों के कार्यों की जमकर सराहना की.

**मनोरंजन के साथ पत्रकारों के हित में सोचें पत्रकार संगठन और सरकार : अध्यक्ष**

क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह ने भरोसा दिलाया कि प्रेस क्लब से जुड़े तमाम पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए वह कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहेंगे. उन्होंने राज्य सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून और पत्रकारों के लिए न्यूनतम 10 लाख का बीमा देने की मांग की है. उन्होंने कहा कि राज्य के तमाम पत्रकार संगठनों को मनोरंजन के साथ पत्रकारों के हितों पर भी बात करनी चाहिए.

**अतिथियों को किया गया सम्मानित**

इस दौरान अतिथियों का मोमेंट और शॉल देकर स्वागत किया गया. उसके बाद पत्रकारों ने लजीज व्यंजन का लुफ्त उठाया. अंत में निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के संकल्प के साथ अपने कार्य स्थल के लिए रवाना हुए. बता दे कि प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला- खरसावां में जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 65 पत्रकार जुड़े हैं.

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में जिले के सभी 9 प्रखंडों से जुड़े क्लब के पत्रकार शामिल हुए. इनमें मुख्य रूप से महासचिव रमजान अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष सुमंगल कुंडू, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार मेहता, संरक्षक मोहम्मद दिलदार अंसारी, संतोष कुमार, उपाध्यक्ष अरुण कुमार मांझी, रासबिहारी मंडल, प्रमोद सिंह, विपिन कुमार वार्ष्णेय, प्रवक्ता संजय मिश्रा, सचिव सुमन मोदक, अजय कुमार, उमाकांत कर, बलराम पांडा, सुमित सिंह, दयाल लायक, के. दुर्गा राव, सुनील गुप्ता, विश्वरूप पांडा, नवीन प्राधन, संजय सत्पथी, शंभू सेन, रवि सेन, अफ़रोज़ मल्लिक, संतोष साहू, विद्युत महतो, रविकांत गोप, दीपक महतो दशरथ प्रधान, कल्याण चंद्र पात्रो, बाणेश्वर महतो, अमित कुमार, निलेश पांडे, वेंकटेश गोंडर, शशांक शेखर परमेश्वर गोराई आदि शामिल थे.

संपादकीय

## यूएसएआईडी का दुरुपयोग

मानवता की आड़ में वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें डीप स्टेट ताकतें और यूएसएआईडी का हिस्सा शामिल है, स्वार्थी कारणों और दुनिया को अपने हिसाब से चलाने की इच्छा के लिए कई देशों की राजनीतिक प्रणालियों और संस्कृतियों को नष्ट कर रहा है।शाहीनबाग, किसान आंदोलन, बांग्लादेश हिंदू नरसंहार, कश्मीर नरसंहार, मुंबई आतंकवादी हमला, नक्सलवाद और आतंकवाद की गतिविधियाँ, शहरी नक्सलियों के भारत विरोधी आख्यान जैसे कई भारत विरोधी प्रदर्शन, सभी वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा वित्तपोषण की ओर इशारा करते हैं, जिनमें से एक यूएसएआईडी है।डोनाल्ड ट्रम्प और एलोन मस्क ने मानवता के लिए, जोखिम देखा और यूएसएआईडी को बंद कर दिया।विदेशी सहायता रोकने और इसके वितरण के प्रभारी प्रमुख एजेंसी को बंद करने के ट्रम्प प्रशासन के हालिया कदमों ने संघीय खर्च में विवाद के अपेक्षाकृत मामूली लेकिन लंबे समय से चले आ रहे स्रोत पर ध्यान केंद्रित किया है। इन कदमों ने दुनियाभर के मानवीय संगठनों और सरकारों के बीच असमंजस्य पैदा कर दी है कि कौन-से कार्यक्रम जारी रह सकते हैं और कौन-से नहीं। स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और जल जैसी अनेक मानवीय सहायता जारी रखी जानी चाहिए और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प निःसंदेह मानवता-विरोधी वामपंथी समूहों को हटाने के बाद ये सहायता शुरू करेंगे। भारत तथा अन्य विकासशील और अविकसित देशों में मानवता विरोधी कार्रवाइयों के लिए मानवता विरोधियों के वित्तपोषण का किस प्रकार दोहन किया जा रहा है ? कुछ उदाहरण- यूएसएआईडी, जिसपर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना हो रही है, उसे अमेरिका के सभी अंतरराष्ट्रीय व्यय का आधे से अधिक फंड प्राप्त होता है। खतरे के संकेतों के बावजूद, यूएसएआईडी ने पाकिस्तान स्थित फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (FIF) को वित्तपोषित किया, जो हाफिज सईद के लश्कर-ए-तैयबा (LeT) का मुखौटा है। इस तथ्य के बावजूद कि अमेरिकी सरकार ने एफआईएफ और एलईटी पर प्रतिबंध लगा दिया है, उन्हें यूएसएआईडी से वित्त पोषण प्राप्त हुआ।फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (FIF) और एलईटी मुंबई में 26/11 के हमलों के लिए जिम्मेदार थे, जिसमें 166 लोग मारे गए थे।पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा बेरहमी से मारे गए 166 व्यक्तियों में छह अमेरिकी भी थे। एफआईएफ को यूएसएआईडी का पैसा हेल्पिंग हैंड फॉर रिलीफ एंड डवलपमेंट (HHRD) के माध्यम से भेजा गया था, जो मिशिगन में स्थापित एक मुस्लिम गैर-लाभकारी संस्था है, जिसका दक्षिण एशिया में सक्रिय आतंकवादी समूहों से संबंध है। ट्रम्प ने यूएसएआईडी पर नकेल कसते हुए इसे 'डीपस्टेट' करार दिया है। एक्स पर एक पोस्ट में, ट्रम्प से जुड़े एक अकाउंट ने दावा किया कि 'जॉर्ज सोरोस ने यूएसएआईडी से $260,000,000.00 प्राप्त किए और इस पैसे का इस्तेमाल श्रीलंका, बांग्लादेश, यूक्रेन, सीरिया, ईरान, पाकिस्तान, भारत, यूके और अमेरिका में अराजकता फैलाने, सरकार बदलने और व्यक्तिगत लाभ के लिए किया।' उनकी टिप्पणी अमेरिकी विदेशी सहायता की बढ़ती जांच में शामिल है, खासकर तब से जब ट्रम्प प्रशासन ने यूएसएआईडी के बजट को फ्रीज कर दिया है। डॉज (DOGE) के सीईओ एलन मस्क ने ट्रम्प की सरकार का समर्थन किया है, जो वामपंथ यूएसएआईडी की वित्तीय सहायता पर जोर देते हैं, जिसे वे 'विवादास्पद' उपक्रम बताते हैं। मस्क की भागीदारी और समर्थन ने शासन परिवर्तन और राजनीतिक प्रभाव के लिए विदेशी सहायता के उपयोग के बारे में रिपब्लिकन की चिंताओंको बढ़ा दिया है। मस्क ने एक्स स्पेसेस की बातचीत में कहा कि उन्होंने ट्रम्प के साथ 'यूएसएआईडी के बारे में बात की' और '[राष्ट्रपति] सहमत हुए कि हमें इसे बंद कर देना चाहिए', ट्रम्प द्वारा यूएसएआईडी के बारे में संवाददाताओं से कहने के बाद, 'इसे कट्टरपंथी पागलों के एक समूह द्वारा चलाया जा रहा है, और हम उन्हें बाहर निकाल रहे हैं, और फिर हम [इसके भविष्य के बारे में] कोई निर्णय लेंगे।' भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि यूएसएआईडी द्वारा वित्तपोषित एनजीओ ने सरकार की अग्निवीर परियोजना का विरोध किया, जाति जनगणना को बढ़ावा दिया और देश में नक्सलवाद का समर्थन किया। अमेरिकी विदेशी सहायता पारंपरिक रूपसे विकास के बजाय राजनीतिक शक्ति पर केंद्रित रही है। यूएसएआईडी द्वारा वित्तपोषित कार्यक्रमों ने बार-बार प्राप्तकर्ता देशों को अमेरिका के अनुकूल नीतियों को अपनाने, अमेरिकी फर्मों के पक्ष में बाजार सुधारों को लागू करने और सैन्य प्रभुत्व के लिए रणनीतिक आधार के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। सहायता स्वयं कभी-कभी सच्ची आत्मनिर्भरता बनाने के बजायअल्पकालिक उपायों को प्राथमिकता देती है, जिससे कई विकासशील देश आर्थिक सशक्तीकरण की बजाय निर्भरता के चक्र में फंस जाते हैं। इन कमजोरियों के बावजूद, यूएसएआईडी अमेरिकी सॉफ्ट पावर का एक महत्वपूर्ण उपकरण रहा है। देखिए, यूएसएआईडी किसी कारणवशकर्के लिए सिर्फ चेक लिखकर नहीं चला जाता है। यह जमीन पर राज्य के कर्मियों, अनुबंध श्रमिकों और गैर-सरकारी संगठनों (NGO) के संयोजन को नियुक्त करता है। उनमें से कुछ पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं, लेकिन संघीय विशेषाधिकारों के बिना। और वे स्थायी सिविल सेवा पेशेवरों और विदेश सेवा अधिकारियों की तुलना में बहुत अधिक संख्या में हैं, जो आमतौर पर एक अमेरिकी सरकारी एजेंसी के लिए काम करते हैं। सीरिया के उदाहरण में, यूएसएआईडी ने शरणार्थियों को खिलाने के लिए धन उपलब्ध कराया। हालांकि, चार वर्षों में, एफएनजीओएजेंट ने इसका लगभग 10% हिस्सा चुरालिया और इसे अल-कायदा से जुड़े संगठन में भेज दिया। संघीय अमेरिकीसरकार विदेशी सहायता पर कितना खर्च करती है? कांग्रेस के बजट कार्यालय के अनुमान के अनुसार, सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025 में अंतरराष्ट्रीय सहायता कार्यक्रमों पर लगभग 58.4 बिलियन डॉलर खर्च करने की राह पर है। लेकिन, वित्तीय वर्ष शुरू होने में बमुश्किल तीन महीने रह गए हैं, जब ट्रम्प प्रशासन आक्रामक रूप से सहायता को फिर से आकार दे रहा है और उसे कम कर रहा है, तो यह आँकड़ा बदल सकता है। ForeignAssistance.gov के अनुसार, संयुक्त राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय सहायता पर 71.9 बिलियन डॉलर खर्च किए, जो सबसे हालिया वित्तीय वर्ष है, जिसके लिए डेटा काफी हद तक पूरा है। इसकी तुलना में वित्तीय वर्ष 2022 में लगभग 74.0 बिलियन डॉलर खर्च किए गए। ये डेटा (और ForeignAssistance.gov के अन्य) अन्य देशों को हथियारों की बिक्री और सैन्य उपकरणों के हस्तांतरण के विषय से बाहर हैं। बदलती परिस्थितियों (जैसे युद्ध, आपदाएँ या बीमारी का प्रकोप) और बदलते राष्ट्रीय लक्ष्यों के आधार पर विदेशी सहायता की राशि, प्राप्तकर्ता और उद्देश्य साल-दर-साल बदलते रहते हैं।

# निराश करती है जनप्रतिनिधि अपराध मामलों में देरी

ललित गर्ग

**एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान लोकसभा के 543 सदस्यों में से 251 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 170 गंभीर आपराधिक मामले हैं, जिनमें पांच साल या उससे अधिक की सजा हो सकती है। हाल ही दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों में भी आपराधिक छवि के विधायकों की बड़ी संख्या चिन्ता में डालते हुए शर्मसार कर रही है।**



वर्तमान और पूर्व संसद सदस्यों और विधानसभा सदस्यों के खिलाफ लंबित पांच हजार आपराधिक मामलों के निपटारे की सुनवाई कर रही एमपी-एमएलए अदालतों में कोई उल्लेखनीय प्रगति होते हुए न दिखना न केवल निराशाजनक है बल्कि यह कानून व्यवस्था की बड़ी विसंगति है। इस सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में आग्रह किया गया कि कोर्ट इन मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने एवं त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश जारी करे। अपेक्षा यह की गई थी कि इन मामलों की सुनवाई त्वरित गति से होगी, लेकिन इसका उलटा हो रहा है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान लोकसभा के 543 सदस्यों में से 251 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 170 गंभीर आपराधिक मामले हैं, जिनमें पांच साल या उससे अधिक की सजा हो सकती है। हाल ही दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों में भी आपराधिक छवि के विधायकों की बड़ी संख्या चिन्ता में डालते हुए शर्मसार कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा के 48 नवनिर्वाचित विधायकों में से 16 यानी 33 प्रतिशत और आम आदमी पार्टी के 22 में से 15 यानी 68 प्रतिशत नवनिर्वाचित विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, भाजपा के सात और आप के 10 विधायक गंभीर किस्म के आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की ओर से समय-समय पर दिए गए आदेशों और हाईकोर्ट की निगरानी के बावजूद सांसदों और विधायकों के खिलाफ बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं, जो हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर एक बदनुमा धब्बा हैं।

दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि साफ-सुथरी एवं अपराधमुक्त राजनीति का दावा करने वाले दल ही सर्वाधिक अपराधी लोगों को उम्मीदवार बना रही है। विडंबना है कि यह प्रवृत्ति कम होने के बजाय हर अगले चुनाव में और बढ़ती ही दिख रही है। आखिर कब तक अपराधी तत्व हमारे भाग्य-विधाता बनते रहेंगे? कब तक आम आदमी इस त्रासदी को जीने के लिये मजबूर होते रहेंगे। भारत के लोकतंत्र के शुद्धिकरण एवं मजबूती के लिये अपराधिक राजनेताओं एवं राजनीति के अपराधीकरण पर नियंत्रण की एक नई सुबह का इंतजार कब तक करना होगा? त्रासद एवं दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि पूर्व एवं वर्तमान विधायकों और सांसदों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित की गई अदालतें उनके मामलों का समय पर निपटारा करने में विफल साबित हो रही हैं। बड़ी संख्या में मामलों का लंबित रहना, जिनमें से कुछ तो दशकों से लंबित हैं, यह दर्शाता है कि सांसदों एवं विधायकों का अपने विरुद्ध मामलों की जांच या सुनवाई पर बहुत अधिक प्रभाव है और अपने राजनीतिक वर्चस्व एवं प्रभाव के कारण मुकदमे को पूरा नहीं होने दिया जाता है।

ऐसा लगता है कि उच्च न्यायालय अपने इस दायित्व का निर्वहन सही तरह से नहीं कर पा रहे हैं। समय-समय पर ऐसी खबरें भी आती रही हैं कि एमपी-एमएलए अदालतों को जनप्रतिनिधियों के मामलों के निपटारे में तेजी लाने को कहा है, लेकिन इसके कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ सके। समझना कठिन है कि जिन अदालतों का गठन ही कुछ विशेष मामलों के निस्तारण के लिए हुआ है, वे उनकी सुनवाई में प्राथमिकता का परिचय क्यों नहीं दे रही हैं? उचित यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट इन अदालतों को यह स्पष्ट निर्देश दे कि वे जनप्रतिनिधियों के मामलों की सुनवाई एक निश्चित समय सीमा में करें और ऐसा करने के लिए उच्च न्यायालयों को निर्देशित करे। यदि ऐसा कुछ नहीं किया जाता तो राजनीति के अपराधीकरण को रोकना बहुत कठिन होगा और आपराधिक छवि के नेताओं के मामलें न्यायालयों में बढ़ते ही जायेंगे। यह स्थिति लोकतंत्र का उपहास उड़ाने वाली ही है। यह स्थिति अधिक चिन्ताजनक एवं दुखद इसलिये भी है कि अब तो गंभीर आपराधिक मामलों में जेल में बंद लोगों को चुनाव प्रचार के लिए भी जमानत देने का सिलसिला कायम हो गया है। जनप्रतिनिधि भी रक्षक नहीं, भक्षक हो रहे हैं। ये कानून का भक्षण करने में माहिर होते जा रहे हैं। ये कैसे जनप्रतिनिधि हैं जो पहले वोट मांगते हैं, फिर जीत के बाद लोगों को लात मारते हुए उनके साथ तरह-तरह के अपराध करते हैं। लोकतंत्र के मुखपृष्ठ पर बहुत धब्बे हैं, अंधेरे हैं, वहां मुखौटे हैं, गलत तत्त्व हैं, खुला आकाश नहीं है। मानो प्रजातंत्र न होकर अपराध तंत्र हो गया। क्या यही उन शहीदों का स्वप्न था, जो फांसी पर झूल गये थे? राजनीतिक व्यवस्था और सोच में व्यापक परिवर्तन हो ताकि कोई भी अपराधों में लिप्त नेता जन-प्रतिनिधि न बन सके।

दिल्ली नगर निगम चुनावों में जीते पार्षदों के संदर्भ में एडीआर और 'दिल्ली इलेक्शन वाच' ने चौंकाने वाली रिपोर्ट जारी कर यह बताया गया है कि दो सौ अड़तालीस विजेताओं में से बयालीस यानी सत्रह प्रतिशत निर्वाचित पार्षद ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, उन्नीस पार्षद गंभीर आपराधिक मामलों के आरोपी हैं। इससे पूर्व दिल्ली में फरवरी, 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद भी एडीआर ने अपने विश्लेषण में चुने गए कम से कम आधे विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज पाए थे। इसमें मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के विधायक थे। अब प्रश्न है कि दिल्ली नगर निगम हो या विधानसभा के चुनावों में भी आप पार्टी ने उम्मीदवार बनाने के लिए स्वच्छ छवि के व्यक्ति को तरजीह देने की जरूरत क्यों नहीं समझी? जबकि इस पार्टी का घोष ही रहा अपराध एवं भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति।

चुनावी सुधारों पर होने वाली तमाम चर्चाओं में राजनीति का अपराधीकरण एक अहम मुद्दा रहता है। राजनीति का अपराधीकरण-'अपराधियों का चुनाव प्रक्रिया में भाग लेना'-हमारी निर्वाचन व्यवस्था का एक नाजुक अंग बन गया है। मौजूदा लोकसभा सदस्यों में सर्वाधिक 29 प्रतिशत सदस्यों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि पिछली लोकसभा में यह आँकड़ा तुलनात्मक रूप से कम था। राजनीति का अपराधीकरण भारतीय लोकतंत्र का एक स्याह पक्ष है, जिसके मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय और निर्वाचन आयोग ने कई कदम उठाए हैं, किंतु इस संदर्भ में किये गए सभी नीतिगत प्रयास समस्या को पूर्णतः नियंत्रित करने में असफल रहे हैं। हालांकि एक अच्छी पहल यह हुई है कि अब हाईकोर्ट की इजाजत के बिना सरकार किसी भी सांसद एवं विधायक के खिलाफ दर्ज मामले वापस नहीं ले सकती है। राजनीति के अपराधीकरण के कारण चुनावी प्रक्रिया में काले धन का प्रयोग काफी अधिक बढ़ जाता है। इसका देश की न्यायिक प्रक्रिया पर भी दुष्प्रभाव देखने को मिलता है और अपराधियों के विरुद्ध जाँच प्रक्रिया धीमी हो जाती है। राजनीति में प्रवेश करने वाले अपराधी सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं और नौकरशाही, कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका सहित अन्य संस्थानों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। यह स्थिति समाज में हिंसा, भ्रष्टाचार, उत्पीड़न की संस्कृति को प्रोत्साहित करती है और भावी जनप्रतिनिधियों के लिये एक गलत उदाहरण प्रस्तुत करती है। वैसे तो भारत का लोकतंत्र बड़े-बड़े बाहुबली एवं आपराधिक पृष्ठभूमि के नेताओं के शर्मनाक कृत्यों का गवाह रहा है, बार-बार शर्मसार हुआ है। यही कारण है कि राजनीति का चरित्र गिर गया और साख घटती जा रही है।

इन वर्षों में जितने भी चुनाव हुए हैं वे चुनाव अर्हता, योग्यता एवं गुणवत्ता के आधार पर न होकर, व्यक्ति, दल या पार्टी के धनबल, बाहुबल एवं जनबल के आधार पर होते रहे हैं, जिनको आपराधिक छवि वाले राजनेता बल देते रहे हैं। आप ने भ्रष्टाचार एवं अपराधों पर नियंत्रण की बात करते हुए राजनीति का बिगुल बजाया। लेकिन यह दल तो जल्दी ही अपराधी तत्वों से घिर गया। नेताओं की चादर इतनी मैली है कि लोगों ने उसका रंग ही काला मान लिया है। अगर कहीं कोई एक प्रतिशत ईमानदारी दिखती है तो आश्चर्य होता है कि यह कौन है? पर हल्दी की एक गांठ लेकर थोक व्यापार नहीं किया जा सकता है। यही लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबसे बड़ा संकट है। आदर्श लोकतंत्र एवं समाज व्यवस्था का निर्मित करने की जिम्मेदारी इन्हीं नेताओं पर है, जिनका चरित्र एवं साख मजबूत होना जरूरी है। दुःखद स्थिति है कि भारत अपनी आजादी के अमृत काल तक पहुंचते हुए भी स्वयं को ईमानदार नहीं बना पाया, चरित्र सम्पन्न राष्ट्र नहीं बन पाया।

दृष्टि कोण

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है।

तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थिति भी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं।

स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है। इस प्रकार के सोशल मीडिया अकाउंट बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। समाज में पैसे का लोभ दिखाकर अश्लील शार्ट फिल्म और वेब सीरीज का गौरखधंधा धडल्ले से चल रहा है। मोबाइल एप्स और ओटीटी वेब पोर्टल पर अश्लील एवं संस्कृति विरोधी कंटेंट निर्बाध रूप से होना सरकार की बड़ी नाकामी है। यही कारण है कि ऐसे सभी प्रकार के मोबाइल एप्स और वेब पोर्टल पर भी सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।

तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। नैतिक मूल्यों के बिना ज्ञान न केवल बेकार हैं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक हैं। यही कारण है कि हमारी युवापीढ़ी बड़ी दुविधा में है; उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दिग्भ्रमित किया जाता है, जिससे वर्तमान भारतीय समाज न केवल प्रभावित होता है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऐसे अनेक प्रकार के अश्लील कंटेंट देखे जा सकते हैं जिसमें अश्लीलता के माध्यम से भारतीय परिवार व्यवस्था को नष्ट करने का काम भी षडयंत्रपूर्वक किया जा रहा है। जिसकी चर्चा समाज के भीतर प्रबुद्ध लोगों को करने की आवश्यकता है ताकि समय पर जागरूकता के साथ समाज और परिवार को गर्त में जाने से रोका जा सकता है।

विचार मंथन

# ट्रंप ने सारी दुनिया में गिराई अमेरिका की साख

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेशी भ्रष्ट आचरण कानून पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। ट्रंप के इस आदेश के बाद विदेश में व्यापार या ठेका हासिल करने के लिए अब अमेरिकी कंपनी द्वारा रिश्वत देना अपराध नहीं होगा। अभी तक अमेरिकी कानून के अनुसार यह एक बड़ा अपराध था, जिसके कारण अमेरिकी सरकार अथवा अमेरिका की कंपनियां जो सारी दुनिया के देशों में जो व्यापार करती थी, इस कानून से यह संदेश जाता था, अमेरिका की कंपनियां अन्य देशों में रिश्वत नहीं देती हैं। जिसके कारण अमेरिका की सरकार और अमेरिकी कंपनियों की साख पूरी दुनिया के देशों में बनी हुई थी। लुके-छुपे तौर पर यदि कोई कंपनी या व्यक्ति इस तरीके की कोशिश करता था, ऐसी स्थिति में अमेरिकी कानून के अनुसार उसे आर्थिक तथा आपराधिक मामलों में सजा से दंडित किया जाता था। ट्रंप ने जो निर्णय अभी लिया है, उससे सारी दुनिया के देशों में यह संदेश गया है। अमेरिका की कंपनियां अपने लाभ के लिए दुनिया के किसी भी देश के राजनेता, अधिकारियों या कारोबारियों को रिश्वत देकर ठेका हासिल कर सकती हैं। रिश्वत देकर सामान खरीदने-बेचने के कांटेक्ट हासिल कर सकती हैं। अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के अन्य देशों को इस निर्णय से सबसे बड़ा नुकसान होने जा रहा है। किसी भी देश में अमेरिका की कंपनियों से व्यापार या कारोबार किया जाएगा, वह सभी शक के दायरे में होंगी। जिन देशों के कारोबारी या सरकारें अमेरिकी कंपनियों से खरीददारी करेंगी, उन्हें भी शक की निगाह से देखा जाएगा। ट्रंप का यह निर्णय ऐसे समय पर आया है, जबकि अमेरिकी कानून के अनुसार भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी सहित आठ लोगों के ऊपर अमेरिका में अपराधिक मामला दर्ज है। 21 नवंबर 2024 को अमेरिका की कोर्ट में 2200 करोड़ रुपए की घूस के मामले में गौतम अडानी और अन्य के खिलाफ वारंट जारी हो चुके हैं। वारंट जारी होने के बाद से गौतम अडानी अमेरिका नहीं जा पा रहे हैं। उनका व्यवसाय पूरी दुनिया में प्रभावित हुआ है। गौतम अडानी ने अमेरिकी कानून से बचने के लिए वहां के सांसदों को अपनी पैरवी में उतारा था। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अडानी को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर भी राजनायिक और कूटनीतिक संबंधों का इस्तेमाल कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के पहले भारत सरकार ने जिस तरह से आयात-निर्यात व्यापार में अमेरिका के पक्ष में शुल्क को घटाया है, वह सब अडानी समूह की राहत से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रंप और एलन मस्क की जोड़ी की राजनेता के स्थान पर एक कारोबारी के रुप में पहचान है। दोनों ही अपने निजी कारोबार एवं फायदे को ध्यान में रखते हुए अमेरिकी सरकार के निर्णय कर रहे हैं। गौतम अडानी और भारतीय कारोबार पर एलन मस्क की भी नजर है। डोनाल्ड ट्रंप भी भारत में अपना कारोबार बढ़ाने के प्रयास में लगे हुए हैं। गौतम अडानी की गर्दन पूरी तरह से अमेरिका के शिकंजे में फंस गई है। भारत सरकार किसी भी कीमत पर गौतम अडानी को अमेरिकी कानून के चक्कर से बचाना चाहती है। अडाणी को बचाने के चक्कर में भारत को काफी आर्थिक नुकसान उठाने पड़ेंगे। दीर्घकालीन कई ऐसे समझौते हो सकते हैं, जिसके कारण भारत के हित बुरी तरह से प्रभावित होंगे। अमेरिका को भी अभी तक का सबसे बड़ा नुकसान होने की आशंका बन गई है। डोनाल्ड ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका की नैतिकता और पारदर्शिता पूरी तरह से दुनिया के देशों में खत्म होगी। ट्रंप के वर्तमान निर्णयों से अमेरिका की छवि एक गैंगस्टर की तरह बनने लगी है। जो लाभ के लिए किसी भी स्तर पर जाकर नैतिक और अनैतिक काम करने से पीछे नहीं हटता है। अमेरिका से कारोबार करने वाले अन्य देशों के राजनेताओं और कारोबारियों के ऊपर रिश्वतखोरी के आरोप बड़े पैमाने पर लगेंगे, जिसके कारण दुनिया के देशों में राजनीतिक अस्थिरता, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार का वातावरण बढ़ेगा। अमेरिका को इतना बड़ा नुकसान इसके पहले कभी नहीं हुआ, जो अब हो सकता है। एक बार अमेरिका की छवि रिश्वत देकर कारोबार करने की बन गई, तो दुनिया के सभी देश अमेरिका के साथ दूरियां बनाना शुरू कर देंगे। अमेरिका अभी दुनिया का बादशाह बना हुआ है। ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका की बादशाहत खतरे में पड़ जाएगी। इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जल्द ही इसके परिणाम अमेरिका को भोगना पड़ सकता है। जिस तरह से ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत हुई है। उसके बाद कहा जाने लगा है, जिस तरह से सोवियत रूस, रेत के महल की तरह भरभरा कर गिरा था। उसी स्थिति में अब अमेरिका ने सफर शुरु कर दिया है।

आधा सच आधा झूठ

# क्या कांग्रेस वाकई एक डूबता जहाज है

भारत को 2014 में मिली असली आजादी के बाद भाजपा से लगातार जूझ रही कांग्रेस को दिल्ली विधानसभा चुनाव में जनता द्वारा नकारे जाने के बाद क्या ये लगने लगा है कि -कांग्रेस अब एक डूबता जहाज है और अब कोई दूसरा दल इस पर सवारी नहीं करना चाहेगा ? सवाल जायज भी है और इस पर विमर्श भी होना चाहिए। बल्कि यूं कहें कि इस मुद्दे पर विमर्श शुरू भी हो चुका है। 2026 में होने वाले बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए तृणमूल कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन में रहने या कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने से इंकार कर इस विमर्श का श्रीगणेश कर दिया है।

इस बात में कोई दो राय नहीं हो सकती कि देश में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ मोर्चा लेने में कांग्रेस शुरू से अग्रणीय रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मात्र 44 सीटों पर सिमटी कांग्रेस ने मैदान नहीं छोड़ा। भाजपा ने तब 286 सीटें अकेले दम पर जीती थीं। पांच साल लगातार विपक्ष में बैठने के बावजूद कांग्रेस अपने ढंग से काम करती रही और 2019 के चुनाव में कांग्रेस 44 सीटों से बढ़कर 52 सीटों पर आ गयी। कांग्रेस के लिए हालाँकि ये कोई बड़ी उपलब्धि नहीं थी ,लेकिन कुल 8 सीटें ज्यादा हासिल कर कांग्रेस को थोड़ी -बहुत ऊर्जा जरूर मिली। डूबते को तिनके का सहारा होता है।

लगातार दूसरी जीत के बाद भाजपा की चाल,चरित्र और चेहरे में अप्रत्याशित रूप से बदलाव आया । भाजपा ने अपने दूसरे कार्यकाल में पूरी ताकत से अपने एजेंडे पर काम करना शुरू किया। जम्मो-कश्मीर से धारा 370 हटाई, अयोध्या में राममंदिर बनाने का रास्ता साफ़ कर मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कर उसे पूरा भी किया और लगातार एक के बाद एक राज्यों में अपनी बढ़त बनाई ,लेकिन कांग्रेस पीछे नहीं हटी । कांग्रेस ने अपने सहयोगी दलों के साथ भाजपा के दांत खट्टे करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा की नफरत के मुकाबले मुहब्बत की दूकान खोली । पूरे देश में दो बार पदयात्रा कर जन-जागरण की कोशिश की ,परिणाम स्वरूप 2024 के आम चुनाव में कांग्रेस जहाँ 52 से आगे बढ़कर 99 पर पहुंची ,वहीं भाजपा का 400 पार का सपना चकनाचूर हो गया और भाजपा 240 पर सिमिट गयी।

भारत की राजनीति में कांग्रेस का उत्थान और पतन होता ही रहा है। एक लम्बी दास्तान है कांग्रेस के उत्थान और पतन की। 4 जून 2024 के बाद पिछले 9 महीने में देश में जितने भी विधानसभाओं के चुनाव हुए हैं उनमें से कर्नाटक,केरल,हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड को छोड़ कांग्रेस कहीं भी भाजपा का विजय रथ नहीं रोक सकी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस का सूपड़ा ही साफ़ हो गया ,और इसी के साथ कांग्रेस की अगुवाई में बने आईएनडीआईए यानि इंडिया गठबंधन में विखराव शुरू हो गया। दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का साथ और हाथ दोनों छोड़े और सत्ता से बाहर हो गयी। महाराष्ट्र में भी भाजपा ने कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया । हरियाणा में भी कांग्रेस के जीत के सपने को तोड़ा और अब उसका निशाना कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन भी है।

भाजपा बिहार में विधानसभा के चुनाव से पहले कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की कमर तोड़ देना चाहती है। बिहार में चुनाव इसी साल अक्टूबर में होना है । अगले साल बंगाल का नंबर है। बिहार विधानसभा चुनावों से पहले बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से इंकार कर दिया है। बिहार में कांग्रेस का राजद से गठबंधन है। यहां क्या होगा कहना कठिन है। लेकिन कांग्रेस के लगातार अकेले पड़ने की वजह से जहाँ देश में क्षेत्रीय दल एक-एककर भाजपा के शिकार बन रहे हैं वहीं कांग्रेस के वजूद पर भी प्रश्नचिन्ह भी लगते जा रहे हैं। ये तय है कि कांग्रेस जिस मुखरता से हार-जीत की परवाह किये बिना भाजपा का मुकाबला कर रही है उतनी दम देश के किसी और राजनीतिक दल में नहीं है । कांग्रेस का साथ न देकर बीजद ने उड़ीसा खोया है तो आम आदमी पार्टी ने दिल्ली गंवा दी है और यदि तृणमूल कांग्रेस भी यही गलती करती है तो तय मानिये की उसका हश्र भी बीजद और आम आदमी पार्टी जैसा ही होगा।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी 2026 का विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी । कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन से उन्होंने इनकार किया है, क्योंकि उसने कांग्रेस को डूबता जहाज मान लिया है। लेकिन सवाल ये है कि क्या सचमुच ममता बनर्जी की पार्टी जैसा सोच रही है वैसा ही दूसरे विपक्षी दल भी सोच रहे हैं ? अभी तक उद्धव ठाकरे की शिव सेना हो या तेजस्वी यादव की राजद या अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ,इन सभी ने कांग्रेस का न हाथ छोड़ा है और न साथ। जब तक ये सभी कांग्रेस के साथ हैं तब तक कांग्रेस को डूबता जहाज मानना टीएमसी की एक भूल के सिवाय कुछ भी नहीं है। आपको बता दें की ममता बनर्जी ने अपने विधायकों और मंत्रियों से कहा कि टीएमसी 294 सीटों वाली राज्य विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत के साथ 2026 का चुनाव अपने दम पर जीतेगी।

मुझे न ममता बनर्जी के आत्म विश्वास पर संदेह है और न कांग्रेस के डूबने को लेकर कोई शक। लेकिन मेरा मानना है कि कांग्रेस विहीन भारत की कल्पना को साकार करने में भाजपा को अभी लम्बी लड़ाई लड़ना पड़ेगी। कांग्रेस का डीएनए अमीबा जैसा है। अमीबा कभी मरता नहीं है। अमीबा जितना विखंडित होता है उतना ही विकसित होता जाता है। कांग्रेस पिछले सवा सौ साल में दर्जनों बार विभाजित,पराजित हुई है लेकिन समाप्त नहीं हुई ,अर्थात उसका जहाज कभी भी टाइटेनिक की तरह समुद्र की सतह में नहीं समाया। कांग्रेस डूबकर भी हर बार सतह पर आयी है। न भी आये तो देश कहीं जाने वाला नहीं है।

# पलामू टाइगर रिजर्व में युवा हाथी की संदिग्ध मौत, आपसी संघर्ष की आशंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी वन प्रमंडल अंतर्गत गारू पश्चिमी वन क्षेत्र के बीसी-10 में एक युवा हाथी की मौत हो गई है। घटना शनिवार की रात की बताई जा रही है।घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम हाथी के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में लग गई है।घटना को लेकर डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष ने बताया कि वन विभाग पूरे मामले की छानबीन कर रही है। दरअसल, पलामू टाइगर रिजर्व में एक हाथी की मौत होने की सूचना वन विभाग को मिली।सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मामले की पुष्टि करने घटना स्थल पर पहुंची तो पाया कि वहां एक युवा हाथी का शव पड़ा हुआ है।बाद में इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी गई। हालांकि हाथी की मौत कैसे हुई, इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। हाथी के दांत भी पूरी तरह सुरक्षित है।इसलिए संभावना जताई जा रही है कि हाथियों के आपसी संघर्ष में युवा हाथी की मौत हुई है। **घटना स्थल पर मिले हैं खून के छींटे** बताया जाता है कि घटनास्थल पर खून के छींटे भी मिले हैं।इसीलिए यह संभावना प्रबल हो गई है कि हाथियों के आपसी संघर्ष के कारण ही युवा हाथी की मौत हुई होगी।हालांकि मौत के कुछ और भी कारण हो सकते हैं, जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा. रविवार को हाथी के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है।शनिवार की रात हाथी की मौत हुई है। मौके पर पोस्टमार्टम टीम को भेजा गया है।घटनास्थल पर खून के छींटे भी मिले हैं।कुमार आशीष, उपनिदेशक, पीटीआर ने बताया कि हांथी युवा अवस्था में है और दांत भी मौजूद है।यह हाथीयों की आपसी संघर्ष भी हो सकता है या कोई घटना भी हो सकती है। मामले की छानबीन जारी है

# दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डटमी में दो अलग अलग हादसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका ईलाज अभी रांची लालपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना शनिवार देर शाम की है। पहली घटना ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार डटमी गांव निवासी मो फारूक 55 वर्षीय सड़क किनारे स्थित डटमी मस्जिद से असर की नमाज पढ़ कर घर वापस जा रहे थे इसी बीच एक ट्रैक्टर ने अपने चपेट में ले लिया जिस से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भागने में सफल रहा। वही दूसरी घटना इसी गांव के मो गुलाम मुस्तफा 50वर्षीय टेंट हाउस वाले अपनी पिकअप गाड़ी में कुछ खराबी को देख रहे थे और गाड़ी ढल गई जिस से उन्हें सर में गंभीर चोट आई प्राथमिक उपचार के बाद मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया चिकित्सकों ने उपचार के उपरांत स्थिति गंभीर को देख कर बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया. जहां से परिजनों ने बेहतर ईलाज के लिए रांची के लालपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। इधर गांव में पूरा मातम पसरा रहा परिजनों के चीख चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन है।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने कमिटी पुनर्गठन को लेकर तीन पंचायत में किया बैठक



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कमेटी पुनर्गठन को लेकर तीन पंचायत में रविवार को बैठक किया। पहरा पंचायत के मारंगी बारियातू पंचायत भवन मंझगावां पंचायत के बेलाथान में की गई। बैठक में झामुमो को उच्च स्तर तक मजबूत करने की बातें की गई। जहां पहरा पंचायत अध्यक्ष रोहन यादव,बारियातु पंचायत अध्यक्ष संतोष गुप्ता, मंझगावां पंचायत अध्यक्ष संदीप दांगी को चयन किया गया। इस बैठक को संचालन एवं कमेटी के गठन के लिए से झामुमो नेता बैजनाथ दांगी के साथ उनके सहयोगी बैठक में शामिल थे।

## पशु मेला संचालन कमिटी का किया गया विस्तार



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कालेश्वरी मंदिर परिसर में शिव रात्रि के मौके पर लगने वाले 10 दिवसीय पशु मेला का संचालन कमिटी का विस्तार रविवार को किया गया। विस्तार मेला कमिटी अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। जिसमें जयप्रकाश दांगी को उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार को सचिव, देवनारायण दांगी को सहसचिव, बिनोद पासवान को कोषाध्यक्ष बनाया। जबकि विधायक प्रतिनिधि सह मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार को निदेशक बनाया है।

# प्रीमियम लीग सिजन 2 फाइनल मैच हिंदुस्तान फाइटर ने टाइटंस टाइगर को 25 रनों से हराया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत जवाहर फुटबॉल मैदान में चल रहे गिद्धौर प्रीमियर लीग सीजन 2 का समापन रविवार को किया गया। सीजन 2 का फाइनल मुकाबला हिंदुस्तान फाइटर ने टॉस जीतकर निर्धारित 12ओवर में पांच विकेट खोकर 148 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी टाइटंस टाइगर की टीम ने 8 विकेट पर123 रन बना पाई।और हिंदुस्तान फाइटर ने 25 रन से सीजन 2 का मुकाबला जीत लिया। समापन के मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी ने विजेता हिंदुस्तान फाइटर को शील्ड व 31000 का डमी चेक दिया। साथी उपविजेता टाइटन टाइगर को शील्ड व 21000 का डेमी चेक दिया। इस दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष ने संबोधित करते हुए खिलाड़ियों को नशा छोड़ खेल की ओर आकर्षित होने की बातें कहे। मौके पर सीजन 2 के अध्यक्ष निरंजन दांगी मुखिया निर्मला देवी विनोद पासवान प्रेम राणा मौजूद थे।

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत 5 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# हंटरगंज प्रखण्ड के लेंजवा पंचायत मुखिया योगेन्द्र यादव ने लिया भाग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखण्ड सरकार पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण भारतीय प्रबंध बोधगया में शनिवार को संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए राज्यों की सहायता करना है। ताकि चुने गए प्रतिनिधि सौंपे गए कार्यों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से निष्पादित कर सकें। इस प्रशिक्षण में हंटरगंज प्रखण्ड लेंजवा पंचायत के मुखिया योगेन्द्र यादव ने भाग लिया।इस संदर्भ में योगेंद्र ने बताया कि यह प्रशिक्षण ग्रामीण विकास को नई दिशा देने और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा -निर्देश दिया गया। पंचायत विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा सोशल मीडिया का प्रयोग करना, संसाधनों का उपयोग, आय में वृद्धि, संसाधन को खोज कर लोगों को रोजगार से जुड़वाना, ग्रामीणों के मूलभूत उपयोगी योजना पर ही खर्च करना, पंचायत के मूलभूत सुविधा शिक्षा स्वास्थ्य आवास सड़क नाली मुहैया करवाना, केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा दी गई योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण शासन के लिए संस्थाओं की क्षमताओं को मजबूत करना है।

## चंदवा में 8 एकड़ में फैली अवैध अफीम की फसल नष्ट, 10 पर केस दर्ज



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के चंदवा थाना के ग्राम तोडार में थाना प्रभारी एवं पुलिस बल के द्वारा -5 (पांच) ट्रैक्टर की मदद से लगभग 7 से 8 एकड़ भूमि में लगी पोस्ता/अफीम की खेती को विनष्ट किया गया। कुछ खेतों में फल तैयार हो गये थे जिसमें चीरा लगाकर अफीम निकालने की स्थिति में हो गई थी।एनडीपीएस एक्ट के तहत अवैध अफीम की खेती करने वाले 10 नामजद एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने किया 32 यूनिट रक्तदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के जन्मदिन पर रविवार को गढ़वा में कार्यकर्ताओं द्वारा 32 यूनिट रक्तदान किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री के गढ़वा स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। मौके पर झामुमो के जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने सेवा का मिसाल कायम किया है। सचिव मनोज ठाकुर ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने वालों में धीरज दुबे, इम्तियाज सिद्दीकी उर्फ मुन्ना, अंकुश सिंह, धीरज गुप्ता, हरिओम चैबे, आरिफ अंसारी, फैयाज अंसारी, मासूम खान, विवेक सिंह, तरेश कुमार सिंह, बबलू सिंह, अहमद रजा, चंदन जायसवाल, उमेश यादव, रेखा चैबे, शुभम गुप्ता, नैयर अंसारी, धनंजय यादव, छोटू कुमार, राजा सिंह (सौरव सिंह), अनिकेत सिंह, सुजाता सिंह, मयंक द्विवेदी, समीरा बीबी, प्रिंस सिंह, प्रियम सिंह, मुकुल कुमार, रबिन्द्र पासवान, ऋत्विक कुमार सिंह, मो. जाफर खान, रौशन सिंह व अभिषेक मेहता का नाम शामिल है।

# एसएम स्टील्स एण्ड पावर लिमिटेड कम्पनी को जमीन नहीं देंगे : ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत बरवाडीह गांव मे दर्जनों महिला पुरुष ने बैठक कर एसएम स्टील्स एण्ड पावर लिमिटेड कम्पनी को जमीन नहीं देने का विचार किया। ग्रामीण आदित्य कुमार यादव, सकेंद्र यादव,भुखल यादव,नरेश गंझु, मोहन महतो, प्रमोद गंझु, दिलीप गंझू, सकेंद्र गंझु, अजय सिंह, पिंटू कुमार सिंह, संदीप सिंह, विनोद गंझु, शंकर गंझु, राजू गंझु, अर्जुन गंझु, बजन गंझु, महेन्द्र गंझु, अशोक भुइयाँ, संतोष, यादव, प्रकाश गंझु, ममता देवी, सीता देवी रीता देवी, अनीता देवी, जयंती देवी, विजेता देवी, चिंता देवी, रूनीय देवी, सुरमणि देवी जागेश्वर गंझु, लालू गंझु, बाबूलाल गंझु, संजय पासवान, जगमोहन गंझु, कुन्ती देवी, मतोरवा देवी, दीपक गंझु, रमेश गंझु सहित कई महिला पुरुष ने बातया की बीते दिन 14 फरवरी को बनवार खेल मैदान मे एसएम स्टील्स एण्ड पावर लिमिटेड कम्पनी द्वारा बारवाडीह के ग्रामीण छोड़ कर दूर दराज के लोगो को बुलाकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। कम्पनी के बिचौलिए द्वारा हमलोगो को कोई किसी प्रकार का ग्राम सभा होने की सूचना नहीं दिया गया था. ग्राम सभा मे सभी ग्रामीणों को कम्पनी लगाने और सहमति देने तथा जमीन देने को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया था आसपास के टोले के लोग जमीन देंगे लेकिन बारवाडीह टोले की ग्रामीण जमीन नहीं देंगे। यहां लोग पीढ़ी दर पीढ़ी से निवास करते आ रहे हैं नया सर्वे मे जमीन की भारी गड़बड़ी हुई है। कई लोगों को गैरअजूरवा भूमि का बंदोबस्ती परचा प्राप्त हुआ और ऑफ़लाइन रसीद भी कटा हुआ है। नया सर्वे मे किसी और का दिखा रहा है। हमलोग गरीब मजदूर अशिक्षित लोग हैं। इसलिए हमलोग इस टोले के लोग बैठक कर निर्णय लिया है की कम्पनी को जमीन नहीं देंगे।उपस्थित ग्रामीणों ने कहा की हमारे यहां कम्पनी लगने से परेशानी सहनी पड़ेगी. वही सभी उपस्थित ग्रामीणों ने नारे लगा रहे थे कि अपना जान दे देंगे लेकिन अपना जमीन कम्पनी को कभी नहीं देंगे।

## श्री रुद्र महायज्ञ प्राण प्रतिष्टा में उमड़ने लगी श्रद्धालुओं की भीड़




**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुरपा ग्राम के हरिया ताड़ में सात दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा श्री रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ने लगी है। महायज्ञ के तीसरे दिन मुरपा, भगिया, ओकिया, मारंग लोइया समेत कई गांव के श्रद्धालु सुबह से ही यज्ञ मंडप में फेरा लगा कर अपनी मनोकामना की। वहीं कई श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कि। अयोध्या से आएं प्रवचन कर्ता श्री नरोत्तम दास, श्री प्रेम नारायण स्वामी एवं श्रीनिवास चौबे द्वारा प्रवचन कर यज्ञ से होने वाले फायदा की जानकारी दी। प्रवचन संध्या 6ः00 से आरंभ हुआ जो तीनों प्रवचन कर्ता के द्वारा बारी बारी से रात्रि 9ः45 बजे तक श्री मद भागवत कथा की जानकारी दी। वही बनारस से आए हुए रासलीला टीम द्वारा रात्रि 9 बजे से 11:00 बजे तक रासलीला का मंचन किया। इस महायज्ञ को सफल बनाने में बालेश्वर साब, बीरबल पासवान, पंकज गुप्ता, कलेश्वर साहू, दिनेश प्रजापति, संजय कुमार, ललन कुमार यादव, दीपक यादव, भारती यादव, रामदेव साहू, नंदकिशोर राम ,बीरबल पासवान, कोलेश्वर साब, सुरेश साव, उमेश साव, संदीप साहू, नरेश पाहन, बंधन साव समेत कई लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# बालूभांग में पुलिस ने 70 एकड़ भूमि में लगे पोस्ता कि फसल को किया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** पुलिस व वन विभाग के संयुक्त नेतृत्व में रविवार को एक विशेष अभियान चलाकर 70 एकड़ भूमि मे अवैध पोस्ता कि फसल को नस्ट किया. थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बातया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मिली गुप्त सूचना व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के निर्देश के आधार पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। दल ने बारियातु थाना क्षेत्र के ग्राम बालूभाँग, गुरवे, पूर्णाडीह, मुर्गीदौड़ा मे 70 एकड़ भूमि मे लगे अवैध पोस्ता अफीम कि फसल को ट्रैक्टर, घाँस कटर एवं लाठी डंडो से पीटकर विनस्ट किया गया.आगे उन्होंने कहा की अभियान जारी है, और इस अवैध खेती में संलिप्त दोसी व्यक्तियों की विरुद्ध पहचान कर प्रथामिकी दर्ज की जा रही है. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की अवैध पोस्ता की खेती करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर इस अभियान में बालूभाँग मुखिया केदार गंझु एवं वार्ड सदस्य मनोज राम सहित थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन द्वारा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित किनामांड़ केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की 11वीं बटालियन ने कीनामांड़ कैंप स्थित खेलकूद मैदान में वाहिनी के 65 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अंतर-कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।इस प्रतियोगिता का उद्घाटन बटालियन कमांडेंट यादराम बुनकर द्वारा किया गया।उल्लेखनीय है कि 11 बटालियन का स्थापना दिवस दिनांक 28 फरवरी 2025 को मनाया जाएगा।इस अवसर से पूर्व वाहिनी कंपनियों के बीच मैत्री मैच का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम एवं खिलाड़ियों का चयन कर स्थापना दिवस पर उन्हें पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा।प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर कमांडेंट श्री बुनकर ने 11 टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने बटालियन के उत्कृष्ट कार्यों की भी सराहना की।इस कार्यक्रम में वाहिनी के प्रमुख चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमरनाथ कूपर, द्वितीय कमान अधिकारी पिताम्बर पंडा, उप-कमांडेंट मुकेश कुमार सहित सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# झारखंड गृह रक्षा वाहिनी गुमला जिला के नव नामांकित गृह रक्षकों का पारण परेड कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के नव नामांकित गृह रक्षकों के प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 16 फरवरी को आयोजित पारण परेड में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय शामिल हुई। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया,मौके पर रोहित आनंद समादेष्टा हजारीबाग मौजूद रहे। तत्पश्चात् उपायुक्त के द्वारा उन सभी 206 प्रशिक्षु गृह रक्षकों को पद और गोपनीयता शपथ दिलाई गई।उपायुक्त के द्वारा मुख्य परेड कमाण्डर पवन कुमार साहु, द्वितीय परेड कमाण्डर सोमनाथ भगत एवं अन्य सभी कम्पनी के कमाण्डर को पुरस्कृत किया गया। क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग में महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा का कार्यालय के द्वारा 16 दिसंबर 2024 से 16 फरवरी 2025 तक कुल 63 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया,जिसमें कुल 206 प्रशिक्षु गृह रक्षक (सभी गुमला जिला के) सम्मिलित हुए। उपायुक्त ने अपने संबोधन में सभी नव नामांकित गृह रक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए संबोधित किया। उन्होंने कहा वर्दी धारण करने का अर्थ है अनुशासित रहना। वर्दी रक्षा का प्रतीक है विश्वास का प्रतीक है। किसी भी वर्दीधारी को ऐसा कोई भी कार्य नहीं करना



चाहिए जिससे वर्दी के सम्मान पर ठेस पहुंचे। उन्होंने गृह रक्षा वाहिनी के सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कम समय में व्यवस्थित प्रशिक्षण देने पर तारीफ की तथा सभी प्रशिक्षु लगन एवं तन्मयता से प्रशिक्षण पूर्ण किए वें भी बधाई की पात्र है। सभी को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

**प्रशिक्षुओं को दक्ष बनाने के लिए कई अन्य प्रकार के दिए गए है प्रशिक्षण**

क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु गृह रक्षकों के अनिल पलटा डी0जी0 के निर्देशन में अनेको प्रकार के प्रशिक्षण दिया गया। जैसे-टर्नआउट, व्यक्तिगत कवायद, आधुनिक हथियार (5.56 एम0 एम0 इन्सास), भीड़ नियंत्रण, गार्ड / संतरी का कर्त्तव्य, नागरिक सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, अग्निशमन, भी0आई0पी0 ड्यूटी, यातायात नियंत्रण, अनुशासन, श्रम एवं आपदा प्रबंधन इत्यादि। प्रशिक्षण के क्रम में प्रशिक्षु गृह रक्षकों को .303 रायफल एवं 5.56 एम0 एम0 इन्सास से 10-10 राउण्ड लक्ष्याभ्यास / लक्ष्याभेदन फायरिंग रेंज पदमा हजारीबाग में कराया गया।

# हजारीबाग यूथ विंग 3 मार्च को आयोजित करेगा रक्तदान शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आगामी 3 मार्च को आयोजित भव्य रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए विभिन्न विद्यालयों, संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों के साथ जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित कई अन्य लोगों को संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। इन सभी से आग्रह किया गया की वे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाएं और रक्तदान के इस पुनीत कार्य में सहयोग करें। इस शिविर के माध्यम से 200 से भी अधिक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों, जिन्हें हर 45 दिनों में रक्त की आवश्यकता होती है, उनके लिए जीवनदायी रक्त एकत्रित किया जाएगा। सभी से अपील की गई है कि वे आगे आकर इन बच्चों के लिए एक सहारा बनें। यह रक्तदान शिविर लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में आयोजित होगा और प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। रक्त संग्रहण का कार्य शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज



ऑफ अस्पताल तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से किया जाएगा। रक्तदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर 10 से अधिक रक्त संग्रहण बेड एवं रक्त कुर्सी लगाई जा रही हैं, ताकि रक्तदान प्रक्रिया में किसी को असुविधा न हो। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस महत्त्वपूर्ण सामाजिक कार्य में अपना योगदान दें और मानवता की सेवा में आगे आएं।

# पूर्व विधायक ने चादर पोशी कर माँगी माण्डू विधानसभा मे अमन-चैन की दुआ

**100वें उर्स मुबारक पर हजरत मेहराब शाह बाबा की मजार पर की गई चादर पोशी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा मुहल्ला स्थित मदरसा अयाजुल वारसिया से शनिवार को हजरत मेहराब शाह बाबा का 100 वें उर्स मुबारक पर चादर गागर निकाला गया। उर्स मुबारक के मौके पर चादर गागर विष्णुगढ़ के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए महंत अखाड़ा चौक, गोला चौक, बौलियागंज चौक, कसेरा मुहल्ला होकर लक्ष्मण बागी रमुआ मजार पहुंची। जहां सभी इस्लामिया अंजुमन कमिटी एवं दूर दराज से आए लोगो ने चादर पोशी की। इस अवसर पर मांडू विधान सभा के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने दरबार में जाकर माथा टेककर अपने क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की दुआ मांगी। बता दें कि इस तीन दिवसीय उर्स पर भव्य मेला का आयोजन किया जाता हैं। जिसमे झारखंड के कई जिले से सभी धर्मो के श्रद्धालु लोग यहां आते हैं, और चादर पोशी करते हैं। इस दौरान भेज, पुलाव और शरबत का वितरण किया जाता है। इस मजार पर स्थानीय जनप्रतिनिधि का कोई ध्यान नहीं है, बिजली, पानी, सड़क, शौचालय, विश्रामाघर जैसे हर चीज से वंचित



है। यह जगह गंगा जमुना तहजीब के लिए ऐसे पवित्र स्थल का जीर्णोद्वार परम निहित है। युक्त जानकारी शाहमत खान के वंशज चेडरा निवासी असगर खान ने दी। असगर खान के पूर्वज ने ही इस सूफी संत के मजार का उजागर किया था। इस गंगा जमुना तहजीब के पाशबनी के लिए इस्लामिया अंजुमन कमेटी और उच्च समिति के तत्वाधान में 100 उर्स मुबारक हजरत मेहराब बाबा द्वारा आयोजन में समसुल हक ,साबिर शेख, मो0 वाहिद ,मुमताज़ आलम ,अब्बास अंसारी ,शरफुद्दीन शेख, एहशान खान, जाहिर खान ,सुल्तान हैदर , वशी अहमद आफताब आलम,शमशेर खान, जावेद खान ,दिलेर आज़ाद ,समीर खान का सराहनीय योगदान रहा।

# बरही में रविवार को दिन भर एनएच टु रहा जाम, लोग दिखे परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही में बीते रात्रि से ही एनएच टु पूरी तरह से जाम दिखाई। सड़कों पर गाड़ियां रेगती हुई नजर आई। जाम रात्रि से शुरू हुई और रविवार को पूरे दिन रहा। इस दौरान महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालु काफी परेशान दिखे, खास करके महिला श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दे कि बरही में इन दिनों लगातार जाम की समस्या से जन जीवन अस्त व्यस्त है। स्थानीय लोग भी इस जाम से हलकान है। इधर दिन हो या रात हर दिन जाम लगना आम सी हो गई है। जब जाम लगती है तो कई घंटे वाहनों को जाम में फसना पड़ता है। ऐसे में वाहनों की लंबी कतार से यात्रियों को पानी, भोजन की काफी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जाम की स्थिति से निपटने के लिए रात से ही बरही थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास



कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर कुमार, समेत पुलिस बल की टीम तत्परता से लगे रहे हैं। बता दे की महाकुंभ को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग दो के माध्यम से उड़ीसा, बंगाल और झारखंड से बड़ी संख्या में हर दिन वाहनों का कतार प्रयागराज की ओर जा रहा है। श्रद्धालुओं के दल लगातार प्रयागराज की ओर अग्रसर है। बता दें कि तीन राष्ट्रीय राज्य मार्गो का संगम स्थल बरही चौक है। इस चौक से छोटी बड़ी सहित भारी भरकम मालवाहक अनगिनत वाहनों को प्रतिदिन गुजरना होता है। लेकिन ट्रैफिक की व्यस्था नहीं होने के कारण बरही चौक पर गाड़ियां जैसे तैसे गुजरने लगती है, जिसके कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। लोगों का कहना है कि यदि बरही चौक पर ट्रैफिक की व्यवस्था की जाए तो जाम में कमी आएगी। लेकिन ट्रैफिक की व्यवस्था के प्रति ना ही शासन प्रशासन और ना ही जनप्रतिनिधियों को इसकी चिंता है।

# विष्णुगढ की स्वास्थ्य सुविधा की बेहतरी को स्वास्थ्य मंत्री से मिले जिप सदस्य

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब शुक्रवार को झारखण्ड सरकार में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से आत्मीय मुलाकात कर क्षेत्र से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया। इस बाबत जानकारी देते हुए शेख तैयब ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री से विष्णुगढ़ में स्वास्थ्य



व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए गौर फरमाने को कहा। कहा कि विष्णुगढ़ सीएचसी में कामचलाउ व्यवस्था तो है,परन्तु स्वास्थ्य से जुड़े बेहतर उपकरण के आभाव में जनहानि होती है। इस जनहानि को रोकने के लिए विष्णुगढ को स्वास्थ्य हब के रूप में विकसित किये जाने की जरूरत है। विष्णुगढ में बाहरी आय के मामले में सिर्फ कृषि पर निर्भरता बनी है।विष्णुगढ़ को विकास की राह पर मजबूती से आगे ले जाना है,तो स्वास्थ्य और शिक्षा के हब के रूप में विकसित कर इसकी दशा और दिशा बदली जा सकती इन सभी बातों को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के समक्ष रखा जिसे पूरा करने का भरोसा प्राप्त हुआ।

# विनोद प्रगतिशिल फाउण्डेशन के अध्यक्ष ने महाकुंभ संगम में लगाई आस्था की डुबकी



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने रविवार को अपने भाई व शुभचिंतकों के साथ महाकुंभ के संगम में आस्था की डुबकी लगाई। वहीं उन्होंने कहा कि आज महाकुंभ में डुबकी लगाकर मैं भी करोड़ों लोगों की तरह धन हुआ। माँ गंगा सभी को असीम शांति, बुद्धि, सौहार्द और अच्छा स्वास्थ्य दे। यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। यह आस्था, परंपरा और हिंदू संस्कृति का संगम है। समस्त विधानसभा वासियों की कल्याण की कामना करता हूँ।मौके पर मनीष यादव,नरेश यादव,राम अनुज पाण्डेय, धीरज कुमार, सुब्रतो बनर्जी,सौरभ तिवारी, सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे। कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मनातू आंगनबाड़ी सेविका चयन प्रणाली पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीते 29 जनवरी को मनातू गांव में आंगनबाड़ी सेविका चयन प्रणाली को लेकर हुवे ग्रामसभा पर उम्मीदवारों ने सवाल खड़ा किए हैं। आंगनबाड़ी सेविका पद के उम्मीदवार रहे नीलम देवी ने कहा कि सेविका चयन की प्रणाली समझ से परे है क्योंकि ग्रामसभा में पांच उम्मीदवार अपना अपना दावा प्रस्तुत किए व अपने शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजात प्रस्तुत किए पर ग्रामसभा में सेविका का चयन किस आधार पर किसका किया गया वह स्पष्ट नहीं हो पाया। ग्रामसभा होने कुछ दिनों बाद दावेदारों को यह सुनने में मिल रहा है कि सेविका चयन हो गया है। आखिर चयन प्रणाली में किस आधार पर मेरिट तय किया गया इसका जानकारी सार्वजनिक रूप से नहीं हो पाया। सेविका चयन प्रणाली पर मुखिया प्रतिनिधि लाल बिहारी गंझू पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि समेत अन्य ग्रामीणों ने सवाल उठाया है।

# वन विभाग ने जेलमा जंगल से जब्त किया सखुआ के 15-20 लकड़ी

**टकमदाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कटकमसांडी ।शहर से सटे जैलमा के समीप वन्य आश्रयणी में जंगल कटने की लगातार सूचना मिलने के बाद वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए 15-20 वृक्ष की लकड़ी जब्त कर बहिमर बीट लाई है। वनकर्मियों को देख लकड़ी तस्कर भाग गए। वनकर्मियों को ग्रामीणो ने बताया की जैलमा के ही गोविंद साव पिता बिशुन साव द्वारा वर्षो से सखुआ के पेड़ो को काटकर बेचा जा रहा है। इधर वनकर्मी अभिषेक कुमार लकड़ी तस्करों के पहचान मे जुटी है। बताया कि लकड़ी तस्करों के विरुद्ध शीघ्र ही आफेंस काटकर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# बरही सूर्य मंदिर में वार्षिक महायज्ञ महोत्सव को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

- **भगवान राम का जीवन हमें धर्म, मर्यादा और आदर्शों का पालन करना सिखाता है,जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शांति प्राप्त होती है : मनोज यादव**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरहीडीह के प्राचीन छठ घाट स्थित सूर्य मंदिर में वार्षिक महायज्ञ महोत्सव को लेकर शुक्रवार सुबह गाजे बाजे के साथ 351श्रद्धालु युवतियों के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव, विशिष्ठ अतिथि जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, अमित साहू आदि यज्ञ स्थल से मुख्य पुजारी में जीतू ठाकुर, पवन सिंह सुरेश राणा, अनुज सिंह, बासुदेव सिंह, संजय सिंह सह उनकी पत्नियां को कलश देकर यात्रा का रवाना किया गया।कलश यात्रा प्राचीन छठ घाट पहुंचे,जहां मुख्य यज्ञाचार्य रामचंद्र पांडेय, परमानंद पाण्डेय, कामेश्वर पाण्डेय, कृष्णा पाण्डेय,गौतम पाण्डेय, जीवलाल पाण्डेय, अजय पाण्डेय के द्वारा विधि विधान



के साथ कलश में जल भर गया। जिसके बाद बरहीडीह गांव सहित बरही चौक के चारों मार्गो में भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर कलश को स्थापित की गई। इस मौके पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि कलश यात्रा से सकारात्मक शक्तियों का वास होता है, शिक्षा और ज्ञान में वृद्धि होती है। इससे जीवन में धनङ्कवैभव, सुखङ्कशांति आती है, एवं नकारात्मक, चीजें दूर होती है। जिससे स्थानीय लोगों में जागरूकता पैदा होती है। वहीं मंदिर समिति समिति अध्यक्ष राज सिंह चौहान, सचिव राजवंशी सिंह व कोषाध्यक्ष ने बताया कि यज्ञ 9 दिनों तक चलेगा, और इसे वैदिक रीति रिवाज के अनुसार मुख्य अचार रामचंद्र पांडे और उनके सहयोगी ब्राह्मणों के नेतृत्व में संपन्न किया जाएगा। 17 फरवरी को अरणी स्थापना की जाएगी। 17 से 13 फरवरी को प्रतिदिन संध्या के समय भागवत कथा का आयोजन होगा। जिसे बनारस की सुप्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री राजनंदनी की प्रस्तुत करेंगी। 24 फरवरी को महायज्ञ की पूर्णाहुति, कन्या भोजन, भंडारा और कलश विसर्जन के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। कलश यात्रा में सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, सचिव राजवंशी सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सह सचिव उपाध्यक्ष राजकुमार केशरी, संरक्षक मुख्य शमशेर आलम, प्रमुख मनोज रजक, विजय सिंह, सीताराम सिंह, रामकृपाल राणा, कैलाशपति सिंह, रामचंद्र राणा, कृपाल राणा,मुकेश सिंह, उपेंद्र राणा, किशुन ठाकुर, भुवनेश्वर साव, उदय साव, राजेश पांडे, दिनेश प्रजापति, इंद्रदेव भुइयां, दशरथ रजक, विजय केशरी, रामाधीन गोस्वामी, प्रवीण सिंह, झरी यादव सहित भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

# शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के आवास पर पहुंचकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनके माता-पिता से मिलकर अपनी संवेदनाएं प्रकट



की और कहा कि शहीद पूरे देश के लिए सर्वोपरि है । आज सेना के जवान बॉर्डर पर है, तभी हम लोग अपने घरों में चैन की नींद सो पाते हैं। साथ ही साथ उन्होंने कहा की यह माता-पिता धन्य है जिन्होंने ऐसे शूरवीर को जन्म दिया जिन्होंने अपने देश के खातिर बलिदान दे दी और वीरगति को प्राप्त किया । इनके इस कृत्य के लिए पूरा देश इनका आभारी रहेगा और जिसे शब्दों से बयां कर पाना काफी मुश्किल है। हजारीबाग सिख समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष से आग्रह किया कि पैगोडा चौक का नामकरण कप्तान शाहिद करमजीत सिंह बक्शी के नाम पर किया जाए जिस पर पहल करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने तत्काल विभाग के सचिव और सरकार के संबंधित पदाधिकारी से बात की और इस पर संज्ञान लेते हुए उनसे आग्रह किया कि चौक का नामकरण जो है करमजीत सिंह बक्शी के नाम पर हर हालत में झारखंड सरकार करने का काम करेगी । इनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचू रामगढ़ विधायक ममता देवी, हिन्दू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योती मथारू प्रदेश से आए सतीश पाल मुंजनी, रियाजउद्दिन अंसारी, शांतनु मिश्रा, परमजीत सिंह, बलजीत सिंह बेदी ओबीसी के सुरजीत नागवाला, अशोक देव, अवधेश कुमार सिंह, विरेन्द्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, संजय गुप्ता, अनिल उपाध्याय, संजय तिवारी, डॉ.प्रकाश कुमार, रेणू कुमारी, मनीषा टोप्पो, ओमप्रकाश गोप, भैया असीम कुमार, परवेज अहमद, गुड्डु सिंह, कृष्णा किशोर प्रसाद, साजिद अली खान,रीतलाल मंडल, शारदा रंजन दुबे, धीरज सिंह, रंजीत यादव, दीपक गुप्ता, रविन्द्र प्रताप सिंह, राजीव कुमार मेहता, कजरु साव, गोवर्धन गंझू के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

# घर घर चला कानूनी जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग की ओर से बैनरतले 90 दिवसीय डोर टू डोर कार्यक्रम का आयोजन इचाक प्रखण्ड अंतर्गत डुमरौन, आदि गांवों मे किया गया। जिसका मॉनिटरिंग डी एल एस ए सचिव गौरव खुराना के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम मे पीश एलश वीश सुरेन्द्र कुमार मेहता एवम विशाल कुमार राणा के द्वारा लोगों को घरेलू हिंसा, डायन भूत प्रतिषेध अधिनियम,नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाले नुकसान,इत्यादि से संबंधित जानकारी दिया गया। इस दौरान लोगों को 15100 एवं 1930 से संबंधित जानकारी भी दिया गया।कार्यक्रम में लोगों को यह भी बताया गया कि आपसी छोटे छोटे विवादों मे डी एल एस ए के माध्यम से बातचीत कर विवाद को निपटाया जा सकता है। डी एल



एस ए एक ऐसी जगह है जहां त्वरित एवं निःशुल्क कार्य किया जाता है,जहां से प्रत्येक दिन दोनों पक्षों मे समन्वय बनाते हुए विवाद को समाप्त किया जा रहा है,तथा आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क अधिवक्ता भी उपलब्ध करवाया जाता है। समय समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत का आयोजन कर दोनों पक्षों के सहमति तथा लोक अदालत का लाभ देते हुए मुकदमे को समाप्त किया जा रहा है। साथ ही साथ लोगों जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया, तथा विशेष लोक अदालत से संबंधित जानकारी भी दिया गया।मौके पर कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

# प्रखंड स्तरीय रविदास महासभा कमेटी का किया गया विस्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के ग्राम शिवपुर गड़लाही में आयोजित रविदास महासभा कमेटी विस्तार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविदास महासभा के अध्यक्ष अर्जुन रविदास व संचालन राजकुमार रविदास ने किया, सभी ने सर्वसम्मति से कमेटी का विस्तार किया। जिसमें संरक्षक के रूप में डा.जयप्रकाश आंनद, सह संरक्षक विजय राम, उपाध्यक्ष मनोज राम, अशोक दास, उपसचिव रामकुमार दास, संजय रविदास, संगठन मंत्री सूरज दास, दिनेश दास,उप कोषाध्यक्ष पुरन राम, प्रवक्ता बम बम कुमार राम, संतोष रविदास, मीडिया प्रभारी अनिल कुमार, रविंद्र कुमार, विधि सलाहकार महेंद्र दास, कार्यालय प्रभारी अजय आनंद, महिला संगठन मंत्री कांति देवी अंजली देवी, संयोजक राजेंद्र राम, राजकुमार राम, मनोज कुमार,मुकेश कुमार, नारायण राम,साधु शरण, अजय रविदास, सहित सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं के साथ जिम्मेवारियां सौंपी गई। मौके पर रविदास महासभा के अध्यक्ष अर्जुन रविदास, सचिव संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार दास, पुरन राम, विनोद

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद से स्वर्ण पदक विजेता रेशमा कुमारी ने किया मुलाकात

**रजरप्पा(रामगढ़)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज रविवार को मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग योगेंद्र प्रसाद से 38 वें राष्ट्रीय खेल में लॉन बॉल प्रतिस्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर निवासी रेशमा कुमारी ने उनके मुरुबंदा स्थित आवास में मुलाकात की। इस दौरान मंत्री जी ने उन्हें स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने कहा कि रेशमा जी ने अपने हुनर और अद्भुत खेल प्रतिभा के बल पर क्षेत्र समेत पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि युवाओं को खेल के क्षेत्र से जुड़ने और बेहतर करने को प्रेरित करेगा। आने वाले सभी प्रतियोगिताओं में भी वे बेहतर प्रदर्शन जारी रखें और देश का नाम रोशन करें, ऐसी कामना है।



## भारतीय रिज़र्व बैंक के द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के कैथा स्थित केजीबीभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस में भारतीय रिज़र्व बैंक के द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि देश के केंद्रीय बैंक के रूप में देश की वित्तीय और मौद्रिक व्यवस्था को विनियमित करने के साथ साथ वित्तीय शिक्षण, वित्तीय समावेशन व वित्तीय जनजागरण के प्रसार जैसी बुनियादी जिम्मेदारियों के लिए भी प्रतिबद्ध है।भारतीय रिज़र्व बैंक, राँची कार्यालय ने बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे वर्ष भर के लिए कई नवोन्मेषी कार्यक्रमों और अभिनव पहलों की परिकल्पना की है। इसके अंतर्गत राँची कार्यालय ने राज्य के 90 विद्यालयों एवं महाविद्यालयो में वित्तीय शिक्षण व समावेशन संबंधित जागरूकता कार्यक्रम करने का निश्चय किया है, जिसमें विशेष योग्यता वाले बच्चों के स्कूल भी शामिल रहेंगे। इस अभियान की शुभारंभ दिनांक 20 अगस्त 2024 को जमशेदपुर जिला से हुआ।इसी क्रम में, भारतीय रिजर्व बैंक, राँची कार्यालय ने दिनांक 15 फरवरी 2025 को रामगढ़ स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, पतरातू स्थित ज्ञान ज्योति स्कूल तथा कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, राँची कार्यालय ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और छात्रों में वित्तीय साक्षरता के प्रसार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में डिजिटल बैंकिंग में सतर्कता और वित्तीय जन-जागरूकता के महत्व पर छात्रों को जागरूक किया। वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया, जिसके विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्राप्त हुए। भारतीय रिज़र्व बैंक, राँची कार्यालय द्वारा कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में दो कम्प्यूटर सिस्टम भी दान स्वरुप प्रदान किए गए। वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के साथ ही रिज़र्व बैंक, राँची द्वारा आरबीआईञ्च90 के विशेष अभियान हरा भरा सुंदर संसार के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधों का रोपण भी किया गया और वित्तीय जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधित संदेशयुक्त पटल लगाये गये ।



## श्री श्याम मंदिर में हजारीबाग से पैदल चलकर पहुंचे

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज श्री श्याम मंदिर नेहरू रोड में हजारीबाग से पैदल चलकर बाबा का निशान लेकर सुबह 6ञ्00 बजे यात्रा निकालीद्य यह यात्रा शाम को 7ञ्00 बजे बाबा श्याम के दरबार में पहुंची और बाबा को निशाना अर्पित कियाद्य यह दुर्लभ क्षण लोगों के लिए आनंददायक और भक्ति भावपूर्ण थे। कोलकाता से मनोज भालोठिया, ओमप्रकाश बजाज, कोलकाता तुलसी धाम से मनोज खेतान ,सुदेश खेतान अरुण अग्रवाल राजेश टिंबरेवाल, मनोज खेतान, सुदेश प्रधान,अरुण भालोटिया, प्रवेश आलोक? गोयनका सहित अनेक भक्त बाबा श्याम के दर्शन को आज पहुंचे। गायक संजय मित्तल के भी बाबा के दर्शन के खातिर पहुंचने की सूचना मिली। निशान लेकर आने वाले सभी भक्तों का अभिवादन कमेटी के अध्यक्ष सांवरमल अग्रवाल सचिव अनिल गोयल शिवकुमार अग्रवाल श्री श्याम सुंदर परशुरामपुरिया मुरारी लाल अग्रवाल सुरेश बगड़िया श्याम शर्मा मनोज बंसल मुन्ना अग्रवाल आनंद अग्रवाल राजेश पठारवा ओम प्रकाश अग्रवाल दिनेश पोद्दार कमल बगड़िया सहित अनेक श्याम भक्त उपस्थित थे और उनकी प्रसाद एवं विश्राम की व्यवस्था की गई। सभी को दुपट्टा उड़ा कर सम्मानित किया गया। रांची श्री श्याम मंदिर राम रांची गौशाला से प्रमोद सारस्वत एवं कृष्ण गोयल उपस्थितद्य



## संस्कार इंटरनेशनल स्कूल ने द्वारिका पैलेस में अपने वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संस्कार इंटरनेशनल स्कूल ने अपने वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन द्वारिका पैलेस में किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह, प्रोफेसर, रामगढ़ वुमेंस कॉलेज, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री संजय प्रभाकर, सचिव, डॉ. एस. राधाकृष्णन टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, तथा अन्य सम्मानित अतिथि श्री विकास करण एवं श्री जितेंद्र भागतीय उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा झूलों का आनंद लेने के साथ हुआ, जिसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शुरू हुईं। छात्रों ने एक के बाद एक शानदार नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण उल्लासमय हो गया। इसके अलावा, बच्चों द्वारा विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियां भी की गईं, जो सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गईं।मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह ने बच्चों की प्रतिभा देखकर उनकी भरपूर सराहना की और संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के उत्कृष्ट प्रबंधन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ÷बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार भी देना आवश्यक है।÷ स्कूल के निदेशक रितेश केसरी ने भी इस भव्य आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और घोषणा की कि अब स्कूल कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए भी पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा 1 से 5 के लिए विशेष सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं, ताकि बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा एवं आधुनिक संसाधन मिल सकें।कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। शिक्षकों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र, विजेताओं को मेडल और विशेष प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार दिए गए।इसके अलावा, केसरी ग्रुप के ऑनर श्री दीपक कुमार एवं नंदनी ग्रुप के ऑनर सुनील कुमार द्वारा भी बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में सोनम कुमारी, सुमन कुमारी, सिया गुप्ता, पायल पोद्दार, दिया दत्त, खुशी कुमारी, आकांक्षा कुमारी, शीतल यादव, सिमरन कुमारी, मुस्कान परवीन, नेहा रानी, दीपिका कुमारी, प्रिया मुखर्जी, शीतल कुमारी सहित कई छात्रों ने भाग लिया और अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम का सफल संचालन निशा केसरी द्वारा किया गया। संस्कार इंटरनेशनल स्कूल परिवार ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# कांग्रेस पार्टी का अरगड्डा में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन, सैकड़ो ने ली कांग्रेस पार्टी की सदस्यता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला काँग्रेस के तत्वावधान में रविवार को अरगड्डा सामुदायिक भवन में काँग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर अतिथि झारखंड काँग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, रामगढ़ विधायक ममता देवी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सबोधकांत सहाय, पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचू, गौ सेवा आयोग के चेयरमैन राजीव रंजन, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर आदि मौजूद थे। समारोह में आजसू रामगढ़ जिला के उपाध्यक्ष रहे रंधीर गुप्ता अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ काँग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत अन्य अतिथियों ने रंधीर गुप्ता समेत सैकड़ों समर्थकों का स्वागत माला पहनाकर किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि रंधीर गुप्ता के फिर से पार्टी में लौटने से रामगढ़ जिला में काँग्रेस काफी मजबुत होगी। उनके नेतृत्व में नए-नए युवक पार्टी से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार बेहतर काम कर रही है। समारोह में सुबोध कांत सहाय, प्रदीप बालमुचू, शहजादा अनवर, बजरंग महतो, सीपी संतन, राजीव रंजन, राकेश किरण महतो आदि ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत छऊ नृत्य के द्वारा किया गया। जबकि समरोह में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। समारोह की अध्यक्षता रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान व संचालन पंकज तिवारी ने की। मौके पर सतीश कुमार, भोगेंद्र साव, बलजीत सिंह बेदी, अरूण सिन्हा, मनोकामना सिंह, रियाज अंसारी, शमशुद खान, मंजु जोशी, सुषमा देवी, गरीबा भुइयां, गोपाल मुंडा, अनील चौधरी, राहुल सिंह, धीरेंद्र सिंह, उदित राज, हुसैना बानो, प्रकाश करमाली, राजू वर्मा, बलराम साहू, अनुप विश्वकर्मा, संतोष सिंह, महमुद, जनार्दन पाठक आदि समेत कई लोग मौजूद थे।





**इन लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता**

कार्यकर्ता मिलन समारोह में रणधीर गुप्ता, हसीबुल अंसारी, फिरोज खान, हुसैना बानो, अशोक कुमार, सदानंद, सुरेंद्र मुंडा, गोरे मुंडा, हुसैन खान, राहुल प्रसाद, सलीम अंसारी, राज, चांद, दशरथ समित, सोनी, अतुल, संजय, पिंकी, रजनी, शांति, दीना, शीला, रीना, ममता, भीम, कलीम, सुरेन्द्र, ज्ञान, सुरेश, रजनी, आदि समेत सैकड़ों लोग शामिल हैं।

# जेएलकेएम मजदूरों की समस्या/मांग को लेकर एक आवश्यक बैठक रखी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के मांडू प्रखंड अंतर्गत फूलसराय वार्ड नंबर 10 के उप स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में बिहार फाऊंडरी एंड कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत मजदूरों की समस्या/मांग को लेकर एक आवश्यक बैठक रखी गई। इस बैठक की अध्यक्षता पवन महतो तथा संचालन सत्येंद्र कुमार ने किया। इस बैठक में मजदूरों ने कहा की कारखाना में कार्यरत मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है । न्याय के लिए शिकायत करने पर उनका शोषण किया जाता है। गौतम पैरोलाइज में मजदूरों का काम की अवधि समाप्त होने के बाद ग्रेच्युटी एवं छुट्टी का पैसा भुगतान किया जाए। समान काम करने वाले मजदूरों का वेतन मजदूरी समान रूप से भुगतान किया जाए । कार्य की अवधि 8 घंटे से अतिरिक्त होने पर या 8 घंटे के बाद दूसरा काम करवाने पर दोगुना मजदूरी की राशि का भुगतान किया जाए। रविवार के दिन का भी मजदूरी का भुगतान किया जाए। कारखाना में मजदूरो को गुड, साबुन बंद कर दिया गया है, उसे तत्काल गुड, साबुन उपलब्ध कराया जाए। कारखाना में कार्य करने वाले सभी मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाए। गर्म एवं खतरे जगह में कार्य करने वाले मजदूरों को इसेंटिव बोनस दिया जाए। मजदूरों का कर्मचारी भविष्य निधि (श्व्क्क्न) की जो राशि कटौती की गई है । उसे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कार्यालय में जमा किया जाए । इस बैठक में मुख्यत रवि महतो, संतोष महतो, पनेश्व महतो,देवानंद महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कु महतो, पवन महतो,संजय महतो,अनिल महतो , कुलदीप महतो समेत पार्टी के केन्द्रीय, जिला, प्रखण्ड, पंचायत, व सक्रिय सदस्य, तथा बिहार फाऊंडरी में कार्यरत भारी संख्या में मजदूर के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।



## सयाल में शिवरात्रि पुजा धुमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल के प्राचीन शिव मंदिर में आगामी शिवरात्रि पुजा धुमधाम से मनाने को लेकर रविवार को मंदिर परिसर में बैठक कि गई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता पम्मी कुमार ने किया। वहीं इस बैठक में आगामी महाशिवरात्रि पुजा धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें प्राचीन शिव मंदिर में शिवरात्रि पर पुरे मंदिर को विद्युत लाइटिंग सजावट से सजाया जाएगा। वहीं शिवरात्रि के अगले दिन 27 फरवरी को भक्तों के बीच महाभंडारा किया जाएगा। वहीं इस बैठक में अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, संदीप कुमार,उदय मेहता, राकेश सिन्हा, मंदिर के पुजारी ब्रजेश पाठक, पिंटू राय, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, रामविलास यादव आदि लोग मौजूद थे।

## आरसीएमयू इंटक कार्यालय में पुर्व विधायक अंबा प्रसाद का केक काटकर मनाया गया जन्मदिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक क्षेत्रीय कार्यालय में रविवार को बड़कागांव कि पुर्व विधायक सह कांग्रेस पार्टी कि राष्ट्रीय सचिव सह पश्चिम बंगाल प्रभारी अंबा प्रसाद का जन्मदिन केट काटकर हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस दौरान पुर्व विधायक अंबा प्रसाद मौजूद रहीं। वहीं यह जन्मदिन आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में मनाया गया। वहीं अपने जन्मदिन पर पुर्व विधायक अंबा प्रसाद ने उपस्थित सभी लोगों को केक खिलाया। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने अंबा प्रसाद को जन्मदिन कि बधाई देते हुए कहा कि पुर्व विधायक अंबा प्रसाद हमेशा खुश रहे। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी का नाम और ऊंची शिखर तक ले जाए। बड़कागांव विधानसभा का नाम ऊंचा करती रही। इस दौरान क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने अंबा प्रसाद के जन्मदिन पर उनकी लंबी उम्र कि कामना किये। वहीं इस मौके पर क्षेत्रीय त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति सदस्य गणेश राम,रवि पावरीया, उपमुखिया सतीश कुमार, आशीष राम, शैलेश सिंह,दीपक यादव, रणजीत करमाली, गौतम प्रसाद, बिनोद प्रजापति,रतन पावरीया,मो सरफराज, अनिल कुमार,मोहन टुडू,डुबा उरांव, सुनील हेम्ब्रोम, राकेश यादव, पप्पू यादव, इंद्रजीत दुबे आदि लोग मौजूद थे।

# बिंझार में पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का किया गया स्वागत





- **प्रदेश की महागठबंधन सरकार राज्य के लोगों के हित में कर रही है कार्य :सुबोधकांत सहाय**
- **महागठबंधन सरकार का लक्ष्य प्रदेश का तीव्र गति से विकास करना : केशव महतो कमलेश**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा के नेतृत्व में रविवार को बिंझार में पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का उत्साह के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय ने कहा कि प्रदेश की महागठबंधन सरकार लगातार राज्य के लोगों के हित में कार्य कर रही है। कहा कि महागबंधन की सरकार लोगों से किये सभी वादों को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। महागठबंध की सरकार ने महिलाओं को मईयां सम्मान योजना के तहत 2500 रूपए महीना देने का वादा पूरा किया। किसानो के कर्ज माफी का कार्य किया। पंचायत स्तर पर ें जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निराकरण किया। सहाय ने कहा कि आनेवाले समय में महागठबंधन राज्य के लोगों के हित के लिए कई और कार्य करेगी। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य की महागठबंधन सरकार ने जनहित में जो कार्य किए हैं उससे महागठबंधन सरकार के प्रति राज्य के लोगों की विश्वसनीयता लगातार बढ़ रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि महागठबंधन की सरकार राज्य के गरीब, वंचित और पिछड़े वर्ग के लोगों के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। ताकि राज्य का समुचित विकास हो सके। कहा कि केंद्र सरकार राज्य का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ देने में आनाकानी कर रही है। कहा कि यदि केंद्र सरकार राज्य सरकार के बकाये राशि का भुगतान नही करेगी तो महागठबंधन के घटक दल इसको लेकर आंदोलन करेंगे।मौके पर इंटक के केंद्रीय सचिव सचिव केडी मिश्रा ,अध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष संतोष सिंह ,कौशल सिंह, समाजसेवी अरुण सिंह, नंदकिशोर बेदिया, परमदीप बक्शी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पतरातु थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरातु रेलवे फाटक के पास फ्लाई ओभर ब्रिज बनाने वाली कम्पनी एम जी सी पी एल के साईट पर दिनांक 10.12.2024 को अमन श्रीवास्तव गिरोह के द्वारा फायरिंग कराया गया था। उसके बाद उक्त कम्पनी के मैनेजर से लेवी लेने के लिए अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य लगातार फोन पर धमकी दे रहे थे। दिनांक 05.01.2025 को पतरातु थाना अंतर्गत एम जी सी पी एल कम्पनी के द्वारा बनाये जा रहा रेलवे फ्लाई ओभर ब्रिज के मैनेजर से लेवी लेने के संबंध में मिटिंग करने हेतू पत्तरातु थाना क्षेत्र अंतर्गत तालाटांड स्थित ऐलेक्सा रिसोर्ट में अमन श्रीवास्तव गिरोह के लोग गये थे। जिसमें 1. दीपक कुमार उम्र करीब 30 वर्ष पिता-स्व0 विजय शंकर राव सा0 स्टीम कॉलोनी, थाना पतरातु जिला-रामगढ़ वर्तमान पता सा0 रोचाप, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़, 2. शहादत अंसारी उम्र-करीब 28 वर्ष पिता-नुरहसन अंसारी, 3. एहसान अंसारी पिता-स्व0 गुलाम गवी दोनों सा0 रोचाप थाना-पतरातु जिला रामगढ़, को गिरफ्तार कर दिनांक 07.01.2025 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया तथा निरूद्ध बालक 4. गुलफान अंसारी पिता-मुस्लिम अंसारी सा0 रोचाप थाना-पतरातु जिला रामगढ़ को न्यायालय के आदेशानुसार संप्रेक्षण गृह हजारीबाग में दिनांक 07.01.2025 को सुपुर्द किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त दीपक कुमार एवं सहादत अंसारी के निशानदेही पर सुजुकी फोरोएनएक्स गाडी पंजीयन संख्या- JH01FH-8859 से एक देशी पिस्टल बरामद किया गया था जिस संबंध में पतरातु थाना कांड सं0-02/2025 दिनांक 06.01.2025 धारा 111 (4) (b) /111(4)/61 बी0एन0एस0 एवं 25 (6) 26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज हैं। उक्त कांड के फिरार अभियुक्त असरफ अंसारी उम्र 39 वर्ष, पिता स्व0 ईशाक मियां सा0 रोचाप थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़ गिरफ्तारी के डर से फिरार था जिसे पकडने के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा फिरार अभियुक्त असरफ अंसारी उम्र 39 वर्ष, पिता स्व0 ईशाक मियां सा0 रोचाप थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़ को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी / कर्मी पवन कुमार, अनमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु , सत्येन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक, पतरातु अंचल पु0अ0नि0 शिवलाल गुप्ता, थाना प्रभारी, पतरातु पु0अ0नि0 शिवा कच्छप पतरातु थाना पतरातु थाना के सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

# ऑल इंडिया साक्षरता प्रेरक संघ और पंचायत प्रेरक संघ का संयुक्त बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** रविवार को पंचायत सचिवालय रतनपुर गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय कैम्पस में ऑल इंडिया साक्षरता प्रेरक संघ और पंचायत प्रेरक संघ का संयुक्त बैठक मो हकीमुद्दीन अंसारी जिला अध्यक्ष ऑल इंडिया साक्षरता प्रेरक संघ का अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सदस्य गोविंदपुर प्रेरक मनोज महतो ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष ने अपनी बातों को रखते हुऐ कहा कि 31 मार्च 2018 को साक्षर भारत कार्यक्रम को स्थगित झारखंड और केंद्र सरकार ने करने के बाद धनबाद जिला का लगभग 1200 प्रेरक को बेरोजगार कर दिया। इसी प्रकार पूरे झारखंड का 12000 हजार प्रेरक बेरोजगार हो गया है। जबकि प्रेरकों का बकाया मानदेय भी भुगतान नहीं किया गया है। मानदेय का पत्र झारखंड सरकार ने विधान सभा पूर्व ही सभी जिलों का भेज दिया है परन्तु आज तक भुगतान नहीं किया गया। प्रशासन और सासन दोनो ही प्रेरकों का दुख दर्द को समझ नही रहे है। जबकि लगभग प्रेरक ने अपनी आधा से ज्यादा उम्र को साक्षरता मिशन एवन कार्यक्रम में गंवा दिया है। अब दर दर का ठोकर खा रहे है। ये साक्षरता प्रेरक ने राज्य एवं केन्द्र सरकार कि तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफलता पूर्वक उतारने का काम किया। जैसे पल्स पोलियों, मलेरिया, कुष्ठ उन्मूलन, लाल कार्ड बनाना एवन वितरण, शिक्षको का हड़ताल अवधी में विद्यालय में बच्चों को पठान पठान करना,स्कूल चलो अभियान, परा शिक्षक चयन सहिया चयन जैसी अनेकों कार्यक्रमों में हमारे प्रेरक भाई बहनों ने ईमानदारी से अपना अपना कामों को अंजाम दिया। लेकिन प्रेरक का आवाज को सुनने वाला कोई सरकार नही है। प्रेरक एक बार अपना हक़ और अधिकार के लिए हमेशा से तत्पर है। गूंगी बहरी सरकार अगर हम प्रेरको का बकाया मानदेय का भुगतान और प्रेरकों को समायोजन नहीं करती है तो प्रेरक सड़क से ले कर सदन तक आंदोलन करने के लिए कमर कस ली है। बैठक में मुख्य रूप से मनोज महतो, एबादुल रहमान, निमाई गोप, नरेंद्र महतो, अनीता मंडल, अलीमुद्दीन अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, शाहिद अंसारी, शिव चरण महतो, राजू रजक, अलाउद्दीन अंसारी, अताऊल अंसारी, आदि ने भाग लिया।

# मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में 73 यूनिट रक्त संग्रह, रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता




**धनबाद :** नया बाजार स्थित शिव मंदिर मध्य विद्यालय में स्व शाहबाज सिद्दीकी मेमोरियल ब्लड डोनर्स संस्था एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 73 लोगों ने अपना रक्तदान किया जिसमें महिलाएं भी शामिल रहीं। रक्तदाताओं के मनोबल को बढ़ाने हेतु आयोजकों ने सभी को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। वहीं संग्रहित रक्त को एस.जे.ए.एस हॉस्पिटल के ब्लड बैंक को दिया गया जिससे कई मरीजों की जान बचाई जा सकेगी। शिविर को फातिमा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी का भी सहयोग प्राप्त हुआ। मौके पर मानव अधिकार प्रोटेक्शन झारखंड प्रदेश के महासचिव मुख्तार अहमद एवं धनबाद जिला के सचिव हाजी जमीर आरिफ एवं साथी फाउंडेशन के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम ने भी रक्तदान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्व शाहबाज सिद्दीकी मेमोरियल ब्लड डोनर्स संस्था के संस्थापक मो इरशाद आलम एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद, ब्लड डोनेशन प्रोग्राम की नोडल ऑफिसर बेनज़ीर परवीन ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सदर अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ मासूम आलम, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद के संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, कौशलेंद्र कुमार सिंह, कुमार मधुरेंद्र सिंह, कांग्रेस नेत्री बिल्किस खानम, वरिष्ठ पत्रकार असदुर रहमान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में इरफान आलम, जोहर सिद्दीकी, आसिफ खान, मुसर्रफ अली, अनिक खान, सोएब रहमान, नय्यर आलम, सम्मी खान, नदीम खान, तमन्ना खान, अल्तमश आलम, जमशेद आलम, अली अशरफ, अकील आलम, शाहनवाज आलम, गुलाम अनवर आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## झिंझिपहाड़ी पंचायत भवन में ट्यूबर क्लोसिस अवेयरनेस पर कार्यक्रम



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्रीय चिकित्सालय कतरास के द्वारा झिंझिपहाड़ी पंचायत भवन में ट्यूबर क्लोसिस अवेयरनेस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के एजीएम यूके सिंह, मुखिया प्रेमलता कुमारी ने फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। तत्पश्चात देश एवं झारखंड के शहीदों को नमन करते हुए उन पर माल्यार्पण किया गया। क्षेत्रीय चिकित्सालय कतरास के सीएमओ डॉ आशा कुमारी ने ट्यूबर क्लोसिस के संबंध में जानकारी देते हुए इस रोग से बचने के उपाय ग्रामीणों को बताया। दवा का वितरण के साथ ही ब्लड शुगर की जांच, ब्लड प्रेशर की जांच एवं सामान्य मरीज के लिए विटामिन की गोली का वितरण किया। मौके पर कार्मिक प्रबंधक एसके राणा, सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ प्रीतम कुमार, डॉ अमरेश कुमार, फार्मासिस्ट दीपक कुमार, राजीव तिवारी, शैलेंद्र चंद्र दास, कार्तिक महतो, कंचन महतो, नरेंद्र महतो, गणेश महतो, शोभा देवी, बिशु महतो, किशोर महतो, साधन महतो, प्रभाकर महतो, नंदलाल राणा आदि थे।

## ईसीएल मुगमा क्षेत्र का भविष्य अंधकार में, छह छह महीने पर चार जीएम बदले गए



**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के विकास के प्रति वरीय अधिकारियों की सोच सकारात्मक नही दिखती है। दिन प्रतिदिन मुगमा क्षेत्र का उत्पादन कम होता जा रहा है। यह कहना है राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी का। श्री गोस्वामी ने बताया कि वर्ष 2020 में विभास चन्द सिंह ने कार्यभार संभाला था तो स्थिति अच्छी नही थी। उन्होंने अपनी कर्तब्यनिष्ठा व कुशल नेतृत्व के बल पर मुगमा क्षेत्र को बेहतर करने का प्रयास किया और सफल भी हुए। उत्पादन के साथ डिस्पैच भी बढ़ा। दो साल के बाद 2022 को वे यहीं से सेवानिवृत्त हो गए। इसके बाद जो भी जीएम की पदस्थापना हुई किसी ने भी अपना टेनियोर पूरा नही किया। छह माह के अंदर या तो सेवानिवृत्त हो गये या स्थानांतरित हो गए। महाप्रबंधक बी सी सिंह के सेवानिवृत्ति होने के बाद डी के नायक ने पदभार सम्भाल, वे छह माह बाद सेवा निवृत्त हो गए। उसके बाद मि आनन्द आये, वे एक साल एक महीना ही सेवा दे पाए और उन्हें स्थानांतरित कर दिया गया। उसके बाद जीएम के पद पर एस के चौधरी की पिछले वर्ष अगस्त में पदस्थापित हुये। छह माह बाद जनवरी 25 में उनका भी स्थानांतरण कर दिया गया। जब श्री चौधरी आये थे उस समय मुगमा क्षेत्र का उत्पादन मात्र तीन हजार टन कोयला का उत्पादन था। उन्होंने कुशल नेतृत्व देकर छह माह में 15 हजार टन उत्पादन कर दिया था। मुगमा के विकास के लिये उनके पास विजन था। जैसा कि चर्चा है कि राजनीतिक वर्चस्व में एस के चौधरी का स्थानांतरण हो गया। श्री चौधरी के जाने के बाद जीएम के पद पर ओ पी चौबे का पदस्थापना हुआ है। दोनों ही अधिकारी एक ही बैच के अधिकारी है। दोनों की नौकरी मात्र एक साल है। जीएम श्री चौबे के सामने भी अनेक समस्याएं हैं जिनमे मुख्य है उत्पादन को बढ़ाना, और कोयला चोरी की रोकथाम। अब देखना है कि श्री चौबे अपना एक साल का कार्यकाल पूरा करते हैं अथवा इनका भी स्थानांतरण हो जाएगा।गोस्वामी ने कहा कि छह माह में अधिकारी क्या कर लेंगे ? उन्हें तो समझने में ही समय बीत जाएगा फिर ट्रांसफर। ईसीएल के वरीय पदाधिकारियों की मुगमा क्षेत्र के प्रति इतनी नाराजगी क्यों ? जिस अधिकारी की नौकरी छह माह या एक साल है उनकी पदस्थापना क्यों। क्या इससे मुगमा क्षेत्र का विकास सम्भव है? अधिकारियों की इस सोच से लगता है कि मुगमा क्षेत्र को अपने किस्मत पर आंसु बहाने के अलावा आने वाले दिनों में कुछ भी नही बचेगा।

## बीसीसीएल संस्थागत क्रिकेट टूर्नामेंट ट्रॉफी शुरू

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीसीसीएल संस्थागत क्रिकेट टूर्नामेंट ट्रॉफी की शुरुआत रविवार को जेलगोड़ा स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया। उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता व एसडीएम राजेश कुमार मौजूद थे। टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला नौ मार्च को खेला जाएगा। इस दौरान बीसीसीएल निदेशक व्यक्तिगत व टीम के कप्तान मुरली कुमार का शादी की सालगिरह केक काट कर मनाया गया। रविवार को दो मुकाबला खेला गया। पहले मुकाबला बीसीसीएल ने जिला प्रसाशन को 86 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बीसीसीएल ने 20 ओवर में सात विकेट खो कर 179 रन बनाए। रौशन कुमार ने 51 व पूरन कुमार ने 48 रन की पारी खेली। जिला प्रसाशन की ओर से पिंटू ने तीन व दीपक ने एक विकेट लिया। जिला प्रसाशन मात्र 93 रन बना कर ऑलआउट हो गई। कामदेव ने 33 व पवन ने 22 रनों की पारी खेली। बीसीसीएल के मुकेश ने चार ओवर में 13 रन देकर चार विकेट झटके। मुकेश कुमार को मैन ऑफ मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सेल को 22 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आईएमए ने 20 ओवर में 2 विकेट खो कर 162 रन बनाए। आमिर ने 64 व डॉ राकेश ने 48 रनों की पारी खेली। सेल की ओर से विश्वास व एजाज ने एक-एक विजेट लिए। दूसरी पारी में सेल ने सात विकेट खो कर 140 रन बना पाई। टीम के आशीष ने 27 रनों की पारी खेली। आईएमए के नीतीश ने तीन विकेट झटके। इस मुकाबले का को मैन ऑफ दी मैच आमिर परवेज़ को चुना गया। धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार ने प्लेयर ऑफ दी मैच का अवॉर्ड अमीर परवेज को दिया।

# जामाडोब में हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**झरिया :** जामाडोबा कोऑपरेटिव कॉलोनी के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में ए एस जी हॉस्पिटल एवं कोऑपरेटिव कलोनी दुर्गा मंदिर कमेटी के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 110 मरीजों की जांच की गई। जांच के दौरान ब्लड प्रेशर, सुगर, मोतियाबिंद जैसी बीमारियों की भी जांच की गई। काफी संख्या में दूर दूर से लोग अपनी आखों की समस्या को लेकर दिखाने पहुचे। डॉक्टर संजय रजक डॉक्टर एस के भद्रा ने सभी मरीजों की जांच की। लगभग 20 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बुलाया गया। शिविर का उद्घाटन कोऑपरेटिव कॉलोनी दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष अनुराग सिंह (गुड्डू) ने किया। कोऑपरेटिव कलोनी दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष अनुराग सिंह ने कहा की गरीब एवं आसहय लोगो के लिए इस तरह का शिविर लगाने की ज़रूत है ताकि लोगो को निःशुल्क इलाज हो सके। अनुराग सिंह ने कहा की आर्थिक रूप से कमज़ोर लोग पैसे के कारण जाँच नहीं करा पाते है। शिविर के माध्यम से निःशुल्क जाँच की गई। दुर्गा मंदिर कमेटी आगे भी इस तरह का निःशुल्क शिविर लगाते रहेगी। डॉक्टर संजय रजक ने कहा की निःशुल्क शिविर में काफी संखिया में लोग पहुचे। महिला की संख्या अधिक थी। ए एस जी हॉस्पिटल जगह जगह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाते रहती है। गरीब एवं आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगो को इसका लाभ मिलता है। पैसे के कारण लोग जाँच नहीं करा पाते जिसके कारण लोगो की आँख की रौशनी चली जाती है। मोके पर मुख रूप से उपस्थित हिमांशू देव, विजय चौधरी, संजीव कुमार, मनोज पंडित आदि मौजूद थे।

# आउटसोर्सिंग कंपनी के मैनेजर को धमकी मामले में सांसद ढुल्लू महतो कोर्ट से बरी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजिनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर मुकेश चंदानी को धमकी देने एवं रंगदारी मांगने के मामले में धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। शनिवार को एमपी एमएलए कोर्ट की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। कोर्ट में सांसद ढुल्लू महतो सशरीर हाजिर थे। ढुल्लू महतो के खिलाफ ओरिएंटल स्ट्रक्चर इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट की शिकायत पर धनबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

**अभियोजन पक्ष आरोप प्रमाणित नहीं कर सका**

प्राथमिकी के अनुसार 14 जून 2018 को ढुल्लू महतो सुबह 11ः00 बजे उनके साइट मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन में बुलाया और कहा कि उनके खिलाफ शिकायत की गई है। इस दौरान उनके साथ गलत भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी गई। पुलिस ने अनुसंधान के बाद ढुल्लू महतो के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। कोर्ट ने उनके खिलाफ आरोप गठित कर केस का विचारण शुरू किया। केस के विचारण के दौरान अभियोजन ने पांच गवाहों का मुख्य परीक्षण कराया था। कोर्ट में अभियोजन पक्ष आरोपी ढुल्लू महतो के खिलाफ आरोप प्रमाणित करने में सफल नहीं हो सका।

## सीबीएसई स्कूल के प्राचार्यो की इन हाउस ट्रेनिंग




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सहोदया स्कूल कॉम्पलेक्स, धनबाद चैप्टर के द्वारा अपने सभी प्राचार्य सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन डॉक्टर सरिता सिन्हा प्राचार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाइस चेयरमैन मदन कुमार सिंह प्राचार्य द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी, वाइस चेयरमैन प्रमोद कुमार प्राचार्य बर्ड्स गार्डन स्कूल, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार साव प्राचार्य स्वामी विवेकानंद स्कूल, सचिव हेमंत कुमार, प्राचार्य आई एस एल झरिया एवं शारदा महाजन डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर, धनबाद के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला क्वालिटी मैनेजमेंट पर हुआ। क्वालिटी मैनेजमेंट पर रिसोर्स पर्सन सूरज शर्मा प्राचार्य, चिन्मया विद्यालय बोकारो सह सिटी कोऑर्डिनेटर बोकारो ने लगभग 5 घंटे की ट्रेनिंग के दौरान विद्यालय में हर विभाग के मैनेजमेंट की गुणवत्ता को सुधारने से संबंधित बातों को विस्तार से बताया ताकि विद्यालय सुचारू रूप से चल सके एवं बच्चों अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच सही समन्वय स्थापित हो सके। स्मार्ट वर्क के द्वारा क्वालिटी मैनेजमेंट पर ध्यान दिया जा सकता है। ट्रेनिंग में धनबाद पब्लिक स्कूल, डीएवी कोयला नगर, डीएवी अलकुसा, डीएवी डिगवाडीह, किड्स गार्डन झरिया, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर श्यामडीह समेत 32 विद्यालयों के प्राचार्य मौजूद थे।

# नो एंट्री में घुसे तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को कुचला, हुई मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** रविवार की सुबह धनबाद में एक बड़ी सड़क दुर्घटना ने नो एंट्री इंतजाम की पोल-पट्टी खोलकर रख दी। तेज रफ़्तार ट्रक ने एक महिला की जान ले ली। साथ में चल रही बेटी भी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराइ गई है। यह दुर्घटना हुई है रांगाटांड श्रमिक चौक पर। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। श्रमिक चौक पर रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक महिला और उसकी बेटी को बुरी तरह से रौंद दिया। महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बेटी बुरी तरह से घायल हो गई।बेटी को गंभीर हालत में धनबाद के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार की सुबह लगभग 7 बजे महिला अपनी बेटी के साथ धनबाद रेलवे स्टेशन की तरफ जाने के लिए सड़क क्रॉस कर रही थी। तभी पूजा टॉकीज की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने महिला और उसकी बच्ची को चपेट में ले लिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई और बेटी घायल हो गई।सूचना पाकर पुलिस पहुंची, घायल बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और महिला की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है ट्रक पर पुराना बाजार की एक कंपनी का माल लदा था और ट्रक वही जा रहा था। घटना के बाद ट्रक का चालक फरार हो गया है। इस दुर्घटना ने ट्रैफिक व्यवस्था की भी पोल खोल दी है। जिस समय यह दुर्घटना हुई, उस समय नो एंट्री रहती है। तो फिर यह तेज रफ्तार ट्रक इस इलाके में कैसे घुसा, यह एक सवाल बनकर सामने आया है। मृत महिला सिंदरी की रहने वाली बताई जा रही है। महिला सड़क पार कर कहां जाना चाह रही थी, इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है।

# विवेकानंद सोसाइटी की वार्षिक चित्रांकन प्रतियोगिता का मूल्यांकन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**झरिया :** विवेकानंद सोसाइटी की वार्षिक चित्रांकन प्रतियोगिता का मूल्यांकन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रेलवे इंस्टीट्यूट भागा स्थित प्रांगण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में शामिल वर्ग एलकेजी से वर्ग दो तक की ग्रुप ए की प्रतिभागियों में प्रथम स्थान शमीरा शर्मा ने हासिल किया। जबकि दूसरा स्थान आराध्या नंदिनी व तीसरा स्थान रोनी सेन को मिला। तीसरी कक्षा से पांचवी कक्षा के ग्रुप बी में पहला स्थान अनाया यादव, दूसरा स्थान अरुही कुमारी एवं तीसरा स्थान सुफ़ैना परवीन का रहा। इसी तरह कक्षा छह से आठ तक कि ग्रुप सी में पहला कोमल कुमारी, दूसरा राज नंदिनी तथा तीसरा सतीश कुमार शर्मा के नाम रहा। कक्षा नौंवी से बारहवीं की ग्रुप डी का पहला पुरस्कार मनीष कुमार शर्मा को मिला जबकि दूसरा मसनून फातिमा तथा तीसरा अमन कुमार दास के नाम रहा। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले बच्चों को भी प्रसस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। जिसमें रोहित कुमार, अंकित राज, ज्योत्सना, सोनी गुप्ता, अजय कुमार यादव, शिव कुमार, अर्जुन कुमार सिंह, सुप्रिया कुमारी, आकाश कुमार, सौरव कुमार, आर्यन कुमार, मुकेश कुमार, अंशु कुमार, अंजली कुमारी, कोमल कुमारी, नंदिनी गिरी, प्रियांशु कुमार, डिंपल कुमारी, आनंद कुमार, आदित्य कुमार, मनीषा कुमारी व पीयूष कुमार का नाम शामिल है। पुरस्कार वितरण संस्था के चेयरमैन सिद्धार्थ बंदोपाध्याय, विशिष्ट अतिथि अजित त्रिपाठी, किशोर कुमार, वीरेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, चंद्रशेखर,अनुज कुमार व विजय विश्वकर्मा के हाथों हुआ। प्रतियोगिता के मूल्यांकन टीम में आर्ट टीचर ऋषिका गुप्ता, अमित मोदी व अकबर अंसारी शामिल थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सोसाइटी के एम पी कुणाल, नानटु मुखर्जी, शुभाशीष रॉय के साथ निर्जला कुमारी, पूजा कुमारी, पायल कुमारी, निशा वर्मा, कोमल कुमारी, आनंद कुमार दास, शिव कुमार विश्वकर्मा, रौशन कुमार गुप्ता एवं श्रवण लाल यादव का योगदान अहम रहा।

# धनबाद जिला शिक्षक महासंघ के महासचिव सेवानिवृत हुए



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शिक्षक नंदकिशोर सिंह यादव का स्वागत रविवार को उनके आवास पर सभी शिक्षकों और ओबीसी एसी एसटी एवं माइनॉरिटी के जिला महासचिव गोपाल यादव ने किया। श्री यादव ने अपने जीवन काल के 19 साल जिला स्कूल प्राथमिक विद्यालय में योगदान दिए बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ ज्ञान का दीप जलाएं। अंत समय में मध्य विद्यालय दुर्गा मंदिर धनबाद से सेवानिवृत हुए। गोपाल यादव ने कहा उनका जीवन खुशियों से भरा रहे जो उनका मनोकामना हो पूर्ण हो और हम लोगों को मार्गदर्शन देते रहे। हम लोगों का शुभकामनाएं उनके साथ है। इस अवसर पर गोपाल यादव,उमेश कुमार यादव,श्रीकांत यादव, राजेश कुमार यादव, पंकज यादव,अशोक वर्मा,डॉ. बी.एन. सिंह यादव, मनन यादव, सुदीस्ट कुमार, सतीश कुमार यादव, जयप्रकाश यादव, सुरेश कुमार चौधरी, सुनील यादव, रमाशंकर सिंह कुशवाहा, राजीव कुमार, राम सेजर यादव, संध्या कुमारी, रामकृष्ण यादव, रामसागर यादव, पीयूष कुमार यादव उपस्थित थे।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 42 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर हुये लाभान्वित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 140 वॉ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ. कुमुद अग्रवाल, सहसचिव संजय चौधरी व अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 42 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया,एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे ख़र्च में ही कराई जाती है, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की शरीर स्वस्थ्य रहने पर ही हम कोई कार्य अच्छे से कर सकते हैं ईश्वर ने हम सभी को मानव जीवन प्रदान किये हैं, इसे बीमारियों से बचाएं व्यर्थ जाने ना दे, इसके लिए आपको समय-समय पर अपने स्वास्थ्य संबंधित चेकअप कराते रहना चाहिए जिससे की बीमारियों का कोई भी लक्षण रहने पर उक्त बीमारी का इलाज किया जा सके। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ संबंधित बीमारियों की जानकारी नहीं रहने से वह बीमारी बढ़ जाती है जिससे कि आगे जाकर काफी कष्ट दायक बन जाती है यहाँ चेकअप कराने के बाद कई लोगों को अपने बहुत से बीमारियों की जानकारी प्राप्त हुई और उक्त बीमारी का इलाज करा कर स्वस्थ हो रहे है। सहसचिव संजय चौधरी, अनामिका भारती व राजीव यादव ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। आज शिविर में-जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, प्रवीण कुमार, सुधांशु प्रकाश, पूनम देवी, शीला देवी, गोपाल राम वर्मा, अंकित कुमार, गोपाल प्रसाद, वीरेंद्र कुमार, रामदेव भारती, रामचंद्र गिरी, रुपेश चौधरी, प्रभु दयाल साहू, तारा भंडारी, सुरेंद्र प्रसाद साहू, बीना देवी, रमेश प्रसाद, सच्चिदानंद अग्रवाल आदि थे।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स कैरो प्रखंड समिति गठन कर किया गया विस्तार, अध्यक्ष रवि कोषाध्यक्ष बने बजरंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स का विस्तार 16 फरवरी को किया गया। ज्ञात हो कि 25 जनवरी को कैरो प्रखण्ड के व्यवसायियों की एक बैठक सह वनभोज कार्यक्रम नंदनी जलाशय में आयोजित हुई थी। इसमें मुख्य रूप से चैंबर ऑफ कॉमर्स के लोहरदगा जिलाध्यक्ष रितेश कुमार के साथ अन्य कार्यसमिति सदस्य भी मौजूद थे। इस मौके व्यवसायिक संगठन के हित पर चर्चा व विचार विमर्श किया गया। इसके उपरांत आपसी सहमति से जिलाध्यक्ष रितेश कुमार ने कैरो प्रखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स का अध्यक्ष रवि प्रजापति और कोषाध्यक्ष बजरंग प्रसाद को मनोनीत किया। इसके साथ ही जिलाध्यक्ष रितेश कुमार के निर्देश पर अध्यक्ष रवि प्रजापति ने समिति का विस्तार किया है। इसमें उपाध्यक्ष संजय महतो, सचिव पप्पू गुप्ता, सह सचिव बाबूलाल उरांव, सह कोषाध्यक्ष कृष्णा साहू, सूचना मंत्री ललेश पांडेय को नियुक्त किया। इसके अलावा कार्यसमिति सदस्य के रूप अशोक सोनी, संजय साहु, रंजीत कुमार, जितेंद्र कुमार, प्रमोद सिंह, संजय पांडेय, गौतम साहू, रिंकू प्रसाद, कृष्णा उरांव, रवि रजक बनाए गए।

## जगुआर बटालियन द्वारा शहीद की पत्नी को किया गया सम्मानित



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जवानों की शहादत जाया नही हो और उस याद को कायम रखने की दिशा में पहल करते हुए समय समय पर शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता है। और उनके परिजनों को विभाग की ओर से सम्मानित किया जाता है। उसी क्रम में रविवार को जगुआर बटालियन के द्वारा सेन्हा थाना परिसर में शहीद अजय कुजूर की धर्मपत्नी को सम्मानित किया गया। सम्मानित कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगुआर बटालियन से शशिकांत सिंह व सेन्हा थाना के एएसआई गोवर्धन तुरी मौजूद थे। जगुआर के शशिकांत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जून 2018 को लातेहार जिले के बूढ़ा पहाड़ में उग्रवादियों से मुठभेड़ के दौरान आरक्षी अजय कुजूर शहीद हो गये थे। जिनकी वीरता को याद करते हुए राज्य व देश के प्रति प्राण निछावर करने वाले जवानों को याद करते हुए। उनके परिजनों को सम्मानित किया जा रहा है। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के वीर शपुत शहीद अजय कुजूर की पत्नी सरिता कुजूर को ऑडी पदाधिकारी की मौजूदगी में जगुआर बटालियन की ओर से पुष्पगुच्छ देकर,शॉल ओढा कर तथा डिनर सेट देकर सम्मानित किया गया। जगुआर बटालियन के कमांडेंट ने कहा कि देश समाज के लिए शहीद होने का सौभाग्य सभी को नही मिलता है। आज हम सबों को गर्व है कि अजय कुजूर राज्य व देश के लिए अपने जीवन का बलिदान दे कर इस क्षेत्र के गांव घर और परिवार समाज के लिए मिशाल कायम किया है। आज हर युवाओं को देश समाज की सेवा में अजय कुजूर से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। साथ ही शाहिद आरक्षी के धर्मपत्नी सरिता कुजूर से बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं अन्य बिंदुओं के बारे में भी जायजा लिया गया और समस्या का निदान करवाने की दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया गया। मौके पर जगुआर बटालियन के शशिकांत सिंह, एएसआई गोवर्धन तुरी, शहीद अजय कुजूर की धर्मपत्नी सरिता कुजूर समेत अन्य मौजूद थे।

### सांसद सुखदेव भगत ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

## आज 17 फरवरी को भव्य रूप से मनाया जायेगा वीर बुधू भगत जयंती समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लरका आंदोलन के प्रणेता अमर शहीद वीर बुधू भगत की जयंती समारोह आज 17 फरवरी को मैंना बगीचा लोहरदगा में भव्य रूप से मनाया जाएगा। जयंती के अवसर पर जतरा एवं विकास मेला का भी आयोजन किया गया है। लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद सुखदेव भगत आज कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारी का जायजा लिए और आयोजन समिति को कार्यक्रम स्थल को बेहतर ढंग से सजाने संवारने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सांसद कार्यक्रम के हर पहलू पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। कल का कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। कल का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। हजारों की संख्या में लोग खोड़हा दल के साथ शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुबे के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह, सांसद सुखदेव भगत, बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह, लोहरदगा प्रशासनिक पदाधिकारीगण, पुलिस पदाधिकारी गण पाहन पुजार सहित सभी समाज के अगुवा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। मौके पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू, मनोज भगत मनोज सोन तिर्की, रवि रोशन बेक, सोनू कुरैशी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### सी एन टी चंद्रवंशी क्षत्रिय समाज के लिए कलंक है : निश्चय वर्मा

## चुनाव में सबकी भागीदारी सुनिश्चित होंगी तभी मजबूती होगा : राजकुमार वर्मा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा लोहरदगा के आम चुनाव की स्क्रुटनी प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमें सभी उम्मीदवारों के दस्तावेज सही पाए गए इसके उपरांत सभी उम्मीदवारों को उनका चुनाव चिन्ह और क्रम संख्या दिया गया जिसमें अध्यक्ष पद हेतु उम्मीदवार राजेंद्र राम वर्मा को चुनाव चिन्ह (ढाल तलवार)तथा विकास कुमार वर्मा को चुनाव चिन्ह (गदा) दिया गया, वही महासचिव पद निमित्त उम्मीदवार में अभिषेक कुमार वर्मा (गुंजन) को चुनाव चिन्ह (नगाड़ा) तो प्रदीप नारायण सिंह (दीपू) को चुनाव चिन्ह (अंगूठी) प्रदान किया गया है वहीं कोषाध्यक्ष पद हेतु अमित कुमार वर्मा को चुनाव चिन्ह(शंख)तो श्याम सुंदर वर्मा को चुनाव चिन्ह (घड़ी) प्रदान किया गया है। इस अवसर पर चुनाव पर्यवेक्षक राजकुमार वर्मा, निश्चय वर्मा, संजय वर्मा, शशि वर्मा ने कहा की विगत 2 मार्च को चंद्रवंशी क्षत्रिय समाज का चुनाव होगा उन्होंने सभी चंद्रवंशी समाज के 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को मतदान में भाग लेने का आह्वान भी किया है ताकि आज तक चंद्रवंशी समाज को निचले पायदान में रखा जाता रहा था आपसी फुट को समाप्त किया जायेगा और निष्पक्ष चुनाव सम्पादित किया जायेगा। चंद्रवंशी क्षत्रिय समाज महाभारत काल से लेकर आज तक सिर्फ दूसरों की लड़ाई लड़ता रहा है अब अपने लिए लड़ने का वक्त आ गया है इसलिए सभी चंद्रवंशी समाज सभी मतभेद भूल कर चुनाव में भाग लें ताकि चुनाव के बाद अध्यक्ष महासचिव कोषाध्यक्ष निर्भीक होकर समाज देश हीत में कार्य कर सकेंगे। उन्होंने कहा की इसके पूर्व में समाज द्वारा कुरीतियों को समाप्त करने सी एन टी पर पुरजोर आंदोलन करने की आवाज़ उठाने की बात कही है की सी एन टी आज चंद्रवंशी समाज के लिए कलंक है झारखण्ड सरकार आदिवासियों को जो सी एन टी में अधिकार और लाभ दिया है उसे चंद्रवंशी क्षत्रिय समाज को भी प्रदान करे अन्यथा सी एन टी से चंद्रवंशी को हटा दिया जाय अन्यथा सड़क से सांसद विधानसभा तक लड़ाई होंगी। इस अवसर पर राजकुमार वर्मा ने कहा की चुनाव में व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोप से बचना चाहिए और भविष्य की योजनाओं के साथ चुनाव लड़ना चाहिए ताकि समाज की मजबूती बनी रहे।

## शर्मसार हुई मां की ममता, नौकाडीह के नतनी तालाब के किनारे प्लास्टिक से लिपटा मिला नवजात का शव




**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के डुमरीकला पंचायत अंतर्गत नौकडीह गांव से शनिवार करीब 2 बजे एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जहां नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत नौकाडीह गांव के नतनी तालाब के किनारे गाय चरा रहे चरवाहों को प्लास्टिक से लिपटा एक नवजात शिशु का शव पड़ा मिला वहीं इसकी खबर ग्रामीणों को दी गई। खबर सुनकर स्थानीय लोगों का भीड़ जमा हो गई। इसके साथ ही इस मामले को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा करने लगे। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि नवजात शिशु का शव कैसे कलयुगी मां ने तलाब किनारे फेंक दिया है। लेकिन ऐसा कयास भी लगाया जा रहा है कि किसी और अविवाहित महिला ने अपनी इज्जत आबरू को छुपाने के लिए ऐसी शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम दिया होगा। खबर लिखे जाने तक नवजात शिशु का शव वही पड़ा था।

## झारखण्ड अधिविध परीक्षा केंद्रों पर बीडीओ ने किया जांच, दिया कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** झारखंड अधिविध परीक्षा परिषद, रांची के द्वारा आयोजित परीक्षा केंद्र पर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने प्रखंड मुख्यालय स्थित तीन परिक्षा केंद्रों पर शनिवार को औचक निरीक्षण किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा एसएस प्लस टू विद्यालय सिमरिया, सिमरिया इंटर कॉलेज सिमरिया, किसान उच्च विद्यालय डाड़ी परिक्षा केंद्र मे सीसीटीवी, कंट्रोल रूम की जांच की गई। बीडीओ ने केंद्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारियों सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। सुभाष चौक सिमरिया में निर्माणाधीन स्मारक, बाउंड्री वॉल, एवं सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया गया। बीडीओ के दवारा उपस्थित कनिय अभियंता को गुणवत्तायुक्त कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमरिया, कनीय अभियंता 15 वे वित उपस्थित थे।

## विधायक से मिले तहरीक-ए-अमन सोसायटी के पदाधिकारीगण, वस्तु स्थिति से कराया अवगत

### विधायक ने कहा प्रोग्राम में हमारा प्रयास होगा कि शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहीद शेख भिखारी की शान में आगामी 25 से 27 फरवरी तक तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के बैनर तले धुर्वा मोड़ के समीप आयोजित होने वाली मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को सफल बनाने में सोसायटी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण पूरी तरह से जुट गए हैं। इसी के तहत पूर्व मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव से परिसदन भवन में सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल उपाध्यक्ष साकिर अंसारी जियाउल अंसारी सह सचिव रेयाज अंसारी अकबर अंसारी कोषाध्यक्ष मुस्तफा अंसारी समेत अन्य कार्यकर्ता मिलकर प्रोग्राम में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाने हेतु अनुरोध किया। इसपर विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में धुर्वा मोड़ पर मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को ऐतिहासिक बनाने में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाने का प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीद शेख भिखारी देश के महान क्रांतिकारी थे और उन्होंने अपनी जान को कुर्बान कर हम सभी को आजादी दिलाई है,उनकी शान में ऐसे आयोजन किया जाना निश्चित रूप से काफी अच्छी सोच और सराहनीय कार्य है। विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि प्रोग्राम ऐसा हो कि सदियों तक मिसाल बना रहे। उन्होंने कहा कि प्रोग्राम में हमारा प्रयास रहेगा कि हर संभव सकारात्मक पहल हो सके। विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि प्रोग्राम में आपसी भाईचारा और अनेकता में एकता को बढ़ावा देने हेतु तहरीक-ए-अमन सोसायटी के सभी जिम्मेवार कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों का शत-प्रतिशत निर्वहन कर दिखाएंगे। इस बीच विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को आश्वस्त कराते हुए सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रोग्राम में तमाम विंदुओं पर विशेष रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जाएगा। सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार के खास सहयोग से प्रोग्राम को सफल एवं एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिखाया जाएगा। इस बीच विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को सोसायटी के पदाधिकारियों ने प्रोग्राम के बारे में पूरी वस्तु स्थिति से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि प्रोग्राम में मुम्बई के मशहूर कव्वाल रईस अनीश साबरी और मेवत महाराष्ट्र के सलमान अली के बीच शानदार महामुकाबला कव्वाली पेश किया जाएगा। मौके पर अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लोहरदगा एलआईसी अभिकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

## एलआईसी एजेंट के तौर पर आपका शानदार कैरियर : अनंत भूषण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जीवन बीमा लोहरदगा के अभिकर्ताओं का बैठक लोहरदगा में हुई। इस बैठक मे मुख्य अतिथि जमशेदपुर डिवीजन एल आई सी के एस डी एम अनंत भूषण रथ, मैनेजर सेल्स जमशेदपुर डिवीजन अभिजीत भटाचार्य, सीएलआई ए प्रबंधक पवन भेंगरा, लोहरदगा एस ओ के प्रबंधक ए दुर्गा प्रसाद दोरा,अधिकारी शत्रुघ्न वर्णवाल मुख्य रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम की शुभारंभ की। इस मौके पर अतिथियो का स्वागत बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर किया गया। इस मौके पर अतिथियो एवं अभिकर्ताओ के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर जमशेदपुर डिवीजन के एस डी एम अनंत भूषण रथ ने अभिकर्ताओं को भारतीय जीवन बीमा की विभिन्न पॉलिसियों की जानकारी देते हुए उन्हें इस वर्ष में लक्ष्य पूरा करने की अपील की। साथ ही अभिकर्ताओं को प्रोमोशन व कमीशन के विषय मे विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि एलआईसी एजेंट के तौर पर आपको एक शानदार कैरियर मिलता है। अगर आप अपने तय समय के हिसाब से काम करना चाहते हैं और खुद अपने बॉस बनना चाहते हैं आपके पास भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी के साथ जुड़ने का मौका मिला है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज के समय मे रोटी, कपड़ा, मकान के बाद आज चौथी आवश्यकता इन्सुरेंस है। उन्होंने अभिकर्ताओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने को कहा। इस मौके पर उन्होंने अभिकर्ताओं का सभी बातों को सुना और उनका बातों पर अमल करने की बात कही। इस मौके पर मैनेजर सेल्स जमशेदपुर डिवीजन के अभिजीत भटाचार्य ने भारतीय जीवन बीमा निगम के विभिन्न पॉलिसियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर सीएलआई ए प्रबंधक ने कहा कि एजेंट के तौर पर आपकी इनकम की कोई सीमा नहीं है आप जितना ज्यादा काम कर सकते हैं आपकी इनकम उसी अनुपात में बढ़ती जाती है।उन्होंने कहा कि लीडरशिप का विकाश करना चाहिए। आपलोग अनंदा एप से भी पॉलिसी कीजिये। इस मौके पर उन्होंने बिभिन्न पॉलिसियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

### कव्वाली सह मेला स्थल का सोसायटी के पदाधिकारियों ने लिया जायजा, कहा

## तहरीक-ए-अमन सोसायटी द्वारा आयोजित यह प्रोग्राम पूरे भारतवर्ष में इतिहास रचेगी

### मेला स्थल पर बच्चों और महिलाओं को लुभावन हेतु ब्रेक डांस, मौत कुआं, इलेक्ट्रॉनिक झूला रहेगा मुख्य केंद्र-बिंदु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**किस्को-लोहरदगा :** तहरीक-ए-अमन सोसायटी द्वारा आयोजित शहीद शेख भिखारी की शान में मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम की तैयारियां पूरी तरह से अंतिम पड़ाव पर आ पहुंचा है। इधर कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने हेतु तहरीक-ए-अमन सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल कोषाध्यक्ष मुस्तफा अंसारी समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्तागण पूरी तरह से अपनी जिम्मेदारियों को लेकर मुस्तैद दिखाई दे रहे हैं। इसी निमित रविवार को सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल व तमाम पदाधिकारी कव्वाली सह मेला स्थल का निरीक्षण कर बारीकी से पूरी वस्तु स्थिति से अवगत हुए और कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श कर जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन करने की बात कही। यहां पर कव्वाली स्थल पर मैदान को जेसीबी मशीन से समतलीकरण कार्य को पूरा कराया गया, जिससे श्रोताओं और दूर-दराज से प्रोग्राम का लूत्फ उठाने हेतु आने वाले आगंतुकों को किसी तरह की कोई परेशानी महसूस ना हो इसके लिए आयोजन समिति के पदाधिकारीगण हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को धरातल पर उतारकर श्रोताओं के हित में पूरा कराने में जुटे हुए हैं। इस बीच तहरीक-ए-अमन सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि शहीद शेख भिखारी की शान में आगामी 25 की रात महामुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम में देश के नामचीन मशहूर कव्वाल रईस अनीश साबरी और मेवत महाराष्ट्र के सलमान अली अपनी लाजवाब प्रस्तुति देंगे। सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रोग्राम को ऐतिहासिक और भव्य आयोजन कराए जाने हेतु खास तौर पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार का मुख्य योगदान है। एक शाम शहीदों के नाम पर तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में शहीद शेख भिखारी की शान में धुर्वा मोड़ मैदान में मेला प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। वहीं धुर्वा मोड़ से पाखर जाने वाली मुख्य पथ के बगल में कव्वाली प्रोग्राम हेतु तैयारियां की जा रही है। यहां पर बता दें कि धुर्वा मोड़ मैदान में लगने वाली मेला को लेकर अभी से ही रंग-बिरंगे झूले और बच्चों व महिलाओं को लुभावन हेतु ब्रेक डांस व मौत कुआं की साज-सज्जा जोरों से किया जा रहा है। उक्त प्रोग्राम में बड़ी संख्या में लोगों के आगमन होने की संभावना बनी हुई है। इसे लेकर तहरीक-ए-अमन सोसायटी के सभी पदाधिकारी तैयारियों की पल-पल मानिटरिंग कर रहे हैं और स्थल का प्रतिदिन निरीक्षण कर जायजा भी ले रहे हैं, ताकि कमियों को दूर करने में मदद मिल सके। कव्वाली सह मेला प्रोग्राम स्थल का मुआयना करने पहुंचे सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल उपाध्यक्ष साकिर अंसारी जियाउल अंसारी सह सचिव रेयाज अंसारी अकबर अंसारी, मीडिया प्रभारी हुसैन अंसारी, नेहाल अहमद, अब्दुल हन्नान अंसारी, सकीम अंसारी, मोबिन अंसारी, अमीरूल्लाह अंसारी, मनौव्वर आलम, परवेज अंसारी, सेराज अंसारी उर्फ राजू, तनवीर अंसारी छोटे, सलीमुद्दीन अंसारी, मोहम्मद जबीउल्लाह, नसीम अंसारी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### विदेश भेजने के नाम पर ठगे 13.74 लाख रूपये

**जींद :** शहर थाना पुलिस ने तीन युवकों को विदेश भेजने के नाम पर 13 लाख 74 हजार रुपये की राशि ठगने पर दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। लोको कालोनी निवासी पवन कुमार, गांव अमरहेड़ी निवासी अर्जुन, चंद्रलोक कालोनी निवासी मुकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे तीनों बेरोजगार हैं। उनका संपर्क दया बस्ती निवासी प्रवीण तथा अमरहेड़ी निवासी दीपक से हुआ। प्रवीण ने बताया कि वह युवकों का विदेश भेजने का कार्य करत हं। उन्होंने पटियाला चौक पर अपना कार्यालय भी खोला हुआ है। वहीं पर दीपक से बातचीत हुई। दोनों ने बताया कि उन्हें वर्क वीजा पर साउथ कोरिया भेज देंगे। वहां पर लाखों में कमाई होगी। जिसकी एवज में प्रत्येक से साढ़े तीन लाख रुपये की मांग की गई। उन्होंने अपने दस्तावेज तैयार कर आरोपितों को दे दिए। तीनों पीड़ित आरोपितों को 12 सितंबर 2024 तक 13 लाख 74 हजार रुपये दे चुके थे। जिसके बाद आरोपित उन्हें थाईलैंड ले गए। जहां पर आरोपितों ने उनके पासपोर्ट, वीजा अपने कब्जे में ले लिए और ब्लैकमेल करना शुरु कर दिया। काफी दिनों तक थाईलैंड रखने के बाद उन्हें साउथ कोरिया भेजने की बजाय वापस देश भेज दिया। शुरु में आरोपित उन्हें रुपये लौटाने की बता कहते रहे। बाद में रुपये लौटाने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। शहर थाना पुलिस ने तीनों युवकों की शिकायत पर आरोपित प्रवीण तथा दीपक के खिलाफ धोखाधड़ी इमीग्रेशन एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### गाजियाबाद में निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक की शटरिंग गिरने से आठ मजदूर घायल

**गाजियाबाद :** मुरादनगर क्षेत्र स्थित उखलारसी कॉलोनी में शमशान घाट परिसर में रविवार को निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक (पानी) की टंकी की शटरिंग गिर गयी। इसमें छह से अधिक मजदूर दबकर घायल हो गए। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब 14 मजदूर काम कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत कार्य शुरू किया और घायल मजदूरों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। मौके पर नगर पालिका जल निगम व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं। घायल मजदूरों में बरेली निवासी विनोद, सत्येंद्र, वीरेश, बदायूं के राहुल, दिनेशं, रिंकू, आदेश, शाहजहापुंर निवासी, सूरजपाल हैं। उन्होंने बताया कि उखलारसी कॉलोनी में श्मशान घाट परिसर जल निगम द्वारा एक ओवरहेड टैंक बनाया जा रहा है। टैंक के निर्माण को लेकर शटरिंग लगाई गई है। रविवार की सुबह निर्माणाधीन पानी की टंकी की शटरिंग गिरने से मलबे में कुछ लोग दब गए। सूचना पर थाना मुरादनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू आपरेशन चलाया। यहां पर कार्यरत कुल 14 मजदूरों में से घायल सभी 08 मजदूरों को निकालकर सीएचसी अस्पताल भेजा, जहां डाक्टरों ने उन्हें संजय नगर अस्पताल रेफर कर दिया। डाक्टर ने एक व्यक्ति की हेड इंजरी होने की वजह से गंभीर हालत बताई है। बाकी सब खतरे से बाहर हैं। मौके पर जानकारी मिली है कि ये निर्माणाधीन टंकी जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनायी जा रही थी। इसके बारे में और भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# अब छोटे व्यापारी भी मालगाड़ी से भेज सकेंगे अपना सामान

एजेंसी

**जयपुर :** रेलवे ने छोटे एवं मझौले व्यापारियों के हित में मालगाड़ी से सामान भेजने की अपनी नीतियों में बदलाव किए हैं। कम मात्रा एवं वजन का सामान अभी तक व्यापारी रेलवे के पार्सल वैन के द्वारा ही भेज सकते थे। मालगाड़ी डिब्बो से भेजने के लिए पूरी गाड़ी को किराए पर लेना होता था।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार रेलवे बोर्ड ने माल लदान की अपनी नीति में बदलाव किए हैं। अब सीमेंट, कोयला, खाद्यान्नों इत्यादि बड़े मदों के साथ-साथ अन्य सामान जैसे



दवाइयां,दुग्ध उत्पाद, मसाले, कपड़े, बिजली के उपकरण इत्यादि छोटे मद भी बीसीएन ( बोगी कवर्ड वैगन) मालगाड़ी में लदान कर परिवहन किए जा सकेंगे। इससे छोटे व्यापारियों को लाभ होगा एवं रेलवे को राजस्व प्राप्ति के लिए नया स्रोत मिलेगा। इसके लिए परिवहन किए जाने वाले सामानों की सूची निर्धारित की गई है। इन मदों का माल भाड़ा मालगाड़ी मे भी पार्सल वैन की तरह पार्सल दरों पर ही निर्धारित किया गया है। व्यापारी को एक वैगन मे कम से कम न्यूनतम वजन 14 टन या वास्तविक वजन का शुल्क लिया जायेगा। इस तरह बुक किए गए सामानों में मालगाड़ी के डिब्बो की संख्या भी 42 के स्थान पर न्यूनतम संख्या भी 30 निर्धारित की गई है। साथ ही साधारण मालगाड़ी में भी जगह होने पर इस तरह के सामान लदे हुए वैगन जोड़े जा सकेंगे।

रेलवे बोर्ड ने यह आदेश 1 वर्ष के लिए जारी किए हैं तथा इसकी समीक्षा कर इसे आगे भी जारी रखा जायेगा।

## भारत से कब उड़ेगा बांग्लादेशियों रोहिंग्याओं के लिए विमान : शिवसेना

एजेंसी

**जम्मू :** शिवसेना (यूबीटी) जम्मू-कश्मीर ने अमेरिका द्वारा अवैध प्रवासी भारतीयों की वापसी पर अपमानजनक तरीके व व्यवहार को दोहराए जाने की कड़ी आलोचना करते हुए इसके साथ ही अवैध बांग्लादेशियों, रोहिंग्या मुस्लिमों को देश से बाहर करने के लिए तत्काल प्रभाव से कड़े कदम उठाने की मांग की है।

पार्टी प्रदेश मध्यवर्ती कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में पार्टी प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी ने अमेरिका द्वारा अवैध प्रवासी भारतीयों को हटाने को लेकर अपमानजनक व्यवहार के सिलसिले को जारी रखने की कड़ी आलोचना की है। गत दिवस 116 भारतीयों जिनमें- जम्मू-कश्मीर निवासी भी शामिल थे को एक बार फिर सैन्य विमान व बेड़ियों में देश वापिस भेजा गया जो बेहद निंदनीय है।

साहनी ने केन्द्र की मोदी सरकार से अपमान पर कड़ा संज्ञान लेते हुए अमेरिकी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज करने के साथ अपमानजनक व्यवहार को बंद करने की मांग की है। हालांकि इस बार महिलाओं व बच्चों को बेड़ियों से मुक्त से मुक्त रखा गया था।

साहनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से देश में डेरा डाले बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना, पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर समेत जम्मू-कश्मीर तथा देशभर में अवैध बांग्लादेशियों, रोहिंग्या मुस्लिमों को देश से बाहर निकालने के लिए तत्काल प्रभाव से कड़े कदम उठाने की मांग की है।

## रोहनिया में तेज रफ्तार बस 8 फीट गहरे गड्ढे में पलटी, 12 से अधिक यात्री घायल

एजेंसी

**वाराणसी:** रोहनिया थाना क्षेत्र के गंगापुर सुईचक उसरा स्थित राजभर बस्ती के सामने रविवार को एक तेज रफ्तार श्रद्धालुओं से भरी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 8 फीट गहरे गड्ढे में पलट गयी। हादसे में 12 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुन कर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी देकर राहत कार्य में जुट गए। तब तक पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने सभी घायलों को बस की खिड़की तोड़कर बाहर निकाला। इसके बाद सभी को एंबुलेंस से मंडलीय कबीरचौरा अस्पताल भिजवाया।



बस प्रयागराज से 40 श्रद्धालुओं को लेकर वाराणसी लौट रही थी। चालक नींद की झपकी लगने पर बस से नियंत्रण हो बैठा और बस पलट गई।

पुलिस अफसरों के अनुसार घायलों में चौरल इंदौर मध्य प्रदेश निवासी लक्ष्मी नारायण चौहान(40 ), लोकेश पवार उम्र 35 वर्ष, नेहा व्यास उम्र 32 वर्ष, सुख वृष्टि न्यू टाउन कोलकाता निवासी रणदीप ओझा उम्र 40 वर्ष को कबीर चौरा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया । वहीं पश्चिम बंगाल निवासिनी पूजा चक्रवर्ती को आराजी लाइन सीएचसी में इलाज के लिए भेजा गया। अन्य यात्रियों को हल्की-फुल्की चोट लगी। वे प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से घर के लिए रवाना हो गए।

## इमरान प्रतापगढ़ी ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की राज्य कार्यकारणी को किया भंग

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। ज्ञात रहे कांग्रेस के तेजतर्रार नेता इमरान प्रतापगढ़ी राज्यसभा सांसद होने के साथ साथ कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं और इमरान प्रतापगढ़ी की कयादत में अल्पसंख्यक विभाग ने बहुत तेज़ी से नई ऊंचाइयों को छुआ है और सारे देश में अल्पसंख्यक विभाग का जनाधार बहुत तेजी से बढ़ा है कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के मीडिया प्रभारी अदनान अशरफ ने बताया कि राष्ट्रीय चेयरमैन इमरान



प्रतापगढ़ी ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारणी को भंग कर दिया है और उनके इस आदेश से प्रदेश,ज़िला और शहर कार्यकारिणी भी भंग हो गई हैं। ज्ञात रहे सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने उत्तर प्रदेश प्रभारी रूबी खान से कहा है कि जल्द से जल्द नई कार्यकारिणी का गठन किया जाए और सक्रिय कार्यकर्ताओं,महिलाओं,युवाओं को नई कमेटी में स्थान दिया जाए जिससे उत्तर प्रदेश में भी विभाग को मजबूती प्रदान की जा सके।

# उत्तराखंड बजट सत्र की तैयारियां तेज, ई-नेवा के तहत पहली बार होगा संचालन

एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र पहली बार नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (ई-नेवा) के तहत संचालित होने जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शनिवार को अधिकारियों संग बैठक कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी सदस्यों की टेक्नोलॉजी सहायता के लिए दो इंजीनियरों को सत्र अवधि में विधानसभा भवन में नियुक्त करने का निर्देश दिए हैं। इंटरनेट सेवा में सुधार के लिए विधानसभा सचिवालय को निर्देश दिए गए कि नेटवर्क की बैंडविड्थ स्पीड बड़ाई जाए और इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधियों सत्र के दौरान विधानसभा भवन में मौजूद रहें। साथ ही, पूरे विधानसभा परिसर में वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध



कराने के निर्देश दिए गए। विधानसभा अध्यक्ष ने बजट सत्र की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर शासन, पुलिस और विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की चूक न हो।

विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सत्र के दौरान प्रवेश पत्र के बिना विधानसभा परिसर में वाहन लाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अतिरिक्त, विधायकों की संस्तुति पर एक आगंतुक को और मंत्रियों की संस्तुति पर दो आगंतुकों को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूल बसों या अन्य किसी भी साधन से परीक्षा केंद्रों को जा रहे परीक्षार्थियों और एम्बुलेंस की आवाजाही में किसी भी प्रकार के व्यवधान उत्पन्न न करने के निर्देश दिए हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने जानकारी दी कि सत्र की पूरी कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग और वेबकास्टिंग सूचना एवं लोक संपर्क विभाग तथा इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एंड डेवलपमेंट एजेंसी (आ.ई.टी.डी.ए.) द्वारा की जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विधानसभा की कार्यवाही जनता तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंच रही है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग को भी आवश्यक चिकित्सा दल, दवाइयां और एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके साथ ही, निर्बाध विद्युत आपूर्ति,, स्वच्छ पेयजल और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली, डीएम देहरादून सविन बंसल, एसई यूपीसीएल वीके सिंह, वीएस डोगरा जल संस्थान, एडीजी ऐपी अंशुमान, आईजी सिक्योरिटी के. एस नग्याल, एसएसपी देहरादून अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### सोनीपत मोस्ट वांटेड इनामी समेत कई अपराधी गिरफ्तार

**सोनीपत :** सोनीपत जिले में पुलिस द्वारा नाइट डोमिनेशन अभियान चलाकर पांच हजार रुपए के इनामी मोस्ट वांटेड अपराधी, नशा तस्कर, उद्घोषित अपराधी, जुआरी एवं सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 1464 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 11 वाहनों के चालान किए गए और 6 वाहन जब्त किए गए। पुलिस आयुक्त नाज़नीन भसीन के निर्देशन में जिले की 90 प्रतिशत पुलिस फोर्स ने इस अभियान में भाग लिया। जिले में 58 नाका पॉइंट लगाकर दोपहिया, चारपहिया, हल्के व भारी वाहनों की गहन जांच की गई। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने पीसीआर, राइडर और पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया। पुलिस उपायुक्त (क्राइम) नरेंद्र कादयान ने बताया कि यह अभियान अपराधियों में भय पैदा करने और सुरक्षा को पुख्ता करने के उद्देश्य से चलाया गया।

## जबरन धर्म परिवर्तन करवाने का मामला : तमिलनाडु, पुडुचेरी गोवा से आये धर्मप्रचारकों को पुलिस ने लिया हिरासत में

एजेंसी

**बीकानेर :** मुक्ता प्रसाद थाना क्षेत्र में जबरन धर्म परिवर्तन करवाने का मामला सामने आया है। सूचना पर हिन्दु संगठन के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुलाया। पुलिस ने संबंधित घर पर दबिश देकर कुछ महिलाओं सहित कई जनों को पूछताछ के लिये दस्तयाब किया है। जिनसे पूछताछ कर हकीकत का पता लगाया जा रहा है। जानकारी मिली है कि बंगलानगर क्षेत्र स्थित एक घर में प्रार्थना सभा के नाम पर चल रहे आयोजन को धर्म परिवर्तन की कोशिश बताते हुए हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध किया। आयोजकों ने दरवाजा नहीं खोला तो धकेला गया। इस दौरान झड़प भी हुई। बताया जा रहा है कि थाने लाये गये लोगों में तमिलनाडु, पुडुचेरी, गोवा से आये धर्मप्रचारक शामिल है। यहां लाये गये लोगों में दो फौजी भी बताये जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि



जिस घर में यह गतिविधि चल रही थी, वह किराए पर लिया गया था। यहां पुरुष, महिलाएं और बच्चे मौजूद थे। जिनमें से कुछ असाध्य रोगों से पीड़ित थे। मौके पर यीशु की प्रार्थना हो रही थी, जिसे लेकर विश्व हिंदू परिषद और हिंदू जागरण मंच के नेताओं ने आपत्ति जताई। सीओ सदर श्रवणदास संत मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां काफी समय से बाहरी लोगों का आना-जाना था। आरोप है कि कुछ लोगों को 20-25 हजार रुपये देने का लालच देकर बुलाया गया था, जबकि कुछ के पास वापस जाने तक के पैसे नहीं थे। पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक दस्तावेज और अन्य सामग्री जब्त कर ली है। धर्मांतरण के आरोप वाले इस कैंप में बीकानेर में अंत्योदय नगर, बंगलानगर, इंद्रा कॉलोनी, मुक्ता प्रसाद कॉलोनी, उदासर आदि इलाकों के गरीब और ज्यादातर दलित समुदाय के लोग हैं।

## नेपाल संसद में उठी मांग-हिंदू राष्ट्र खत्म करने के लिए अमेरिकी फंडिंग की जांच कराई जाए



एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल को संवैधानिक हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म करके धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित करने के पीछे अमेरिकी फंडिंग की जांच करने की मांग राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के सांसद ने रविवार को सदन के भीतर की है। नेपाल को हिन्दू राष्ट्र खत्म करने और धर्मांतरण के लिए 100 मिलियन डॉलर की अमेरिकी फंडिंग होने का दावा किया गया है। प्रतिनिधि सभा में रविवार को शून्य समय में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के सांसद धवल शमशेर राणा ने नेपाल के संवैधानिक हिंदू राष्ट्र के दर्जे को समाप्त कर धर्मनिरपेक्ष देश घोषित करने और धर्मांतरण के लिए अब तक 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने इस मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठन करने की मांग की है। सांसद राणा ने कहा कि अमेरिकी फंडिंग का पैसा किस-किस नेता को मिला, इसकी सच्चाई देश और दुनिया के सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेपाल में हुए जनांदोलन में कभी भी हिन्दू राष्ट्र को समाप्त करके धर्मनिरपेक्ष देश घोषित करने की मांग नहीं उठी थी।सांसद राणा ने यह भी कहा कि देश में राजतंत्र की समाप्ति के बाद कुछ प्रमुख दलों के दर्जन भर नेताओं ने अंतरिम संविधान की घोषणा की थी, जिसमें नेपाल को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित कर दिया गया था। सांसद राणा ने सरकार से इसकी न्यायिक जांच कराकर दोषियों को सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नेपाल की पहचान विश्व के एकमात्र हिंदू राष्ट्र के रूप रही है। इसलिए धर्मनिरपेक्षता को खारिज करके फिर से हिंदू राष्ट्र की घोषणा संसद से किए जाने की मांग भी की है।

### अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लेने इंडोनेशिया पहुंचे भारतीय नौसेना के जहाज और विमान

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस शार्दुल और लंबी दूरी की समुद्री निगरानी पी-8आई विमान इस समय अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू (आईएफआर) में हिस्सा लेने के लिए इंडोनेशिया के बाली पहुंच गए हैं। प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय नौसैनिक कार्यक्रम की समीक्षा इंडोनेशिया के राष्ट्रपति करेंगे और इसमें विभिन्न देशों के नौसेना बल भाग लेंगे। इंडोनेशियाई नौसेना का अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू 22 फरवरी तक चलेगा। भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा संगोष्ठी और सामरिक फ़्लोर गेम्स सहित विभिन्न उच्च-स्तरीय कार्यक्रमों में भी भाग लेगी। इसके अतिरिक्त चालक दल बहुराष्ट्रीय गतिविधियों जैसे- शहर परेड, मूंगा और मैंग्रोव पौधरोपण, समुद्र तट की सफाई में भी शामिल होगा, जो पर्यावरण संरक्षण और समुद्री सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# महाकुम्भः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतों से किया संवाद

एजेंसी

**महाकुम्भ नगरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को प्रयागराज स्थित महाकुम्भ नगर पहुंचे, यहां उन्होंने विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और साधु-संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने यहां जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी से भेंट कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके बाद वे सदाफल आश्रम स्थित स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट पहुंचे, जहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने संत समाज के साथ संवाद कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और संतों ने योगी सरकार की तैयारियों की सराहना की। मुख्यमंत्री सेक्टर 21 में प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल हुए। यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने मुख्यमंत्री का स्वागत



किया। इसके बाद वे सेक्टर 18 स्थित प्रभु प्रेमी संघ अंबाला शिविर पहुंचे, जहां संतों का सानिध्य प्राप्त किया। महाकुम्भ 2025 का यह आयोजन 144 वर्षों के पुण्य संयोग में हो रहा है, जिसमें अब तक करीब 52 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। दिव्य और भव्य महाकुम्भ की सराहना न केवल देशभर के श्रद्धालु कर रहे हैं बल्कि विदेशी पर्यटक भी इसकी भव्यता से प्रभावित हुए बिना नहीं रह पा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं और साधु-संतों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए हर प्रयास किए हैं। उन्होंने संत समाज और श्रद्धालुओं को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी धार्मिक आयोजनों को इसी भव्यता और दिव्यता के साथ संपन्न किया जाएगा।

### योगी ने संतों व संस्थाओं से की अपील, श्रद्धालुओं के लिए जारी रखें भंडारा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ प्रयागराज में आ रहे सभी श्रद्धालुओं से यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ आस्था का महापर्व है, जिसमें पूरे देश और दुनिया के लोग भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। ऐसे में सभी का सकारात्मक सहयोग इस आयोजन की सफलता को कई गुना बढ़ा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों, आश्रमों और विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की कि वे भंडारे और प्रसाद वितरण की पवित्र व्यवस्था को अनवरत जारी रखें, ताकि सभी श्रद्धालु इसका लाभ उठा सकें।